RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 214
नई दिल्ली, शनिवार, 10 जून, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




खिताब जीतने के लिए भारत को खेलना होगा बेखौफ क्रिकेट
स्पोर्ट्स-12


www.dailypioneer.com


# मणिपुर में फिर हिंसा, तीन की मौत

## सीबीआई ने राज्य में उपद्रव के छह बड़े मामले किए दर्ज, जांच के लिए एसआईटी का गठन किया

● डीआईजी रैंक का अधिकारी करेगा विशेष जांच दल की अगुवाई

**पीएनएस/एजेंसी।** इंफाल/नई दिल्ली

**मणिपुर** के इंफाल वेस्ट जिले के एक गांव में शुक्रवार को सुरक्षाकर्मियों के भेष में आए उग्रवादियों ने तीन लोगों को तलाशी अभियान के बहाने उनके घर से बाहर बुलाया और उनपर गोली चला दी, जिससे उनकी मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि कांगपोकी और इंफाल वेस्ट जिलों की सीमा पर स्थित एक गांव में यह घटना घटी। उन्होंने कहा कि उग्रवादी मेइती समुदाय के माने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि गांव की नियमित गश्त पर निकले सुरक्षा बल गोली चलने की आवाज सुनकर वहां पहुंचे, लेकिन तब तक उग्रवादी इलाके से भाग गए। अधिकारियों के अनुसार, भागने से पहले वे तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर चुके थे। इस बीच, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मणिपुर सरकार द्वारा उसे सौंपे गए हिंसा से जुड़े छह मामलों की जांच के लिए उप



महानिरीक्षक (डीआईजी) रैंक के एक अधिकारी की अगुवाई में 10 सदस्ईय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्वोत्तर राज्य के अपने दौरे में मणिपुर हिंसा संबंधी छह प्राथमिकी की सीबीआई से जांच कराए जाने की घोषणा की थी। इनमें से पांच प्राथमिकी आपराधिक षड्यंत्र और एक प्राथमिकी सामान्य षड्यंत्र से जुड़ी है। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने संयुक्त निदेशक घनश्याम उपाध्याय को राज्य के अधिकारियों के साथ समन्वय करने के लिए भेजा था और उनके लौटने पर एसआईटी का गठन किया गया।

उन्होंने बताया कि विशेष अपराध शाखा, कोलकाता मामलों की जांच करेगी। एजेंसी के एक प्रवक्ता ने कहा, सीबीआई ने मणिपुर द्वारा सौंपे गए बड़े स्तर पर हुई हिंसा से जुड़े छह मामलों को आज दर्ज किया। इस हिंसा के कारण राज्य के विभिन्न जिलों में संपत्तियों को क्षतिग्रस्त किया गया और उनमें लूटपाट की गई, आगजनी, हथियारों एवं गोला-बारूद की लूटपाट और मानव जीवन की हानि जैसी घटनाएं हुईं। उन्होंने बताया कि एसआईटी का गठन मामलों की गहन जांच करने और इन दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के पीछे के आपराधिक षड्यंत्र का पता लगाने के लिए किया गया है। इस बीच, सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने पिछले 24 घंटे में मणिपुर के इंफाल ईस्ट, काकचिंग, टेंग्नौपाल और बिष्णुपुर जिलों से 57 हथियार, 1,588 गोला-बारूद और 23 बम बरामद किए।

उन्होंने बताया कि अब तक कुल 953 हथियार, 13,351 गोला-बारूद और विभिन्न प्रकार के 223 बम बरामद किए जा चुके हैं। गौरतलब है कि मणिपुर में अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में तीन मई को पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च के आयोजन के बाद हिंसक झड़पें शुरू हो गई थीं। इस हिंसा में अब तक करीब 100 लोगों की मौत हुई है और 300 से अधिक लोग घायल हुए हैं। मणिपुर में 53 प्रतिशत आबादी मेइती समुदाय की है और यह मुख्य रूप से इंफाल घाटी में रहती है। आदिवासियों-नगा और कुकी समुदाय की आबादी 40 प्रतिशत है और यह मुख्यत: पर्वतीय जिलों में बसती है। राज्य में शांति बहाली के लिए सेना और असम राइफल्स के लगभग 10,000 जवान तैनात किए गए हैं।

# महिला पहलवान को बृजभूषण सिंह के दफ्तर लेकर गई पुलिस

● जांच था मकसद, घटनाक्रमों का नाटकीय रूपांतरण किया गया, आधे घंटे तक रुके

● बजरंग और विनेश फोगाट ने ट्वीट कर कहा, समझौता नहीं जांच के लिए पहलवान को ले गई थी पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** पुलिस ने भारतीय कुश्ती संघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच तेज कर दी है। दिल्ली पुलिस शुक्रवार को एक महिला पहलवान को बृभूषण के कार्यालय ले गई ताकि उन घटनाक्रमों का नाटकीय रूपांतरण किया जा सके जिसके तहत यौन उत्पीड़न की घटना हुई थी।

बृजभूषण के आधिकारिक आवास में ही डब्ल्यूएफआई का कार्यालय भी है। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रदर्शनकारी पहलवानों को आश्वासन दिया है कि इस मामले में आरोप पत्र 15 जून तक दाखिल हो जाएगा और तब तक पहलवानों ने भी अपना प्रदर्शन स्थगित कर दिया है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि एक महिला पुलिसकर्मी के साथ पहलवान को करीब डेढ बजे डब्ल्यूएफआई कार्यालय ले जाया गया। उन्होंने कहा, वे करीब आधा घंटे तक वहां रूके। उन्होंने उससे घटनाक्रम को दोहराने और उन स्थानों को याद

(शेष पेज 9)



बजरंग पुनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक। फाइल फोटो

### पहलवानों के खिलाफ नफरती भाषण का मामला नहीं: पुलिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को यहां की एक अदालत से कहा कि यौन शोषण के आरोपों से घिरे भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर धरना देने वाले पहलवानों के खिलाफ नफरती भाषण का कोई मामला नहीं बनता है। पुलिस ने अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट अनामिका के समक्ष दायर कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) में यह बात कही। न्यायमूर्ति अनामिका बृजभूषण पर झूठे आरोप लगाने के लिए प्रदर्शनकारी पहलवानों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थीं। पुलिस ने कहा, शिकायतकर्ता द्वारा पेन ड्राइव में उपलब्ध कराई गई वीडियो क्लिप में कुछ अज्ञात सिख प्रदर्शनकारी दिखाई दे रहे हैं, जो जंतर-मंतर पर नारे लगा रहे हैं... (पहलवानों के खिलाफ) नफरती भाषण का

(शेष पेज 9)

# धनबाद में अवैध खनन के दौरान खदान धंसी, तीन लोगों की मौत

● कई लोगों के फंसे होने की आशंका

**भाषा।** धनबाद (झारखंड)

**झारखंड** के भौरा कोलियरी क्षेत्र में शुक्रवार को अवैध खनन के दौरान एक खदान के धंसने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोगों के उसमें फंसे होने की आशंका है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। घटना यहां से करीब 21 किलोमीटर दूर भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के भौरा कोलियरी क्षेत्र में सुबह साढ़े 10 बजे हुई।

धनबाद के सिंदरी इलाके के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) अभिषेक कुमार ने पीटीआई-भाषा से कहा कि घटना में मारे गए लोगों और खदान में फंसे लोगों की वास्तविक संख्या का अनुमान तभी लग पाएगा, जब बचावकर्मी पीड़ितों का पता लगा लेंगे। एक प्रत्यक्षदर्शी



ने बताया कि कई स्थानीय ग्रामीण अवैध खनन में लगे हुए थे, जब खदान धंसने की घटना हुई। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया, स्थानीय लोगों की मदद से मलबे से तीन लोगों को बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। भौरा थाने के निरीक्षक बिनोद ओरांव ने कहा कि बचाव अभियान जारी है।

# जयशंकर ने फिर राहुल गांधी पर साधा निशाना



नई दिल्ली में शुक्रवार को आर्यभट्ट कॉलेज में सभा को संबोधित करते विदेश मंत्री एस जयशंकर।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● कहा- विदेश जाकर भारत की आलोचना करने से पड़ता है नकारात्मक असर

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को उन नेताओं को लेकर अपनी चिंता दोहराई जो विदेश में जाकर भारत की आलोचना करते हैं और विदेशी दखल को आमंत्रित करते हैं जिससे देश की छवि पर नकारात्मक असर पड़ता है। एक दिन पहले ही उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर आरोप लगाया था कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की आलोचना करना उनकी आदत है। आर्यभट्ट कॉलेज में एक जनसभा को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि ऐसी बातों का बड़ा प्रभाव पड़ता है। लोकतंत्र में तर्क-वितर्क

(शेष पेज 9)


# नौ दिनों में देश भर में सात बाघों की हुई मौत

● कम पड़ते प्राकृतिक रिहायशी क्षेत्र, बाघों में इलाके लिए होने वाले संघर्ष से मौतों की संख्या में बढ़ोतरी

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

**हाल** ही में देश भर में बाघों की मौतों में आई तेजी से वन्यजीव प्रेमी हैरत में हैं। जून में सिर्फ नौ दिनों में ही कम से कम सात बाघों की मौत हुई है, जिसमें महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में दो-दो मौतें दर्ज की गई हैं, जबकि उत्तराखंड, तमिलनाडु और मध्य प्रदेश में एक-एक मौत दर्ज की गई है।

यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 9 अप्रैल को भारत में बाघों की गणना के पांचवें चक्र के आंकड़ों की घोषणा करने के बावजूद पिछले तीन वर्षों में बाघों की यह सबसे ज्यादा मौत है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) द्वारा नौ जून तक किये गए डेटा विश्लेषण से पता चलता है कि यह साल बाघों के लिए



मुफीद नहीं रहा। अब तक देशभर में कुल मिलाकर 83 बड़ी बिल्लियां मर चुकी हैं, जिसमें मध्य प्रदेश में सबसे अधिक 45 मौतें रिपोर्ट हुई हैं। मरने वाले बाघों में 30 मादा और 11 शावक हैं।

एक हफ्ते पहले ही, पायनियर ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि पिछले पांच महीनों में देश में 76 बाघों की मौत हुई है, जिसका मतलब है कि दो दिनों में एक बाघ मर रहा है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के तहत एनटीसीए द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों से पता चलता है कि तुलनात्मक रूप से पिछले साल इसी अवधि में कुल 64 बाघों की मौत हुई थी। 2023 के आंकड़ों से पता चलता है कि सबसे अधिक 45 मौतें बाघ संरक्षित क्षेत्रों में हुईं। बाघों के बीच अपने इलाके को लेकर होने वाले संघर्ष भी मौतों को बढ़ावा दे रहे हैं। पर्यावरण मंत्रालय के वरिष्ठ

(शेष पेज 9)

### दुधवा में बाघों की मौत का योगी ने लिया संज्ञान जांच के आदेश दिए

**लखीमपुर खीरी/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुधवा टाइगर रिजर्व (डीटीआर) में हाल ही में बाघों के मारे जाने की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए शुक्रवार को गंभीर चिंता व्यक्त की और इसकी जांच के आदेश दिए। वन अधिकारियों के मुताबिक डीटीआर के किशनपुर अभयारण्य के मैलानी रेंज में शुक्रवार को मृत पाए गए छह वर्षीय नर बाघ सहित चार बाघों की 21 अप्रैल से अलग-अलग कारणों से मौत हो चुकी है। सरकारी की ओर से जारी बयान के अनुसार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुधवा नेशनल पार्क में विगत कुछ दिनों में दो-तीन बाघों की

(शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### एनपीपीए ने 23 दवाओं की खुदरा कीमतें तय कीं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय दवा मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने शुक्रवार को कहा कि उसने मधुमेह और उच्च रक्तचाप के इलाज मे इस्तेमाल होने वाली दवाओं समेत 23 औषधियों के खुदरा मूल्य तय कर दिए है। एनपीपीए ने 26 मई, 2023 को प्राधिकरण की 113वी बैठक में लिए गए फैसलो के आधार पर दवा (मूल्य नियंत्रण) आदेश, 2013 के तहत ए खुदरा कीमते तय की है। अधिसूचना के अनुसार एनपीपीए ने मधुमेह की दवा ग्लिक्लाजाइड ईआर और मेटफॉर्मिन हाइड्रोक्लोराइड की एक गोली की कीमत 10.03 रुपए तय की है। इसी तरह टेल्मिसर्टन, क्लोर्थालिडोन और सिल्नीडिपाइन की एक गोली की खुदरा कीमत 13.17 रुपए होगी। दर्द निवारक दवा ट्रिप्सिन, ब्रोमेलैन, रुटोसाइड ट्राइहाइड्रेट और डाइक्लोफेनाक सोडियम की एक गोली की खुदरा कीमत 20.51 रुपए तय की गई है। एनपीपीए ने कहा कि उसने दवा (मूल्य नियंत्रण) आदेश 2013 (एनएलईएम 2022) के तहत 15 अधिसूचित फॉर्मूलेशन के अधिकतम मूल्य में भी संशोधन किया है। इसके अलावा दो अनुसूचित फॉर्मुलेशन की अधिकतम कीमत भी तय की गई है।

# इजराइल ने सांस्कृतिक केंद्र की नींव रखने पर भारतीय यहूदियों को सराहा

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/नेवातिम

● राष्ट्रपति इसाक हर्जोग और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उनके योगदानों को किया याद

**इजरायल** के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने यहां सांस्कृतिक केंद्र की आधारशिला रखने वाले भारतीय यहूदी समुदाय की सराहना की। इजरायल के नेगेव क्षेत्र में एक मोशव (कृषि समुदाय) नेवातिम, भारतीय कोचीनी यहूदियों का पर्याय बन गया है। बृहस्पतिवार को इस स्थान पर भारतीय समुदाय के विरासत एवं सांस्कृतिक केंद्र की आधारशिला रखे जाने से संबंधित कार्यक्रम का गवाह बनने के लिए देश भर से भारतीय यहूदी समुदाय के सैकड़ों लोग जुटे।

केन्द्र का उद्देश्य न केवल भारत से आए सभी यहूदी समुदायों की विरासत और समृद्ध संस्कृति को संरक्षित करना है, बल्कि यह भारत-इजरायल व्यापार केंद्र के लिए एक आधार के रूप में भी काम करेगा। तीन एकड़ भूमि पर बनने वाले लाखों डॉलर के इस केन्द्र में एक संग्रहालय, सम्मेलन एवं कार्यक्रम भवन और एक भारतीय उष्णकटिबंधीय उद्यान होगा। इसके निर्माण के पहले चरण में 300 सीट वाला बहुउद्देशीय भवन बनेगा।

राष्ट्रपति हर्जोग ने समुदाय के लिए एक रिकॉर्ड किए गए वीडियो संदेश में, इजरायली समाज में भारतीय यहूदी समुदाय के योगदान की सराहना की। हर्जोग ने कहा कि साल 1984 में उनके पिता ने देश के छठे राष्ट्रपति के तौर पर कोचिनी समुदाय को संबोधित करते हुए कहा था कि इस समुदाय ने जो बनाया है, वह गर्व का विषय है। उन्होंने कहा आज 40 साल बाद मैं यह कह

(शेष पेज 9)

# लिव इन पार्टनर हत्या: साने व वैद्य ने की थी शादी, दोनों ने यह बात छिपाई

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

● पुलिस के मुताबिक आरोपी ने दावा किया कि वैद्य ने जहर पीकर आत्महत्या की थी और उसने सिर्फ शव को ठिकाने लगाने की कोशिश की

**अपनी** लिव इन पार्टनर सरस्वती वैद्य की कथित तौर पर हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार मनोज साने (56) ने उससे शादी की थी, लेकिन दोनों ने यह बात छिपाई थी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, साने ने दावा किया कि उसने (वैद्य ने) जहर पीकर आत्महत्या की थी और उसने सिर्फ शव के टुकड़े कर उसे ठिकाने लगाने की कोशिश की थी।

एक अधिकारी ने कहा कि मुंबई के बाहरी क्षेत्र मीरा रोड (पूर्व) इलाके से बृहस्पतिवार को गिरफ्तार साने ने जांचकर्ताओं को यह भी बताया कि वह एचआईवी-संक्रमित है और उसके 36 वर्षीय वैद्य से कभी शारीरिक संबंध नहीं बनाए थे। मीरा-भयंदर वसई विरार आयुक्तालय के पुलिस उपायुक्त जयंत बजबले ने वैद्य की तीन बहनों के बयानों का हवाला देते हुए कहा, दंपति ने अपनी शादी को पंजीकृत नहीं कराया था, लेकिन उन्होंने एक मंदिर में रीति-रिवाज के साथ शादी की थी। उन्होंने कहा कि वैद्य ने अपनी बहनों को शादी के बारे में बताया था, लेकिन उनके बीच उम्र का काफी फासला था, इसलिए युगल ने इसे सार्वजनिक नहीं किया। अधिकारी ने कहा कि डीएनए परीक्षण और अन्य औपचारिकताएं पूरी होने के बाद मृतक के शरीर के अवशेष उनकी बहनों को उनकी इच्छा के अनुसार अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिए जाएंगे।

डीसीपी बजबले ने कहा कि वैद्य की मां की मृत्यु तब हो गई थी जब बहनें बहुत छोटी थीं, जबकि उनके पिता ने उन्हें छोड़ दिया था। उन्होंने कहा कि सरस्वती ने अहमदनगर जिले के एक आश्रम स्कूल (अनाथों के



अपनी लिव इन पार्टनर सरस्वती विद्या की हत्या के आरोपी मनोज साने को लेकर जाती पुलिस।

लिए स्कूल) में 10वीं कक्षा तक पढ़ाई की और 18 साल की उम्र में अपने रिश्तेदारों के साथ रहने के लिए मुंबई आ गई। उन्होंने कहा कि मिलने के बाद, साने ने उसके लिए सेल्सगर्ल की नौकरी की व्यवस्था की थी। साने ने कथित तौर पर पुलिस को बताया कि वैद्य के मुंह से झाग निकल रहा था और जहर का सेवन करने के बाद तीन जून की सुबह उसकी मौत हो गई थी। उसने कहा कि इस डर से कि उसे उसकी मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा, उसने शरीर को ठिकाने लगाने का फैसला किया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि उसने यह भी दावा किया कि शरीर के टुकड़ों को ठिकाने लगाने के बाद उसने आत्महत्या करने की योजना बनाई थी।

उन्होंने कहा कि पुलिस ने अभी तक इन दावों की पुष्टि नहीं की है। उन्होंने कहा कि यह संभव है कि आरोपी जांचकर्ताओं को गुमराह करने की कोशिश कर रहा था। बुधवार को, पुलिस को ठाणे जिले के मीरा रोड के नया नगर इलाके में एक फ्लैट के अंदर वैद्य के शरीर के अंग मिले, जिनमें से कुछ को प्रेशर कुकर में पकाया गया था और कुछ को भुना गया था। पुलिस के मुताबिक वह और साने किराए के फ्लैट में रह रहे थे। साने को एक अदालत ने 16 जून तक पुलिस हिरासत में भेजा गया है। मामले में सामने आए विवरणों ने पिछले साल के श्रद्धा वालकर मामले की यादें

(शेष पेज 9)

# पैन कार्ड का गलत इस्तेमाल कर खोली फर्जी कंपनियां,15 हजार करोड़ के फर्जीवाड़ा का आरोप

● बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर ने दर्ज कराई एफआईआर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



फर्जी कंपनियों खोल जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराकर 15 हजार करोड़ रुपए से अधिक का फर्जीवाड़ा मामले में एक ओर एफ आईआर थाना सेक्टर-20 में दर्ज हुई है।

ये एफआईआर बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर में दर्ज कराई है। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि उनके पैन का कार्ड का प्रयोग कर तीन फर्जी कंपनियां खोली गई थी। जिसकी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस मामले में अब तक तीन एफ आईआर दर्ज हो चुकी है। पहली एफ आईआर मई में दर्ज की गई थी। जिसके जरिए पूरे केस को उजागर किया गया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आठ आरोपी की कस्टडी रिमांड लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस को चार दिन की कस्टडी मिली है। इस पूछताछ में आरोपियों के द्वारा फर्जीवाड़े में इस्तेमाल हुए हजारों सिम को उपलब्ध कराने वाले डीलर की जानकारी मिली है। उसकी पहचान हो चुकी है। जल्द ही पुलिस उसे गिरफ्तार करेगी। पूछताछ में कई और लोगों के नाम बताए। जिनकी आइडेंटिटी की जा रही है। इससे पहले गुरुवार को पुलिस की टीम को दिल्ली के चांदनी चौक और रोहिणी में कई ऑफिस खोलने की जानकारी मिली थी।

एसीपी एक रजनीश वर्मा ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के पास से भारी मात्रा में सिम बरामद किया था। जिसके जरिए वो पूरे देश में फैले अपने ग्राहकों से बात करते थे। शुरुआती पूछताछ में पता चला कि आरोपी यह सिम दिल्ली के एक डीलर से खरीद रहें थे। एसीपी के मुताबिक पुलिस की टीम ठगी के रुपए की रिकवरी कराने का भी प्रयास कर रही है। इसके साथ ही गिरोह में जुड़े आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें लगातार उनके राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा सहित यूपी के छह ठिकानों पर दबिश दे रही है। हालांकि कि अभी तक पुलिस के हाथ गिरोह से जुड़े अन्य आरोपी हाथ नहीं लगे है। इसके लिए पुलिस की टीमें भी जांच में जुटी हुई है। 2660 फर्जी कंपनी खड़ी करके जालसाज़ ने 15 हजार करोड़ का बड़ा घोटाला किया। बिना माल डिलीवरी किए, फर्जी बिलों की मदद से इनपुट टैक्स क्रेडिट आईटीसी लेकर ये हेराफेरी की गई। जांच एजेंसी ने 8 लोगों को पकड़ा था। इस मामले से पर्दा उठने की शुरुआत मई 2023 से होती है। थाना सेक्टर 20 में एक शख्स ने शिकायत दर्ज कराई। उसके नाम पर फर्जी कंपनी रजिस्टर हुई है।

## पुलिसवाला बनकर जेवर उतरवाए, नकली थमाकर असली ले भागे ठग

**गाजियाबाद।** पुलिस के वेश में घूम रहे पुलिसवालों ने चेकिंग के बहाने एक बड़े उद्यमी की पत्नी से डायमंड के कंगन और अंगूठी उतरवा ली।

आरोपी करीब पांच लाख रुपए की ज्वेलरी लेकर उसकी जगह नकली कंगन थमाकर फरार हो गए। पीड़िता जब घर पहुंची तो इसका पता चला। ये वारदात कविनगर थाना क्षेत्र के पॉश एरिया राजनगर में हुई। यहां समरकूल कंपनी के मालिक राजीव गुप्ता रहते हैं। राजीव के भाई संजीव गुप्ता भाजपा महानगर कमेटी में कोषाध्यक्ष हैं। उद्यमी राजीव की पत्नी सीमा गुप्ता शुक्रवार सुबह सैर पर निकली थीं। इस्कॉन मंदिर के पास दो युवक उनके पास आए। उन्होंने आईकार्ड दिखाकर खुद को पुलिसवाला बताया। ये कहा कि इस इलाके में कुछ देर पहले लूट हुई है, आपका ज्वेलरी पहनना ठीक नहीं है। झांसा देकर सोने की अंगूटी और डायमंड के कंगन उतरवा लिए।

## नस काटकर नहर में कूदे युवक को जवानों ने बचाया

● दो दिने पहले डूबे एक अन्य युवक को तलाश रही थी सर्च टीम, इसी दौरान पड़ी नजर

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद की मुरादनगर गंगनहर में डूबे छात्र को खोज रही टीम ने एक दूसरे युवक की जान बचा ली। हाथ की नस काटकर ये युवक नहर में कूद गया था, तभी सर्च ऑपरेशन कर रहे जवानों की नजर इस पर पड़ गई और तुरंत मौके पर पहुंचकर उसे सुरक्षित बचा लिया। वहीं डूबे छात्र का अभी कुछ पता नहीं चल सका है।

कस्बा मोदीनगर निवासी 17 वर्षीय माधव उर्फ यश बुधवार को चार दोस्तों के साथ मुरादनगर गंगनहर पर नहा रहा था। इस दौरान वो गहरे पानी में चले जाने से डूब गया। पुलिस-प्रशासन की सूचना पर गुरुवार सुबह सवा 8 बजे एनडीआरएफ टीम ने मुरादनगर गंगनहर में छात्र की तलाश में ऑपरेशन शुरू किया। टीम ने नहर में करीब 12 किलोमीटर सर्च किया, लेकिन छात्र का कुछ पता नहीं चला। इसी ऑपरेशन के दौरान एनडीआरएफ बचावकर्मियों की नजर आत्महत्या की मंशा से नहर में छलांग लगते हुए युवक पर पड़ी। सब इंपेक्टर ललित स्नेही और रविंद्र सिंह के नेतृत्व में एनडीआरएफ के सिपाही लोकेश, योगेश चंदन पांडेय, प्रदीप शुक्ला और शिशुपाल तुरंत मौके पर पहुंच गए। उन्होंने नहर में डूब रहे युवक को सकुशल बचाकर पुलिस को सौंप दिया। प्राप्त सूचना के अनुसार 25 वर्षीय युवक का नाम गोस्वामी है, जो मौजपुर दिल्ली का रहने वाला है और घरेलू विवाद के बाद हाथ की नस काटकर आत्महत्या के इरादे से नहर में कूद गया था।

## मेट्रो के आगे कूदा युवक, मौत

● पिछले 15 दिन में आत्महत्या की तीसरी घटना



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन पर एक युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। घटना शुक्रवार की सुबह साढ़े सात बजे की है।

पुलिस ने बताया कि युवक पिलर के पीछे छिपा हुआ था। ट्रेन के आते ही वो ट्रैक पर कूद गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। 15 दिन में मेट्रो के आगे कूदकर जान देने की ये तीसरी घटना है। युवक की उम्र करीब 35 साल बताई गई। मृतक की शिनाख्त अभी तक नहीं हो सकी हे। उसके पास से कोई आईकार्ड जैसा कोई दस्तावेज और सुसाइड नोट तक नहीं मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया है। साथ ही पहचान कराने की कोशिश की जा रही है। इस दौरान कुछ देर के लिए मेट्रो सेवा बाधित हुई। इसे दोबारा से शुरू कर दिया गया। बता दे पिछले 15 दिनों में ये तीसरा सुसाइड है। इससे पहले सेक्टर-34 मेट्रो स्टेशन पर एक इंजीनियर और गोल्फ कोर्स मेट्रो स्टेशन पर एक छात्र ने मेट्रो के आगे आकर सुसाइड कर लिया था। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। जिंदगी की जद्दोजहद से हार कर मौत को गले लगाने वाले लोगों के लिए मेट्रो स्टेशन सुसाइड पॉइंट बन चुका है। इससे पहले बोटैनिकल गार्डन और गोल्फ कोर्स मेट्रो स्टेशनए सेक्टर 15 और 16 के अलावा एक्वा लाइन के नॉलेज पार्क पर सुसाइड किया गया है।

## डॉक्टर के घर लूट का प्रयास करने वाला धरा

**गाजियाबाद।** नन्दग्राम थाने के एसएचओ सचिन मलिक की टीम ने शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अनुसार जिस बदमाश को पकड़ा गया है उसका नाम पवन शर्मा निवासी मुरादनगर है।

इस बदमाश ने पिछले दिनों वीवीआईपी में रहने वाले डॉक्टर आके गुप्ता के फ्लैट में लूट का प्रयास किया था और वारदात के समय इसने चिकित्सक की पत्नी व पुत्र को घायल कर दिया था। एसीपी नन्दग्राम रवि कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस के हत्थे चढ़ा बदमाश कितना शातिर है इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि पुलिस एवं स्थानीय लोगों को गुमराह करने के लिये पवन शर्मा दिन में ऑटो चलाता और रात के समय अंड़े की ठेली लगाता था।



जेवर एयरपोर्ट का कार्य प्रगति पर है। यूपी के मुख्यमंत्री के आदेश के बाद निरीक्षण करने पहुंचे नोएडा के सांसद महेश शर्मा कर्मचारियों का हालचाल लेते हुए।

## प्लास्टिक स्क्रैप फैक्ट्री में लगी आग, तीन झुलसे

**गाजियाबाद।** शालीमार गार्डन इलाके में शुक्रवार को प्लास्टिक स्क्रैप कटिंग करने वाली फैक्ट्री में आग लग गई। ये हादसा कंप्रेशर फटने से हुआ। ब्लास्ट की चपेट में आने से तीन मजदूर घायल हो गए। इन्हें दिल्ली के गुरु तेग बहादुर हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया है।

फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया, शुक्रवार की सुबह 11 बजे फायर स्टेशन साहिबाबाद पर सूचना मिली कि राजीव कॉलोनी गली नंबर-एक में आग लग गई है। तुरंत सीएफओ और दो फायर टेंडर मौके पर पहुंच गए। घटनास्थल पर जाकर देखा कि ये आग बहुत संकरी गली में स्थित घर के बेसमेंट में लगी थी।

## एएनएम ही हैं स्वास्थ्य विभाग के नींव: वीके सिंह

● कार्यक्रम में 60 नए कर्मचारियों को मिला नियुक्ति पत्र

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



उत्तर प्रदेश अधिनस्थ सेवा चयन द्वारा 75 जनपदों में चयनित हुई 7182 एएनएम को नियुक्ति पत्र दिए गए। लखनऊ में सीएम योगी ने नियुक्ति पत्र सौंपे तो वहीं गाजियाबाद में जिला मुख्यालय में हुए एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री वीके सिंह ने 60 एएनएम को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

इस मौके पर वीके सिंह ने कहा के एएनएम स्वास्थ्य विभाग की नींव है जो स्वास्थ्य सेवाओं को आम जन तक पहुंचाने का काम करती हैं। एएनएम पर एक जिम्मेदरी होती है कि वो लोगो तक पहुंच बनायें और उनको स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करायें। वीके सिंह ने नव नियुक्त एएनएम से कहा कि सरकार ने जो जिम्मेदारी दी है उसे सही से निभाएं। डीएम आरके सिंह ने नव नियुक्त एएनएम को शुभकामनाऐं दीं। सीएमओ डॉ भवतोष शंखधर में एएनएम के कार्यों के जानकरी दी। कार्यक्रम का संचालन डीएमओ घनेंद्र मिश्रा ने किया। इस अवसर पर पर एसीएमओ डॉ चरण सिंह, एसीएमओ डॉ आरके गुप्ता, डॉ शिवी अग्रवाल, सीएमएस मनोज चतुर्वेदी, डॉ डीएम सक्सेना, डॉ एके विश्कर्मा, नरेंद्र आदी मौजूद रहे।

कार्यक्रम से पहले वीके सिंह को गारद ने सलामी दी और डीएम ने उनका स्वागत किया।

## वी.के सिंह चुनौतीपूर्ण कार्य को दिया अंजाम: तेजस्वी सूर्या

● धोबीघाट का पुल जनता को समर्पित

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद तेजस्वनी सूर्या और सांसद जनरल वीके सिंह ने विजयनगर आरओबी का अवलोकन कर उसे जनता को समर्पित किया।

इस अवसर पर तेजस्वनी सूर्या ने कहा कि विजयनगर में आरओबी बनाना किसी चुनौती से कम नहीं था। ऐसा चुनौतीपूर्ण कार्य सांसद वीके सिंह के अलावा कोई दूसरा नहीं कर सकता। तेजस्वनी सूर्या ने कहा कि वे बैंगलुरु के सांसद हैं। वहां भी कई आरओबी बनाए गए हैं। सामान्य जगहों पर आरओबी बनाना भी किसी चुनौती से कम नहीं होता। विजयनगर आरओबी बनाने में तो चुनौतियों का पहाड़ सामने खड़ा था। यही कारण है कि जनता की मांग होते हुए भी यह कार्य पिछले 50 सालों से पैंडिंग पड़ा हुआ था। तेजस्वनी सूर्या ने कहा कि जहां इष्छा शक्ति होती है, वहीं से ही रास्ता निकलता है।

## बीएड प्रवेश परीक्षा 15 को, मेरठ मंडल के 6 जिलों में 96 केंद्र बने

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश बीएड प्रवेश परीक्षा-2023 15 जून को होगी। इसके लिए मेरठ मंडल में 96 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सबसे ज्यादा परीक्षा केंद्र गाजियाबाद में हैं। 15 जून को ये परीक्षा दो पालियों में होगी।

पहली पाली में सुबह 9 से 12 बजे और दूसरी पाली में दोपहर 2 से 5 बजे तक पेपर होगा। मेरठ मंडल के 6 जिलों में 96 केंद्रों पर 41150 छात्र.छात्रा इस परीक्षा के लिए पंजीकृत हैं। गाजियाबाद में 31 केंद्रों पर 12700, नोएडा में 16 केंद्रों पर 7100, मेरठ में 25 केंद्रों पर 10800, बागपत में 6 केंद्रों पर 2900, हापुड़ में 6 केंद्रों पर 2650 और बुलंदशहर जिले में 12 केंद्रों पर 5 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे।

सबसे ज्यादा परीक्षा केंद्र गाजियाबाद में बनाए गए हैं। बीएड प्रवेश परीक्षा के संबंध में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ कैंपस में 13 जून को महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में परीक्षा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

## किसानों ने प्राधिकरण पर लगाया भेदभाव का आरोप

● नोटिस भेजकर कर रहे प्रताड़ित, मांगे पूरी नहीं होने पर होगा प्रदर्शन: सुभाष चौधरी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



प्राधिकरण की गलत नीतियों का भुगतान नोएडा का किसान कर रहा है। ये बात शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैट के पदाधिकारियों ने कहीं। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण आज तक किसानों की आबादी का मसला नहीं सुलझा सका। किसानों को धारा-10 के नोटिस भेजे जा रहे है।

ये प्राधिकरण की ही चूक है कि समय से लाल डोरा निश्चित नहीं किया गया। किसानों ने कहा कि यदि मांगों को नही पूरा किया जाता तो अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। भाकियू के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुभाष चौधरी ने बताया कि साल 2002 के बाद भूमि अधिग्रहण के किसानों को 64 प्रतिशत की दर से अतिरिक्त मुआवजा और 10 प्रतिशत विकसित भूखंड उन किसानों को दिया गया है जो किसान न्यायालय गए थे। बाकी किसानों के साथ पक्षपात क्यों किया जा रहा है। वहीं हाल ही में सेक्टर-18 में सालों पहले से बनी किसानों की दुकानों को ध्वस्त किया गया।

वहां किसानों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। जबकि वो अपनी मांगों को लेकर धरने पर है। साल 2011 में ग्रामीण कोटे की आवासीय योजना निकाली गई थी जिसमें कुछ प्लाट का आवंटन प्राधिकरण द्वारा कर दिया गया है। कुछ का रोक लिया गया है। रोके हुए प्लाट का आवंटन किया जाना सुनिश्चित करें व बचे हुए पात्र किसानों को लाभ देने के लिए पुन: योजना निकाली जाए।

1976 से प्राधिकरण द्वारा भूमि अधिग्रहण आरम्भ किया गया था। लेकिन लाभ 2002 के बाद के किसानों को दिया गया। हमारी मांग है इससे पहले के किसानों को भी सहानुभूति रखते हुए लाभ दिया जाए। गांव की स्थिति आज मलीन बस्ती जैसी हो गयी है।

## इंटरनेशनल व्यापार मेला 21 सितंबर से, दो हजार मैन्युफैक्चर होंगे शामिल

● बनारस की गुलाबी मीनाकारी, बांदा का सिल्क, कन्नौज का इत्र, लखनऊ की चिकनकारी का रहेगा जलवा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



दिल्ली में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल ट्रेड फेयर की तर्ज पर उत्तर प्रदेश अपना इंटरनेशनल ट्रेड शो आयोजन करने जा रहा है।

ये आयोजन 21 से 25 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में किया जाएगा। यह आयोजन प्रदेश सरकार के एमएसएमई, निर्यात विभाग और इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड आईईएमएल की ओर से संयुक्त रूप से किया जाएगा। इसको लेकर शुक्रवार को एक बैठक दिल्ली में की गई। बैठक में एमएसएमईए निर्यात विभाग के अधिकारियों और आईईएमएल के पदाधिकारियों ने इंटरनेशनल ट्रेड शो की तैयारियों को लेकर जानकारी दी।

बताया गया कि इस इंटरनेशनल ट्रेड शो के जरिए व्यापक और बड़े व्यापार के लिए आकर्षक उत्पादों को एक छत के नीचे लाया जाएगा, जिसमें वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडेक्ट के साथ ही ऐसी महिला उद्यमियों को भी विशेष तरजीह दी जाएगी। जिन्होंने हाल के वर्षों में अपने स्टार्टअप के माध्यम से एक अलग पहचान बनाई है। इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड के अध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि इस इंटरनेशनल शो में प्रदेश के 2000 से भी अधिक मैन्युफैक्चरर्स और एक्सपोर्टर्स को शामिल किया जाएगा। जिसमें बनारस की गुलाबी मीनाकारी दिखेगी तो बांदा का सिल्क भी दिखेगा। इसी प्रकार बनारस और बांदा का शाजर स्टोन कफ लिंक, कन्नौज का इत्र, लखनऊ की चिकनकारी, मुरादाबाद का ब्रास वर्क और आजमगढ़ की ब्लैक पॉटरी भी देखने को मिलेगी।

प्रदेश सरकार में एमएसएमई विभाग के एडिशनल चीफ सेकेट्री अमित मोहन प्रसाद ने कहा कि इंटरनेशनल ट्रेड शो का मकसद राज्य में ट्रेड और बिजनेस को बढ़ावा दिया जाना है। ताकि प्रदेश के उत्पादों और सेवाओं से संबंधित विभिन्न सेक्टर्स को एक छत के नीचे लाया जाए। प्रसाद ने कहा कि यह शो प्रदेश के संपूर्ण उत्पाद रेंज के अलावा बॉयर्स के लिए भी एक वन स्टॉप सोर्सिंग डेस्टीनेशन का काम करेगा। साथ ही, प्रदेश के उत्पादों की इंटरनेशनल मार्केट में पहुंच बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास की दृष्टि से प्रदेश देश का महत्वपूर्ण राज्य है। बीते वर्षों में यहां के औद्योगिक परिदृश्य में काफी बदलाव देखने को मिला है। निवेशक प्रदेश में आना चाहते हैं, यहां निवेश करना चाहते हैं। फरवरी में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट इसका बहुत बड़ा उदाहरण है।

उन्होंने बताया कि यह ग्लोबल इंस्वेस्टर्स समिट काफी सफल रहा है और जिससे 35 लाख करोड़ के निवेश का रास्ता साफ हुआ। जिस तरह देश को पांच ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में केन्द्र सरकार कदम बढ़ा रही है। ठीक उसी तरह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर बनाना चाहते हैं, जिसमें सभी सेक्टर्स की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

इंटरनेशनल ट्रेड शो के माध्यम से इसको गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस इंटरनेशनल ट्रेड शो में एक जिलाए एक उत्पाद की विशेष झलक देखने को मिलेगी। एडिशनल सक्रेटरी ने कहा कि प्रदेश सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने के साथ ही उद्यमियों को हर स्तर पर प्रोत्साहित करने पर भी विशेष जोर दे रही है, चाहे सस्ते ब्याज दर पर लोन की सुविधा हो या फिर उद्योग स्थापित करने के लिए जमीन मुहैया कराए जाने की बात हो।

उन्होंने कहा कि इस बार इंटरनेशनल ट्रेड शो का पहला संस्करण आयोजित होगा, लेकिन यह हर साल 21 से 25 सितंबर को ही ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में ही आयोजित होगा। इंटरनेशनल ट्रेड शो में 40 सेक्टर पर फोकस करेगी।

इसमें प्रदेश के विकास से जुड़े इन सेक्टर से संबंधित विविध स्टॉल और अन्य जानकारियां बायर्स को प्रदान की जाएंगी। यहां ग्रामोद्योग विकास योजना, इंटरनेशनल कॉर्पोरेशन स्कीम, फिशरी एंड एनिमल हस्बैंड्री, हाईवे एंड इंडस्ट्रियल पार्क डेवलपमेंट अथॉरिटी आदि पर फोकस रहेगा।

**सूचना**

हम मेसर्स न्यू डाइमेंशन्स, 302, भनोट हाउस,18 लोकल शॉपिंग सेंटर, मदनगीर, नई दिल्ली–110062, उत्प्रवासन अधिनियम, 1983 के अंतर्गत जनशक्ति निर्यात हेतु पंजीकरण प्रमाण पत्र क्रमांक: B-0915/DEL/PER/100/5/9325/2018 के धारक है। दिनांक 01/05/2023 से प्रभाव के साथ हमारा कार्य बंद कर दिया गया है। यदि हमारे विरुद्ध कोई शिकायत/दावा है, तो उसे इस सुचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर प्रेषित किया जा सकता है। शिकायत की प्रतियां उत्प्रवासी महासंरक्षी, विदेश मंत्रालय, अकबर भवन, चाणक्य पुरी, नई दिल्ली–110021 को भी प्रेषित की जा सकती हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री हरवीर सिंह, Residential Plot No. D-11 / 16, area measuring 52.37 Sq. Meters, Situated at Residential colony D.L.F Ankur Vihar, in the area of Village Loni, Pargana Loni, Tehsil & District Ghaziabad, U.P. को श्री ललित और श्री चेतन गुप्ता को बेच रहे है। उपरोक्त संपत्ति पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है ! उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व सम्बंधित मूल दस्तावेज़ बिक्री विलेख दिनांक 10.02.1998 क्रमांक संख्या 548 कही खो गए है। इस सन्दर्भ में डी एल एफ, अंकुर विहार पुलिस को सुचना दिनांक 19.08.2009 को दर्ज करवाई गई है।

यदि मूल बिक्री विलेख किसी भी व्यक्ति के कब्जे में पाया जाता है तो कृपया मूल संपत्ति दस्तावेजों के साथ हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। ऐसा न करने पर उपरोक्त बिक्री विलेख के अनुसार विषय संपत्ति के संबंध में दावा अमान्य माना जाएगा.

राघव तिवारी, अधिवक्ता
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.:+91-8076188328

**Edelweiss Asset Reconstruction**
**एडलवेइस असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड**
सीआईएन – यू67100एमएच2007पीएलसी174759
पंजीकृत कार्यालय : एडलवेइस हाउस, ऑफ सी.एस.टी. रोड, कलीना, मुंबई – 400098

परिशिष्ट ।।–ए एवं 4–ए
[नियम 6 (2) का परंतुक तथा नियम 8 (6) के साथ पठित नियम 9 (1) का परंतुक देखें]

अचल और चल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए
ई नीलामी बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 6 (2) तथा 8 (6) के परंतुक के साथ पठित नियम 9 (1) के परंतुक के अधीन अचल और चल आस्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रूप से कर्जदार और गारंटरों को सूचना दी जाती है कि बैंकों तथा वित्तीय संस्थानों संघ नामतः

एडलवेइस असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड, ईएआरसी ट्रस्ट एससी 30, 35, 134 और 233 ("ईएआरसी"), केनरा बैंक, इंडिया एसएमई असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी इंडिया लिमिटेड, पंजाब नैशनल बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, भारतीय स्टेट बैंक, बार्कलेज बैंक पीएलसी, पंजाब ऐंड सिंध बैंक, शामराव विठ्ठल को–ऑ बैंक लिमिटेड, जेएम फाइनैंशियल असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड तथा भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक ("प्रतिभूत लेनदार") के पक्ष में बंधक और प्रभारित यहां नीचे वर्णित अचल और चल सम्पत्तियां ("प्रतिभूत आस्तियां") जिनका भौतिक कब्जा ईएआरसी (ईएआरसी तथा प्रतिभूत लेनदारों के संघ की ओर से कार्यरत) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है, ई–नीलामी एजेन्सी, मैसर्स ई–प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (ऑक्शन टाइगर) के माध्यम से उनकी वेबसाट/पोर्टल https://edelweissarc.auctiontiger.net पर ई नीलामी के माध्यम से दिनांक 27 जून, 2023 को दोपहर 12.00 बजे 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तारों के साथ, यदि नीलामी समाप्त होने से पहले कोई बोली आती है, "जैसी है जहां है", "जो है जैसी है" "जो भी है वहां है" तथा "कोई उपाय नहीं" आधार पर अंकुर ड्रग्स ऐंड फार्मा लिमिटेड (परिसमापन में) ("कर्जदार") तथा श्रीमती अनुपमा पूर्णान्दु जैन, श्री वैभव पूर्णान्दु जैन और सुश्री आकांक्षा जैन स्व. श्री पूर्णान्दु शेखरमल जैन के कानूनी वारिसों के रूप में ("गारंटरगण") से प्रतिभूत लेनदारों की कुल बकाया राशि रू. 1331,67,53,620.03 (रूपए एक हजार तीन सौ इकतीस करोड़ सड़सठ लाख तिरेपन हजार छह सौ बीस तथा पैसे तीन मात्र) के साथ आगे ब्याज, लागतों तथा खर्चों की वसूली के लिए बेची जाएंगी। प्रतिभूत आस्तियां के लिए सुरक्षित मूल्य और धरोहर राशि जमा नीचे वर्णित हैं।

| लॉट संख्या | सुरक्षित मूल्य | धरोहर राशि जमा |
|---|---|---|
| लॉट 1 | रू. 37,80,75,500/– | रू. 3,78,07,550/– |
| लॉट 2 | रू. 5,07,89,186/– | रू. 50,78,918/– |
| लॉट 3 | रू. 42,88,64,686/– | रू. 4,28,86,468/– |

प्रतिभूत आस्तियों का वर्णन :

| लॉट संख्या | प्रतिभूत आरितयों का विरतृत वर्णन |
|---|---|
| लॉट 1 | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति भूमि खसरा नंबर 876 (2 2), 877 (0 13), 905 (0–15), 906 (2–11), 906/1 (2–0), 907 (0–5), 339 (1–13), 351 (0–18), 338 (2–2), 340 (1 8), 1002/341 (2 0), 1003/341 (0 11), 342 (3 12) तथा 875 (3 0), परिमाप 21973 वर्ग मीटर,रिथत ग्राम माखनू माजरा, परगना धरमपुर, डाकघर बद्दी, तालुका नालागढ़, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश–173205 उसके ऊपर सभी बिल्डिंग्स और स्ट्रक्चर्स सहित। |
| लॉट 2 | फैक्ट्री भूमि जिराका अधिक रपष्ट वर्णन ऊपर लॉट 1 में किया गया है पर राभी प्लांट और मशीनरी, फर्नीचर और फिक्सचर्स तथा अन्य चल आस्तियां (सिवाय वाहन स्कोडा लौरा रजि नंबर एचपी 2813 0050, आयशर टेम्पो एचपी 12 सी2 523, टाटा ऐ एचपी 12 सी 1931, हीरो होंडा–एचपी 12 बी 5562 तथा एलटीवी महिन्द्रा पिक अप– एचपी 12ए 5740, जो सरकारी परिसमापक, उच्च न्यायालय, मुंबई द्वारा जब्त की जा चुकी हैं। |
| लॉट 3 | लॉट नंबर 1 एवं 2 एकसाथ |

ई नीलामी का कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| साइट निरीक्षण | 19–06–2023 को पूर्वा. 11 बजे रो अप. 4 बजे के बीच |
| दस्तावेज सत्यापन | 19 06 2023 से 24 06 2023 तक प्रत्येक कार्यदिवस को पूर्वा. 11 बजे रो अप. 5 बजे तक |
| बिड दस्तावेज क्रय | 19–06–2023 रो 24–06–2023 तक प्रत्येक कार्यदिवरा को पूर्वा. 11 बजे से अप. 5 बजे तक |
| धरोहर राशि जमा | 26–06–2023 के अप. 2 बजे तक |
| बिड दरतावेज जमा करने की अंतिम तिथि | 26 06 2023 के अप. 5 बजे तक |
| ई नीलामी का आरंभ | 27–06–2023 को दोपहर 12.00 बजे |

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया ईएआरसी की वेबसाइट में उपलब्ध कराया गया लिंक नामतः www.edelweissarc.in/Propertysale देखें।

हस्ता./–
प्राधिकृत अधिकारी
फोन नंबर : 07506642534
तिथि : 10–06–2023
स्थान : मुंबई

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 10 जून, 2023



# अस्पताल में आग, 20 नवजात को बचाया

● भवन में आग से निपटने के नहीं थे पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम, बच्चों को पास के अस्पतालों में किया गया स्थानांतरित




पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पश्चिम दिल्ली के वैशाली कॉलोनी स्थित न्यू बोर्न चाइल्ड अस्पताल में बृहस्पतिवार को आग लग गई। जिसके बाद वहां भर्ती 20 नवजात शिशुओं तीन अलग-अलग अस्पताल में स्थानांतरित किया है।

दमकल की नौ गाड़ियों ने करीब एक घंटे में आग को काबू किया। अस्पताल में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। नाले के लिए वहां बड़ा सा गड्ढा खोदा गया है, जिस कारण रात के समय बच्चों को निकालने में काफी दिक्कत आई। यह अस्पताल बिल्डिंग की पहली मंजिल पर है। भवन के शीशे तोड़कर बच्चों को निकाला गया क्योंकि अस्पताल की इस बिल्डिंग का एक ही द्वार है जो कि एक गली के अंदर वह भी आग की चपेट में आ गया था। दमकल विभाग के अधिकारियों के मुताबिक विभाग को बृहस्पतिवार देर रात 1.35 बजे अस्पताल में आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की नौ गाड़ियों को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। अस्पताल के भूमिगत तल में रखे फर्नीचर में आग लग गई थी। दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे में आग को काबू किया।

आग लगने के कारण 13 बच्चों को आर्य अस्पताल जनकपुरी, 2 को द्वारका के मोर न्यू बोर्न चाइल्ड अस्पता, 2 को जेके अस्पताल जनकपुरी स्थानांतरित किया गया जबकि तीन नवजात शिशुओं अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अस्पताल में आग से निपटने के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपकरण नहीं थे।

अस्पताल के आसपास बिजली के तारों का जाल बना हुआ है, अंदर जो शॉर्ट सर्किट का कारण हो सकता है। इमरजेंसी गेट के नाम पर कोई व्यवस्था नहीं है।

मुख्य रोड पर बिल्डिंग का कोई द्वार नहीं। मुख्य रोड पर दुकानें खोली गई है। बिल्डिंग का दूसरा गेट पीछे से जहां से अस्पताल के आने जाने वाले लोग आ जा सकते थे।

## नजफगढ़ व शाहदरा नाले की सफाई से यमुना में कम हो रहा प्रदूषण

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में यमुना के कायाकल्प के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की 5वीं बैठक शुक्रवार हुई। इस बैठक में यमुना के कायाकल्प को लेकर किए जा रहे कार्यों की प्रगति और हासिल किए लक्ष्यों पर कार्रवाई रिपोर्ट की समीक्षा की। अधिकारियों ने एलजी को बताया कि शाहदरा नजफगढ़ नाले की सफाई का काम अगस्त 2022 में शुरू किया गया था। साथ ही जनवरी 2023 में एचएलसी गठन के बाद यमुना की सफाई का काम शुरू किया गया, जिसके बाद से नाले और यमुना के पानी की गुणवत्ता में लगातार सुधार हुआ है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति द्वारा विभिन्न स्थानों पर पानी के नमूनों की जांच मानकों के अनुसार जनवरी 2022 में नजफगढ़ नाले में बोओडी का स्तर 80 प्रतिशत था, जो जनवरी 2023 में 53 फीसदी पर आ गया।

# विपक्ष की कोई विचारधारा नहीं: जे.पी नड्डा



नए कार्यालय भवन का शिलान्यास करते भाजपा अध्यक्ष जे.पी नड्डा, साथ में वीरेंद्र सचदेवा। फोटो: रंजन डिमरी

● भाजपा अध्यक्ष ने नए कार्यालय भवन की आधारशिला रखी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने दिल्ली इकाई के नए कार्यालय भवन की शुक्रवार को आधारशिला रखी और कांग्रेस तथा आम आदमी पार्टी (आप) सहित अन्य विपक्षी दलों पर सत्ता के लिए राजनीति करने का आरोप लगाया।

उन्होंने दावा किया विपक्षी दलों में कोई विचारधारा नहीं है। नड्डा के साथ संगठन महासचिव बी एल संतोष और दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा सहित कई नेताओं ने दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर इमारत की आधारशिला रखने से पहले विस्तृत भूमि पूजन किया। इसके बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा, भाजपा एकमात्र कैडर और जन-आधारित पार्टी है जिसकी एक विचारधारा है जबकि अन्य सभी दलों की कोई विचारधारा नहीं है और वे केवल सत्ता के लिए राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सिर्फ भाजपा का विरोध करने के लिए उसने अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी वामपंथी दलों से हाथ मिला लिया। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस वैचारिक शून्यता की दिशा में बढ़ गई है। नड्डा ने आम आदमी पार्टी और उसके संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आलोचना करते हुए कहा, यह दिल्ली के लिए शर्म की बात है कि ऐसे लोग हमारा नेतृत्व कर रहे हैं।

आप की यात्रा लोकपाल से शुरू होकर मालामाल बनने तक की है। केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में हुए शराब घोटाले का उल्लेख करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा, ऐसी सरकार को सत्ता में नहीं होना चाहिए। हमें इसके खिलाफ लोकतांत्रिक लड़ाई लड़नी होगी।

केजरीवाल पर निशाना साधते हुए नड्डा ने कहा कि उन्होंने खुद को कट्टर ईमानदार बताया जबकि उनके पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को अदालत कई बार जमानत देने से इनकार कर चुकी है।

नड्डा ने भाजपा की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी ने न केवल देश में सरकार बदली बल्कि विकास और प्रदर्शन पर आधारित राजनीति की एक नई संस्कृति भी शुरू की।

## दक्षिण भारतीय मंदिरों की वास्तुकला से प्रेरित होगा भवन

***नई दिल्ली।*** *दिल्ली भाजपा कार्यालय भवन की आधारशिला रखे जाने को उन्होंने एक ऐतिहासिक क्षण करार दिया। नड्डा ने कहा, हमारे पार्टी कार्यालय वास्तव में हमारे कार्यकर्ताओं के लिए संस्कार केंद्र हैं। उन्होंने कहा कि देश भर में भाजपा के 500 से अधिक कार्यालय पहले ही बन चुके हैं और करीब 166 कार्यालयों का निर्माण किया जा रहा है। भाजपा नेताओं ने कहा कि दक्षिण भारतीय मंदिरों की वास्तुकला से प्रेरित यह चार मंजिला इमारत अगले 18 महीनों में बनकर तैयार होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि 825 वर्ग मीटर के भूखंड पर बनने जा रही इस नई इमारत का निर्मित क्षेत्र 30,000 वर्ग फुट होगा। भाजपा नेताओं के मुताबिक, नए कार्यालय परिसर में भाजपा की दिल्ली इकाई के पदाधिकारियों के दफ्तरों के साथ-साथ पार्किंग, कैंटीन और 300 लोगों के बैठने की क्षमता वाला सभागार भी होगा। नड्डा ने इस अवसर पर अरुण जेटली, सुषमा स्वराज, मदन लाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा, केदार नाथ साहनी सहित दिल्ली से ताल्लुक रखने पार्टी के दिग्गजों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने भाजपा के विकास और विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान दिया।*

# आतंकी संगठन में शामिल होने का आरोप लगाकर बुजुर्ग महिला से ठगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दक्षिण पश्चिम दिल्ली की बुजुर्ग महिला से पांच लाख की ठगी का मामला सामने आया है। साइबर ठगों ने महिला पर खालिस्तानी आतंकवादी संगठनों और मादक पदार्थ तस्करों से संबंध का आरोप लगाया था।

जालसाजों ने मामले से बचाने की पेशकश करते हुए महिला से पांच लाख रुपये ऐंठ लिया। पीड़िता को जब ठगी का एहसास हुआ तो उसने गत 29 मई को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार बुजुर्ग ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया था कि उसके पास एक व्यक्ति का फोन आया था जिसने खुद के एक बड़ी कूरियर कंपनी का कर्मचारी होने का दावा किया। व्यक्ति ने महिला को बताया कि उसने कनाडा के लिए कूरियर बुक किया था जिसमें कुछ समस्या आ रही है। पीड़ित ने अपनी शिकायत में कहा, उसने आरोपियों से कहा कि उसने कोई कूरियर बुक नहीं किया है क्योंकि वह कनाडा में किसी को नहीं जानती। इसके बाद उसने कहा कि निश्चित रूप से इसमें कुछ आतंकवादी साजिश है। उसने खासतौर पर खालिस्तानी शब्द इस्तेमाल किया था। महिला ने कहा, उसने उसे तुरंत प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए कहा और अंबोली पुलिस थाने (मुंबई) में किसी से संपर्क करने की पेशकश की। महिला ने बताया कि

# कार ने मारी टक्कर, मां-बेटी समेत 3 की मौत

● सड़क हादसे में बाइक सवार पति गंभीर रूप से घायल, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



क्षतिग्रस्त कार।

द्वारका इलाके में एक एसयूवी गाड़ी के मोटरसाइकिल से टकरा जाने से मोटरसाइकिल सवार मां-बेटी समेत तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। घायल इंदिरा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके हाथ और पैर की हड्डी टूट गई है। घटना द्वारका इलाके के एनएलयू लाल बत्ती के पास की है।

पुलिस उपायुक्त एम हर्षवर्धन ने बताया कि द्वारका सेक्टर-17 के स्पाइन एन्क्लेव निवासी माते और दीक्षा को प्राथमिक उपचार के बाद सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया, जबकि फूला और लखन को चिकित्सकों ने मृत घोषित किया। उनके अनुसार बाद में दीक्षा ने भी दम तोड़ दिया। सभी लोग मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के रहने वाले थे और एक ही मोटरसाइकिल पर सवार थे। दिल्ली में मजदूरी करते थे। पुलिस ने कहा कि फूला, माते की पत्नी थी और लखन उसका साला था। माते का बयान दर्ज किया गया और उसने बताया कि वह अपने परिवार के साथ भारत विहार से मोटरसाइकिल पर सेक्टर 17 की ओर जा रहा था तभी सेक्टर 13 की तरफ से आ रही एक एसयूवी ने उन्हें टक्कर मार दी। एसयूवी चालक की पहचान अबरार के रूप में हुई है। उसे पकड़ लिया गया है। पुलिस ने कहा कि जब यह हादसा हुआ तब अबरार द्वारका सेक्टर 13 में अपनी बहन के घर से आ रहा था। पुलिस ने कहा कि यह पता लगाया जा रहा है कि हादसे के दौरान लालबत्ती जल रही थी या नहीं। पुलिस का कहना है अबरार गाड़ी चलाते समय शराब के नशे में नहीं था।

# भारत की छाप देता है डीडीए का काम : एस जयशंकर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




● डीडीए के 75 वर्ष पूरे होने पर अधिकारियों व कर्मचारियों से मिलने पहुंचे केंद्रीय विदेश मंत्री, राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी भी थीं साथ

केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि दिल्ली विकास प्राधिकरण बहुत खास दायित्व निभाता है। डीडीए जो बदलाव लाता है वह राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के लिए ही नहीं है बल्कि पूरे देश की छाप है।

जयशंकर ने डीडीए के 75 वर्ष पूरे होने पर विकास सदन में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों से बातचीत करते हुए कहा, दिल्ली में जो भी बदलाव लाया जाता है, उसका माडल प्रभाव देश के बाकी हिस्सों पर भी पड़ता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से हो रही देश की प्रगति को खास बताया और कहा कि वे देश की ही नहीं, वैश्विक बेहतरी की भी महत्वाकांक्षा रखते हैं। अतीत की यादों को ताजा करते हुए उन्होंने कहा, सुषमा स्वराज और वह चर्चा करते थे कि हमारा मंत्री-सचिव संयोजन सबसे अच्छा था क्योंकि दोनों ने एक साथ कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। आज दुनिया हमें बहुत सम्मान की नजर से देख रही है। मेरे माता-पिता भी डीडीए के फ्लैटों में रहते थे। वह हमेशा आप सभी को आपके द्वारा किए गए काम के लिए धन्यवाद देना चाहता था। मीनाक्षी लेखी ने कहा कि राजधानी का चेहरा बदलने और इसे विकास के पथ पर आगे करने के डीडीए का आभार जताया।

हरित स्थानों को बनाए रखने के लिए डीडीए के विकास कार्य को मान्यता दी। यमुना के आसपास जैव विविधता पार्क और यमुना बाढ़ के क्षेत्रों को फिर से बेहतर बनाने, प्रवासी पक्षियों की 55 प्रजातियों को संरक्षित करने जैसे विभिन्न प्रयासों के लिए भी डीडीए की सराहना की। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने यह भी कहा कि नौ साल के कार्यकाल में तो भाजपा सरकार ने कांग्रेस द्वारा खोदे गए गडढे ही भरे हैं, इमारत बनाना अभी बाकी है।

## दीपक बाबरिया दिल्ली और हरियाणा के बने प्रभारी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने दीपक बाबरिया को दिल्ली और हरियाणा का अखिल भारतीय कांग्रेस समिति का प्रभारी नियुक्त किया है। वह राज्य सभा सदस्य शक्ति सिंह गोहिल की जगह लेंगे। एआइसीसी के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने ये आदेश जारी किए। कांग्रेस ने शक्तिसिंह गोहिल को गुजरात का कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। कयास लगाए जा रहे है कि दिल्ली का प्रभारी बदले जाने के बाद अब बारी प्रदेश अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार की जगह कोई नया अध्यक्ष बनाया जाएगए। काफी लंबे समय से चौधरी के बदले जाने की अटकलें लगाई जा रही है।

# टीडीएम कैफे हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● जन्मदिन मना रहे युवक को मारी थी गोली



स्मैक बेचने को लेकर हुए झगड़े में दक्षिण दिल्ली के एक कैफे में विरोधी गिरोह के सदस्य की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी 22 वर्षीय युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस ने कहा कि अमन उर्फ बाबू लाल ने छह मई को कुणाल नामक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी थी, जब वह दक्षिण दिल्ली के कालकाजी में टीडीएम कैफे में एक दोस्त का जन्मदिन मना रहा था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि शिकायत के अनुसार, जोशी, कुणाल और कुछ अन्य लोगों के साथ कालकाजी में टीडीएम कैफे में अपने भाई का जन्मदिन मना रहा था, तभी अमन और गुलशन नामक एक और व्यक्ति वहां पहुंचे तथा कुणाल को पीटना शुरू कर दिया। अधिकारी ने कहा कि झगड़े के दौरान गुलशन ने कुणाल को चाकू मारा जबकि अमन खान ने उस पर गोली चलाई।

गोली लगने से कुणाल की मौत हो गई। विशेष पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंह यादव ने कहा कि हत्या के मद्देनजर, पुलिस ने कई लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अमन ने बताया कि दिनेश और निरंजन नामक व्यक्तियों के प्रतिद्वंद्वी समूहों के बीच स्मैक बेचने के इलाके को लेकर झगड़ा हो गया था। दिनेश ने अमन को बताया था कि निरंजन और समूह के अन्य सदस्य आर्यन, सैफी, कुणाल जन्मदिन मनाने के लिए गोविंदपुरी एक्सटेंशन में टीडीएम कैफे में एकत्र होंगे।

# शिक्षण रोस्टर में जानबूझकर गड़बड़ी का आरोप, सुनवाई 28 जुलाई को

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कॉलेज ऑफ वोकेशनल स्टडीज की उस याचिका को सुनवाई के लिए 28 जुलाई को सूचीबद्ध किया है जिसमें विभिन्न विभागों में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए अनुमति देने का अनुरोध किया गया है।

उच्च न्यायालय ने पिछले महीने कॉलेज से कहा था कि पर्यटन विभाग के एक सहायक प्रोफेसर की याचिका के बाद कोई भी नियुक्ति करने से पहले अनुमति ली जाए। सहायक प्रोफेसर की याचिका में आरोप लगाया गया है कि उनके विभाग में अनारक्षित श्रेणी के पदों को हटाकर अधिकारियों ने शिक्षण रोस्टर में जानबूझकर गड़बड़ी की। न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह की अवकाशकालीन पीठ ने सात जून को निर्देश दिया था कि मामले को सुनवाई कर रहे न्यायाधीश के समक्ष पहले से तय तारीख पर विचार-विमर्श के लिए सूचीबद्ध किया जाए। कॉलेज ने अपने आवेदन में दलील दी कि याचिकाकर्ता रवींद्र सिंह कुशवाहा ने गलत तथ्य प्रस्तुत किए हैं।

याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि हेरफेर किए गए शिक्षण रोस्टर के मद्देनजर तदर्थ सहायक प्रोफेसरों की सेवा को मनमाने और गलत तरीके से समाप्त कर दिया गया है।

# पुरानी रंजिश के चलते युवक को चाकू घोपा

● गंभीर रूप से घायल, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



नंद नगरी इलाके में पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति ने युवक को चाकू घोंप दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर है जिसमें व्यक्ति सड़क पर पड़े पीड़ित पर वार करते नजर आ रहा है। बाद में हमलावर घटनास्थल से भाग जाता है।

पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार रात करीब 10 बजकर 37 मिनट पर पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को एक फोन आया और फोन करने वाले ने कहा कि उसके भाई पर चाकू से वार किया गया है तथा उसे गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल ले जाया गया है। घायल व्यक्ति की पहचान सुंदर नगरी निवासी कासिम (20) के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, घायल व्यक्ति अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है। उन्होंने कहा कि पीड़ित को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के ट्रॉमा सेंटर में रेफर किया गया है। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 307 (हत्या का प्रयास) के तहत एक मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। आरोपी सोहेब (22) भी सुंदर नगरी का ही निवासी है, जिसे पकड़ लिया गया है। शुरुआती जांच में संकेत मिला है कि सोहेब और कासिम के बीच पुरानी दुश्मनी थी, जिसके कारण यह घटना हुई। पुलिस ने बताया कि करीब दो साल पहले कासिम ने दोनों के बीच किसी विवाद को लेकर सोहेब के चेहरे पर घूंसा जड़ दिया था, जिससे उसकी आंख क्षतिग्रस्त हो गई थी और नाक में भी कोई समस्या आ गई थी। तभी से सोहेब के मन में कासिम के लिए प्रतिशोध की भावना थी। उन्होंने कहा कि मामले में जांच जारी है।

## मयूर विहार में युवक को गोली मारी, गंभीर

**नई दिल्ली।** मयूर विहार इलाके में अज्ञात व्यक्ति ने युवक को गोली मार दी। पुलिस ने कहा कि पीड़ित का नाम करण है, जो चिल्ला गांव में एक व्यायाम शाला (जिम) में काम करता है। पुलिस के अनुसार बृहस्पतिवार को त्रिलोकपुरी इलाके में युवक के घर के निकट अज्ञात व्यक्ति ने उसे गोली मारी। घायल अवस्था में उसे धर्मशिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

मयूर विहार थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या का प्रयास) और 34 (समान इरादे) और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास के लोगों से जानकारी ली जा रही है।

# कहानी, डांस और गानों के जरिये अपनी संस्कृति से रूबरू हो रहे छात्र

**मस्ती की पाठशाला:** गर्मी की छुट्टियां मजेदार बनाने के लिए दिल्ली सरकार शहर भर में 150 स्थानों पर चला रही समर कैम्प

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



मस्ती की पाठशाला में बच्चों से बातचीत करती शिक्षा मंत्री आतिशी।

स्कूली छात्रों की गर्मी की छुट्टियां मजेदार बनाने के लिए दिल्ली सरकार शहर भर में 150 स्थानों पर समर कैम्प (मस्ती की पाठशाला) चला रही है। यहां कहानी, डांस और गानों के जरिए छात्रों को संस्कृत का ज्ञान दिया जा रहा है।

इन वर्क शॉप में सरकार की विभिन्न अकादमियां भी हिस्सा ले रही हैं। गढ़वाली-कुमाऊनी-जौनसारी अकादमी द्वारा बच्चों को उत्तराखंड की मशहूर रामायण पर आधारित रामलीला का मंचन भी सिखाया जा रहा है। भोजपुरी, मैथिली अकादमी के द्वारा बच्चों ने शानदार मधुबनी पेंटिंग बनाने का गुर सीख रहे हैं। साथ ही पंजाबी अकादमी, सिंधी अकादमी, संस्कृत अकादमी, उर्दू अकादमी सहित अन्य अकादमी बच्चों को उनकी संस्कृति से रूबरू करा रही हैं। संस्कृत अकादमी द्वारा बच्चों में संस्कृत भाषा सिखाने के लिए यहां कहानी, डांस, गानों और कविताओं के जरिए संस्कृत भाषा सिखाई जा रही है। शिक्षा मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय, द्वारका सेक्टर-19 में चल रहे समर कैंप में शामिल होकर की बच्चों से बातचीत कर उनका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर कला,संस्कृति और भाषा मंत्री आतिशी ने कहा कि, पहले मध्यम वर्गीय परिवार के माता-पिता सोचते थे कि गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों को पेंटिंग, म्यूजिक, डांस, थिएटर या कोई नई भाषा सिखाने का मतलब बहुत ज्यादा पैसा खर्च करना है। इस कारण बहुत से अभिभावक अपने बच्चों को कुछ नया नहीं सीखा पाते थे।

लेकिन अब सरकार अपने शानदार समर वर्कशॉप्स के माध्यम से पैरेंट्स की पैसों की चिंता को दूर कर दी है। और हजारों बच्चों को फ्री में शानदार समर वर्कशॉप करवा रही है। ताकि बच्चे नई भाषाएँ सीखे, डांस, म्यूजिक, ड्रामा, थिएटर आदि के नए हुनर सीखे और उन्हें निखारे। साथ ही योग के माध्यम से बच्चों को एक स्वस्थ जीवनशैली भी सिखाई का रही है।

रामायण पर आधारित रामलीला में रामलीला का मंचन छात्र नृत्य के माध्यम से सीख रहे हैं। वहीं, भोजपुरी, मैथिली अकादमी के द्वारा बच्चों ने शानदार मधुबनी पेंटिंग बनानी सीख ली है। मालूम हो कि मधुबनी में मिथिला पेंटिंग सीखने के लिए विशेष तौर पर प्रशिक्षण दिया जाता है।

वहीं, आज मिथिला पेंटिंग आर्टिस्टों के लिए जीवन यापन का एक जरिया भी बन गया है. ऐसे में दिल्ली में रहने वाले पूरबिया छात्रों के लिए यह एक अनोखा अवसर है, जहां वह अपनी जमीन से जुड़ी संस्कृति से रूबरू हो रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार



लाभार्थी से फीड बैक लेते केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे।

### 2014 के बाद बदला कश्मीर: अश्विनी चौबे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर कश्मीर पहुँचे। उसके पश्चात वे बांदीपुरा लघु सचिवालय में आला अधिकारियों के साथ बैठक की। वुलर झील का अवलोकन किया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों से बातचीत की। उन्होंने वुलर में आयोजित विकास योजनाओं के प्रदर्शनी का अवलोकन किया। लाभार्थियों से बातचीत की। केंद्रीय मंत्री चौबे को जनप्रतिनिधियों ने बताया कि 2014 के बाद कश्मीर बदल गया है। कार्य संस्कृति बदल की गई है। इससे विकास को पंख लगे हैं। केंद्रीय मंत्री चौबे ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में सभी विकास योजनाओं की जानकारी ली। लाभार्थियों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों से फीड बैक लिया।

### भाजपा ने झुग्गी वालों को धोखा दिया : आप



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने पुनर्वास के नाम पर झुग्गी वालों को बेघर करने की भाजपा की साजिश आलोचना की है। पिछले कुछ महीनों के दौरान डीडीए दक्षिणी दिल्ली क्षेत्र की बस्तियों में विध्वंस अभियान चला रहा है। इससे पहले, एमसीडी चुनाव से ठीक पहले, डीडीए ने खराब मौसम में हजारों निवासियों को बिना छत के छोड़ दिया था। तब से, आम आदमी पार्टी अवैध और अनुचित विध्वंस अभियान का कड़ा विरोध कर रही है। आम आदमी पार्टी ने कहा कि भाजपा ने झुग्गी वासियों को फिर धोखा दिया है। अदालत के स्थगन आदेश के बावजूद डीडीए का अवैध विध्वंस अभियान जारी है। मामले की जानकारी देते हुए वकील वंदना सिन्हा ने कहा कि डीडीए कालकाजी स्थित भूमिहीन कैंप में तोड़फोड़ अभियान चला रहा है। डीडीए को जेजे पुनर्वास नीति 2015 के माध्यम से पीएम आवास योजना के तहत इन निवासियों का पुनर्वास करना था।

# हादसे व जनहानि रोकने को डाटा की स्टडी से तैयार होगी भविष्य की प्लानिंग : मीणा

## एडीसी ने की सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लेकर जिला स्तरीय कमेटी संग समीक्षा बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लेकर गठित जिला स्तरीय कमेटी की बैठक लेते एडीसी हितेश कुमार मीणा।

**अतिरिक्त** उपायुक्त हितेश कुमार मीणा ने कहा कि गुरुग्राम जिला में सड़कों पर होने वाले हादसों व जनहानि का डाटा कंप्लाइल किया जाना चाहिए। इस डाटा में हादसे का समय व स्थान, वजह और संबंधित स्थान पर सुधार के लिए आवश्यक सुझाव की जानकारी होनी चाहिए। इस डाटा को तैयार करने के लिए अंतर विभागीय कमेटी जिसमें क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण, ट्रैफिक पुलिस व राहगीरी फाउंडेशन से प्रतिनिधि सदस्य होंगे। उन्होंने यह निर्देश शुक्रवार को सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लेकर गठित जिला स्तरीय कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए।

हितेश कुमार मीणा ने कहा कि इस डाटा के अध्ययन के आधार पर भविष्य में हादसों की रोकथाम को लेकर आवश्यक कार्य किए जाएंगे। उन्होंने बैठक के दौरान सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि इस महीने के अंत तक सभी स्कूलों के ट्रांसपोर्ट इंचार्ज व चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरुकता को लेकर कार्यशाला आयोजित होनी चाहिए। साथ ही सभी एसडीएम अपने एरिया में स्कूल बसों से जुड़े आवश्यक कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करेंगे। उन्होंने बैठक के एजेंडे में शामिल भोंडसी के समीप बीएसएफ कैंप में आने वालों की सुविधा के लिए एफओबी, गुरुग्राम-फरीदाबाद मार्ग पर वैली व्यू के आगे आवश्यक कार्य करवाने, सोहना बस स्टैंड व दमदमा लेक वाले कट आदि से जुड़े कार्यों की समीक्षा भी की।

उन्होंने बैठक में एनएच पर गांव नरसिंहपुर के समीप बने अवैध कट को लेकर एफओबी की डीपीआर तुरंत तैयार करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पंचगांव चौक के समीप बने कट को बंद करने तथा आस-पास के ग्रामीणों की सुविधा के लिए एनएचएआई के अधिकारियों को अंडरपास से जुड़े कार्य की प्रक्रिया तुरंत आरंभ करने की बात कही। साथ ही एचएसआईआईडीसी भी क्लोवर लीफ के समीप वाहन चालकों की सुविधा के लिए संकेत चिन्ह लगाए। इसके साथ ही उन्होंने हीरो होंडा चौक, आरडी सिटी के समीप लेबर चौक को शिफ्ट करने, गुरुग्राम शहर के प्रमुख स्थानों पर यातायात सुगमता व राजीव चौक से जुड़े कार्यों को लेकर भी आवश्यक दिशा-निदेज़्श दिए। जिला परिवहन अधिकारी एवं क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के सचिव जितेंद्र गहलावत ने जिला स्तरीय कमेटी के समक्ष एजेंडे में शामिल बिंदुओं का सिलसिलेवार प्रस्तुतिकरण दिया।

इस अवसर पर सोहना के एसडीएम प्रदीप सिंह, बादशाहपुर के एसडीएम सतीश यादव, गुरुग्राम के एसडीएम रविंद्र यादव, एसीपी ट्रैफिक अखिल कुमार, सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सिकरी, पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन चरणदीप सिंह राणा व संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ सहित राहगीरी फाउंडेशन व गुरुग्राम विजन जीरो आदि संस्थाओं के प्रतिनिधि भी बैठक में मौजूद रहे।

# आर्थिक और वित्तीय राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलू : कुलपति

## एमओयू पर आईआईसीए के प्रोफेसर नवीन सिरोही ने हस्ताक्षर किए

**गुरुग्राम।** भारतीय कारपोरेट मामलों के संस्थान (आईआईसीए) और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। समझौता ज्ञापन का उद्देश्य आंतरिक सुरक्षा, वित्तीय अपराध, कानून प्रवर्तन, कारपोरेट धोखाधड़ी और अन्य विषयों के क्षेत्र में क्षमता निर्माण, शिक्षा, अनुसंधान और परामर्श की दिशा में आईआईसीए और आरआरयू की पेशेवर क्षमताओं को समन्वित करना है।

समझौता ज्ञापन अनुसंधान, प्रशिक्षण और परामर्श आयोजित करने के लिए आईआईसीए और आरआरयू के बीच ज्ञान और संसाधनों के आदान-प्रदान का भी प्रावधान करता है। आईआईसीए के महानिदेशक और सीईओ प्रवीण कुमार ने कहा कि कार्पोरेट धोखाधड़ी सबसे गंभीर आर्थिक अपराधों में से एक है, क्योंकि इसमें भारी सार्वजनिक धन शामिल होता है जो राष्ट्र के आर्थिक स्वास्थ्य पर आश्चर्यजनक रूप से प्रभाव डालता है। आरआरयू के सहयोग से आईआईसीए सुरक्षा के लिए तत्पर है। वित्तीय परिदृश्य में बैंकों, वित्तीय संस्थानों, जांच एजेंसियों और अन्य पेशेवरों के प्रासंगिक हितधारकों के अधिकारियों को प्रशिक्षण और अपस्किलिंग के माध्यम से देश की आर्थिक सुरक्षा। आरआरयू के कुलपति प्रो. (डॉ.) बिमल पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि आर्थिक और वित्तीय सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण पहलू है। किसी देश की आर्थिक सुरक्षा उसके सुशासन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह अनिवार्य हो जाता है कि वित्तीय और कारपोरेट प्रणाली में हितधारकों के साथ-साथ कानून प्रवर्तन एजेंसियों के कर्मियों को वित्तीय अपराधों की जल्द पहचान और रोकथाम के लिए पर्याप्त रूप से सुसज्जित होना चाहिए। दोनों संस्थानों के बीच यह सहयोग मौजूदा वित्तीय प्रणाली को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। एमओयू पर आईआईसीए के प्रोफेसर (डॉ.) नवीन सिरोही ने हस्ताक्षर किए, जिन्होंने सहयोग का उद्देश्य विवरण भी साझा किया। आरआरयू से राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून के निदेशक डॉ. डिंपल टी रावल ने कार्य योजना को स्पष्ट करने के साथ-साथ धन्यवाद प्रस्ताव रखा।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला पुस्तकालय गुरुग्राम में शुरू हुआ समर कैंप



**गुरुग्राम।** बच्चों में शिक्षा के विकास व उनमें किताबों के माध्यम से पठन गतिविधियों के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से सिविल लाइन्स स्थित जिला पुस्तकालय में समर कैम्प शुरू किया गया। डीसी निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में आयोजित यह कैम्प 23 जून तक जारी रहेगा। समर कैम्प के संयोजक व पुस्तकाध्यक्ष नरेश दलाल ने कहा कि आधुनिकता व इंटरनेट के इस युग मे बच्चे मोबाइल फोन, कंप्यूटर, लैपटॉप तक ही सीमित हो चुके हैं। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि बच्चे व उनके अभिभावक किताबों को अपना साथी बनाएं। उन्होंने कहा कि यदि हम अपनी पाठन प्रक्रिया में मोबाइल के बजाय किताबों को प्राथमिकता देंगे। यह हमारे स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होगा। उन्होंने बताया कि यह कैम्प नि:शुल्क रहेगा। कैम्प के शुभारंभ अवसर पर रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ. डीआर अग्रवाल, शरद गोयल, विजय गुप्ता सहित बच्चे व उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

### विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस के उपलक्ष में लगा जागरुकता शिविर



**गुरुग्राम।** दौलताबाद के होम्योपैथिक चिकित्सालय में विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस के उपलक्ष में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. नितिका शर्मा ने शिविर में आए लोगों को चिकित्सा परामर्श दिया गया। ब्रेन ट्यूमर के बारे में भी जागरुक किया गया। डा. नितिका शर्मा ने कहा कि ब्रेन ट्यूमर का सबसे बड़ा कारण तनावपूर्ण जीवनशैली, प्रदूषण, खानपान (खासकर शहरों में) है। इसके अतिरिक्त मोबाइल फोन का आवश्यकता से अधिक प्रयोग है। जिससे आगे चलकर परेशानी हो सकती है। ब्रेन ट्यूमर होने पर आम लक्षण जो शरीर में दिखाई देते हैं, उनमें धीरे-धीरे सिरदर्द का बढ़ना, घबराहट या उल्टी, धुंधली दृष्टि, दोहरी दृष्टि या दृष्टि की हानि, रोजमर्रा के मामलों में उलझन, व्यवहार में बदलाव, बोलने और सुनने में कठिनाई इत्यादि हैं। उन्होंने बताया कि विदानिया, पल्सेटिला, इग्नेशिया, बकोपा मोनेरी, नेट्रम म्यूर,लेकेसिस, रुटा, कार्सिनोसिन जैसी होम्योपैथिक दवाइयां ब्रेन ट्यूमर के लिए सहायक हो सकती हैं। लेकिन इनका प्रयोग विशेषज्ञ की सलाह उपरांत ही करें। शिविर में डॉक्टर नम्रता, गुरदास व अन्य का विशेष सहयोग रहा।

### पाइपलाइन बिछाने के कार्य के दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**पलवल।** जिलाधीश नेहा सिंह ने यमुना बैंक के पास रैनीवेल से खंड बडौली के गांव मुस्तफाबाद (खटका) में निर्माणाधीन एमबीएस तक पाइपलाइन बिछाने के कार्य के दौरान तत्काल प्रभाव से अगले तीन सप्ताह या कार्य पूर्ण होने तक कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए पलवल के जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता अशोक कुमार शांडिल्य को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। ड्यूटी मजिस्ट्रेट दंड प्रक्रिया संहिता-1973 में निहित कार्यकारी मजिस्ट्रेट की शक्तियों का प्रयोग करेगा। सभी संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करेंगे कि संदर्भित भूमि एवं उपरोक्त कार्यवाही पर किसी न्यायालय की ओर से कोई रोक/यथास्थिति आदि न हो तथा कार्य नियमानुसार हो और धूल नियंत्रण के प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन हो। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों और इस संबंध में विभिन्न सी.पी.सी.बी. दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए।

### मत्स्य किसान आवेदक सरल पोर्टल पर कर सकते हैं आवेदन

**पलवल।** डीसी नेहा सिंह ने बताया कि जिला में अनुसूचित जाति से संबंधित मत्स्य किसानों अथवा मत्स्यकों के लिए पंचायती तालाब की पट्टा राशि और जाल की खरीद पर अनुदान के लिए सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। जिला मत्स्य अधिकारी अनिल गुप्ता ने बताया कि मत्स्य विभाग हरियाणा द्वारा पंचायती तालाबों का प्रथम वर्ष पट्टा राशि पर 50 प्रतिशत तथा द्वितीय व आगामी वर्षों की पट्टा राशि पर 25 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जाता है। अनुदान की अधिकतम सीमा क्रमश‍ 1 लाख रुपए तथा 50 हजार रुपए प्रति लाभार्थी है। जाल की खरीद पर 50 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जाता है, जिसकी अधिकतम सीमा 20 हजार रुपए है। उन्होंने बताया कि आवेदन के लिए पट्टा रजिस्टर की फोटोकॉपी, पट्टा राशि संबंधित रसीद, पहचान संबंधित दस्तावेज, जाति प्रमाण पत्र का होना जरूरी है। इसके लिए इच्छुक आवेदक पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

### गुरुग्राम में हरियाणा उदय कार्यक्रम में मनेगा जिला खेल महोत्सव



**गुरुग्राम।** आजादी के अमृत काल में आमजन के बीच जनसहभागिता सुनिश्चित करते हुए सुरक्षित और अधिक समावेशी समाज बनाने के उद्देश्य से सामुदायिक पुलिसिंग और आउटरीच कार्यक्रम हरियाणा उदय के तहत जिला में 15 जून से 15 सितंबर के बीच जनजागरण की विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस बाबत शुक्रवार को एडीसी हितेश कुमार मीणा ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में एडीसी ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 21 मई को गुरुग्राम में आयोजित राहगीरी कार्यक्रम के अवसर पर हरियाणा उदय कार्यक्रम का शुभारंभ किया था। जिसमें सामुदायिक पुलिसिंग और आउटरीच कार्यक्रम के तहत प्रत्येक जिलों में आउटरीच कार्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला गुरुग्राम में तीन माह तक जनभागीदारी की विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत गुरुग्राम में जिला खेल महोत्सव, सरकारी स्कूलों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं में आवश्यक सुधार करने व जिला स्तर पर पौधारोपण जैसी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। एडीसी हितेश कुमार मीणा ने बताया कि खेल महोत्सव के तहत पहले जिला के सभी ब्लॉक में पंचायत स्तर पर खेल गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसके उपरांत ब्लॉक स्तर के विजेताओं के बीच सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे। अंत में सेमीफाइनल में विजेता रही प्रमुख टीमों के बीच जिला स्तर पर फाइनल मैच खेला जाएगा। उन्होंने बताया कि समूह खेल प्रतियोगिताओं में क्रिकेट, वॉलीवाल व रस्साकशी (पुरुष व महिला दोनों के लिए) को शामिल किया गया है। वहीं एकल प्रतियोगिता में पुरुष व महिलाओं के लिए दंगल व 200 व 400 मीटर की दौड़ आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ निगम एरिया में भी जोनवार इन खेल गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तर पर विजेता रहने वाली टीमों व एकल प्रतियोगिता के विजेताओं को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित भी जाएगा।

# प्रतियोगिताओं में बच्चों ने किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन



बोहड़ाकलां स्थित ब्रह्मकुमारीज के ओम शांति रिट्रीट सेंटर में तीन दिवसीय बाल व्यक्तित्व शिविर में भाग लेते बच्चे।

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

## तीन दिवसीय बाल व्यक्तित्व शिविर हुआ समापन

## 300 से भी अधिक बच्चों ने कार्यक्रम में की शिरकत

**ब्रह्माकुमारीज** के भोराकलां स्थित ओम शांति रिट्रीट सेंटर में बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का समापन हुआ। 6 से 11 वीं कक्षा तक के बच्चों के लिए आयोजित तीन दिवसीय शिविर में भौतिक, आध्यात्मिक, बौद्धिक एवं मानसिक स्तर पर अनेक विषयों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में दिल्ली एवं एनसीआर से 300 से भी अधिक बच्चों ने शिरकत की। राजयोग के अनुभवी प्रशिक्षकों एवं विशेषज्ञों द्वारा योग की बारीकियों के साथ गहन अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर ओआरसी की निदेशिका राजयोगिनी आशा दीदी ने अपने अनुभवयुक्त विचार व्यक्त करते हुए सभी को प्रेरणा दी।

उन्होंने कहा कि उन्होंने बाल्यकाल से ही आध्यात्मिक मूल्यों को अपने जीवन में उतारा है। सत्यता, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और परोपकार जैसे गुणों से ही जीवन महान बनता है। उन्होंने कहा कि बचपन में मिली शिक्षाएं ताउम्र याद रहती हैं। बचपन से ही बच्चों में नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों का समावेश जरूरी है। नैतिकता से सम्पन्न व्यक्तित्व ही देश एवं विश्व को सही दिशा प्रदान कर सकता है।

**खेलकूद एवं बौद्धिक विषय पर बच्चों ने दिखाई अपनी कला :** कार्यक्रम में बच्चों के लिए खेलकूद के साथ-साथ अनेक बौद्धिक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ। जिसमें 100 मीटर दौड़, लेमन रेस, सेक रेस एवं क्विज जैसी प्रतियोगिताएं प्रमुख रही। जिनमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्पीच कंपीटिशन के द्वारा भी बच्चों ने अपने मानोभाव व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। बीके रेखा ने कहा कि प्रतियोगिताओं का मूल उद्देश्य बच्चों में परस्पर मधुर संबंध एवं सहयोग की भावना को बढ़ाना है।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने मोहा सबका मन :** अपनी सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने सबका मन मोहा। बच्चों ने अपने अद्‌भुत अभिनय के द्वारा भारतीय सनातन संस्कृति की झलक प्रस्तुत की।

कार्यक्रम में नृत्य, नाटक, गीत एवं कविता के माध्यम बच्चों ने अपनी भावनाओं को प्रकट किया। आध्यात्मिक ऊर्जा से पूर्ण ओआरसी परिसर में आकर बच्चों ने एक नई प्रेरणा ली। साथ ही मूल्यपरक जीवन जीने की प्रतिज्ञा की।

# अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए योगाभ्यास कार्यक्रम 15 जून को

**गुरुग्राम।** आजादी के अमृत महोत्सव श्रृंखला के तहत इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जिला में व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। डीसी निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में योग दिवस को लेकर विभिन्न स्थानों पर प्रतिदिन कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं योग दिवस कार्यक्रम को लेकर जिला की नोडल अधिकारी अनु श्योकंद ने बताया कि आगामी 15 जून को ताऊ देवी लाल स्टेडियम में सुबह छह से साढ़े सात बजे तक सामान्य योग अभ्यासक्रम (प्रोटोकॉल) के तहत विशेष योगाभ्यास सत्र का आयोजन होगा। इस सत्र में जिला के सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भागीदारी करेंगे।

# बोधराज सीकरी ने किया जीएमडीए के सीईओ पीसी मीणा का स्वागत

## जीएमडीए में सीईओ पीसी मीणा को नई पारी के लिए बधाई भी दी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



जीएमडीए के सीईओ पीसी मीणा का स्वागत करते जीएमडीए के मनोनीत सदस्य।

**जीएमडीए** के नवनियुक्त सीईओ पीसी मीणा का जीएमडीए के सदस्य बोधराज सीकरी समेत अन्य मनोनीत सदस्यों ने छठी रेजिडेंट्स एडवाइजरी काउंसिल की बैठक में पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

बोधराज सीकरी ने कहा कि जब नई एडवाइजरी काउंसिल का गठन हुआ था, उस समय सुधीर राजपाल मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने सभी मनोनीत सदस्यों का अभिनंदन किया था। अब सीआईओ नये आये हैं, इसलिए सदस्यों ने अपनी कर्तव्य परायणता निभाते हुए उनका स्वागत किया है। उनको नई पारी के लिए बधाई भी दी। जीएमडीए के सदस्यों में बोधराज सीकरी हरियाणा प्रांत के सीएसआर के उपाध्यक्ष के अलावा जेएन मंगला उद्योग जगत के प्रतिनिधि, डीडी शर्मा जाने-माने समाजसेवी, कमांडर उदयवीर यादव, प्रवीण यादव, सुदक्षणा आदि ने सीईओ को गुरुग्राम को स्मार्ट सिटी के रूप में बेहतरीन बनाने के प्रयास की शुभकामनाएं भी दी।

# कला और संगीत को साथ लाते हुए एमजी मोटर इंडिया ने पेश किया म्यूजिक वीडियो 'नैना'

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**एमजी** मोटर इंडिया ने कला और संगीत को साथ लाते हुए ऑनलाइन म्यूजिक बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन प्लेटफॉर्म सॉन्गड्यू के साथ मिलकर 'नैना' की पेशकश की है। 'नैना' में दिल को छू लेने वाला म्यूजिक ट्रैक है, जिसे नवाजिशें बैंड ने तैयार किया है। साथ ही इसमें विश्व विख्यात पेंटर विजेंदर शर्मा की आंखों को लुभाने वाली पेंटिंग भी नजर आएगी। कला और संगीत का यह अनूठा मेल सभी देखने और सुनने वालों को दीवाना बना देगा।

नैना मात्र कोई म्यूजिक वीडियो नहीं है, इसमें कला के दो अलग-अलग स्वरूप को साथ लाया गया है। इसका संगीत और इसके बोल सुनने वाले के दिल को छूते हैं। इनमें स्रोता को अपनी ही छवि दिखाई देती है। एमजी ताल पहल के तहत दो सर्वश्रेष्ठ संगीत प्रतिभाओं के रूप में नवाजिशें को चुना गया था। नैना में उन्होंने अपनी शानदार संगीत प्रतिभा दिखाई है। यह संगीत के क्षेत्र की अनूठी प्रतिभाओं को बढ़ावा देने की एमजी मोटर इंडिया की प्रतिबद्धता की झलक भी दिखाता है। दूसरी ओर चित्रकार विजेंदर शर्मा को अपनी खास कला के लिए जाना जाता है। उन्होंने नैना की थीम के आधार पर अद्वितीय पेंटिंग बनाई हैं। इनमें उन्होंने सभी भावनाओं को उड़ेलकर रख दिया है। कला को लेकर अपनी अनूठी समझ से विजेंदर शर्मा ने इस म्यूजिक वीडियो की गहराई को और बढ़ा दिया है। इस प्रोजेक्ट को लेकर शर्मा ने कहा, 'रचनात्मक और इनोवेशन से मैं हमेशा सीमाओं को पार करने के लिए प्रोत्साहित होता हूं। मुझे नैना के पीछे की सोच बहुत प्यारी लगी। मुझे भरोसा है कि दर्शक मेरी पेंटिंग्स से मेरी उस भावना को समझ पाएंगे।' इस म्यूजिक वीडियो में नवाजिशें के शानदार ट्रैक के साथ विजेंदर शर्मा की पेंटिंग्स की झलक दिखेगी। एमजी मोटर इंडिया के मार्केटिंग हेड उदित मल्होत्रा ने कहा, 'एमजी ताल सीजन 2 अद्वितीय भारतीय प्रतिभाओं को मौका देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नवाजिशें का म्यूजिक वीडियो नैना उनकी प्रतिभाओं को निखारने में एमजी ताल के प्रभाव को दिखाता है।' इस गठजोड़ को लेकर सॉन्गड्यू की मार्केटिंग हेड अनन्या खन्ना ने कहा, 'हम कलाकारों के संगीत को नई ऊंचाई पर पहुंचाने की पहल को लेकर एमजी ताल के साथ काम करके खुश हैं।

# यूथ रेडक्रॉस यूनिट ने किया प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**पलवल।** सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल के प्रांगण में यूथ रैडक्रॉस यूनिट के अंतर्गत यूनिट के स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण के लिए एक दिवसीय प्राथमिक सहायता एवं बुनियादी आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में जिला रेडक्रॉस सोसायटी पलवल के विशेषज्ञ दल के सदस्यों में जिला प्रशिक्षण अधिकारी नीतू सिंह, प्राथमिक सहायता लेक्चरर अंकित सौरोत, समन्वयक नितिन अत्री मौजूद रहे। शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डा. अनिता कौशिक, वाईआरसी काउंसलर सोनिया भारद्वाज तथा देविका शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। जिला प्रशिक्षण अधिकारी नीतू सिंह ने स्वयं सेवकों को आपदा के समय में प्रबंधन करना सिखाया। शिविर में दी गई जानकारी स्वयं सेवकों के लिए ज्ञानवर्धक रही। शिविर में लगभग 50 स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया गया।

# समय पर जांच हो जाए तो संभव है ब्रेन ट्यूमर का इलाज : आरजीसीआईआरसी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**ब्रेन** ट्यूमर अब लाइलाज बीमारी नहीं रह गई है, जैसा पहले सोचा जाता था। रेडिएशन, कीमोथेरेपी और सर्जरी के क्षेत्र में नई खोज से ब्रेन ट्यूमर का इलाज आसान हुआ है। यहां तक कि बच्चों और युवाओं में अगर सही समय पर जांच हो जाए तो कैंसर कारक ब्रेन ट्यूमर का भी इलाज संभव है। वर्ल्ड ब्रेन ट्यूमर डे के मौके पर राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (आरजीसीआईआरसी) के सीनियर कंसल्टेंट एवं न्यूरो एंड स्पाइन सर्जरी के प्रमुख डॉ. आईसी प्रेमसागर ने यह बात कही।

डॉ. प्रेमसागर ने कहा कि ब्रेन ट्यूमर के लक्षणों पर ध्यान रखने की जरूरत है। सिरदर्द होना बहुत सामान्य बात है, लेकिन अगर अचानक सिरदर्द बहुत तेजी से होने लगा हो या सिरदर्द के स्वरूप में कोई बदलाव लगे तो यह ब्रेन ट्यूमर की चेतावनी हो सकता है। खासकर यदि सुबह के समय उल्टी के साथ बहुत तेज सिरदर्द की समस्या हो तो यह ब्रेन ट्यूमर का लक्षण हो सकता है। दौरे पड़ना, चलने में संतुलन नहीं बना पाना, देखने में परेशानी होना, बातों को समझने और बोलने में परेशानी होना, सुस्त रहना जैसे लक्षणों पर नजर रखनी चाहिए और किसी प्रतिष्ठित कैंसर सेंटर पर जाकर जांच करा लेनी चाहिए।

बच्चे अक्सर एडवांस्ड स्टेज से पहले इस बारे में नहीं बताते हैं। इसलिए माता-पिता को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी चाहिए। अगर बच्चा अचानक चिड़चिड़ा होने लगे, व्यवहार में बदलाव दिखे या उसके चलने में लड़खड़ाहट दिखे तो ध्यान देना जरूरी है। बच्चों को देखने में परेशानी होने लगती है, तब भी संभव है कि वे इस बारे में न बताएं, इसलिए ध्यान रखना चाहिए और बच्चे चीजों को पहचानने में गलती करने लगें, तो सतर्क हो जाना चाहिए। ब्रेन ट्यूमर क्यों बनता है, इसका कोई स्पष्ट वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है, हालांकि इसके कुछ कारण माने जाते हैं। लगातार किसी रेडिएशन के सम्पर्क में आना, मोबाइल फोन का बहुत ज्यादा इस्तेमाल करना और मांसाहारी भोजन करना ब्रेन ट्यूमर समेत कई अन्य प्रकार के कैंसर का कारण बन सकते हैं। डॉ. प्रेमसागर ने कहा कि यदि परिवार में किसी को ब्रेन ट्यूमर हुआ हो तो इसकी आशंका और बढ़ जाती है। ऐसे में समय-समय पर जांच कराते रहना चाहिए। ब्रेन ट्यूमर्स के इलाज की नई तकनीकों के बारे में बात करते हुए डॉ. प्रेमसागर ने कहा कि न्यूरो नेविगेशन की नई तकनीक से सर्जरी के दौरान सर्जन को सटीक तरीके से ट्यूमर की लोकेशन का पता चल पाता है।

# बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने ओडिशा में हाल ही में हुई रेल दुर्घटना से प्रभावित पॉलिसी धारकों के लिए दावा प्रक्रिया को किया और आसान

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

## बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने ओडिशा में हाल ही हुई दुखद ट्रेन दुर्घटना से प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना जताई

**निजी** क्षेत्र के प्रमुख जीवन बीमा प्रदाता कंपनियों में से एक बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने ओडिशा में हाल ही हुई दुखद ट्रेन दुर्घटना से प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना जताई है। कंपनी ने संकट के इस समय में उनके साथ एकजुटता से खड़े होने की अपनी प्रतिबद्धता को भी दोहराया है और रेल दुर्घटना से प्रभावित अपने पॉलिसी धारकों के लिए दावा प्रक्रिया को और आसान बनाया है। कंपनी ने इस आपदा से प्रभावित अपने पॉलिसीधारकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए विशेष प्रावधान भी लागू किए हैं।

इस कठिन समय के दौरान प्रभावित पॉलिसीधारकों के सामने आने वाली अपार चुनौतियों को समझते हुए बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने इस घटना के कारण प्रभावित अपने ग्राहकों के लिए मृत्यु और दिव्यांगता संबंधी दावों को जल्द निपटाने के लिए इन्हें प्राथमिकता देने की घोषणा की है। कंपनी ने पॉलिसी संबंधी इन दावों को तेजी से निपटाने के लिए एक त्वरित प्रक्रिया स्थापित की है।

प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए, बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने न्यूनतम दस्तावेजों को सूचीबद्ध किया है। ये ऐसे दस्तावेज हैं, जिन्हें नामितियों, कानूनी उत्तराधिकारियों या पॉलिसीधारकों को अपने दावों के साथ जमा कराना आवश्यक है। इन दस्तावेजों को नीचे दिए गए सुविधाजनक तरीकों में से किसी एक के माध्यम से जमा कराया जा सकता है-

-**कंपनी** के टोल फ्री नंबर 18002097272 पर कॉल करें

-**देश** भर में 510 से अधिक शाखाओं में से किसी एक निकटतम शाखा पर जाएं।

-**हमें** ईमेल करें- claimss-canning@bajajal-lianz.co.in कंपनी संबंधित अधिकारियों से मृतकों की सूची प्राप्त करने के लिए भी प्रयास कर रही है और प्रभावित परिवारों तक सक्रिय रूप से पहुंचने के लिए अतिरिक्त प्रयास करेगी।

## कोल्हापुर हिंसा

### आहत भावनायें

**कोल्हापुर हिंसा** से स्पष्ट है कि लोगों की भावनायें भड़काना तथा अकारण विवाद पैदा करना कितना आसान है। विडंबना है कि 'आहत भावनाओं' के बहाने हिंसा और दंगा भड़काना सामान्य होता जा रहा है। महाराष्ट्र के कोल्हापुर में हाल में औरंगजेब व टीपू सुल्तान के सोशल मीडिया स्टेटस तथा पांच नाबालिगों द्वारा 'आपत्तिजनक' आडियो के बाद हिंसा की कई घटनायें हुईं। इससे थोड़े ही समय में महाराष्ट्र के इस छोटे से शहर में कानून-व्यवस्था की धज्जियां उड़ गईं। कुछ दक्षिणपंथी हिंदू संगठनों द्वारा औरंगजेब व टीपू सुल्तान को गौरवान्वित करने वाली सोशल मीडिया पोस्टों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन से कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हुई। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि हिंसा कैसे फैली, पर खबरों के अनुसार इसका नतीजा एक मस्जिद पर पत्थरबाजी, हिंसा और गुंडागर्दी के रूप में सामने आया। कुछ अराजक तत्वों ने मुस्लिम समुदाय के घरों और बिजनेस अवस्थापनाओं पर पत्थर फेंके तथा उनके वाहनों पर हमला बोला। सोशल मीडिया पोस्टों के प्रचार के आरोप में तीन नाबालिगों समेत कम से कम 6 लोगों को हिरासत में लिया गया है। हिंसा के लिए भी 30 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। राज्य के उप-मुख्यमंत्री तथा गृह मंत्री देवेंद्र फडनवीस ने शांति की अपील करते हुए परोक्ष रूप से उन धार्मिक कट्टरपंथियों की आलोचना की जो अकारण औरंगजेब व टीपू सुल्तान के नाम पर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को बढ़ावा देकर 'वोटबैंक' राजनीति कर रहे हैं। इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि पुलिस ने उग्र



दक्षिणपंथी हिंदू संगठनों के खिलाफ भी कार्रवाई की है। भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्टों को किसी प्रकार माफ नहीं किया जाना चाहिए। पीएफआई जैसे 'इस्लामवादी' व भारत-विरोधी संगठनों पर प्रतिबंध के बावजूद कुछ धार्मिक कट्टरपंथी औरंगजेब व टीपू सुल्तान जैसे आधारहीन मुद्दों पर भावनायें भड़काने से बाज नहीं आते हैं और इन पर लगाम लगाना जरूरी है। महाराष्ट्र में वोटबैंक राजनीति के चलते सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के प्रयास हो रहे हैं।
सोशल मीडिया मंचों के प्रचलित होने के बाद सूचनाओं का प्रसार बहुत तेजी से होने लगा है। इसके साथ ही औरंगजेब जैसे ऐतिहासिक व्यक्तित्वों पर चर्चा भी तेज हुई है। सोशल मीडिया आम लोगों को अपनी राय व्यक्त कर ऐतिहासिक विमर्शों में साझा करने व बहसों में भाग लेने के अवसर देता है। लेकिन अभिव्यक्ति की इस स्वतंत्रता के कारण विभाजनकारी विमर्शों व गलत सूचनाओं को भी बढ़ावा मिलता है जिससे सामाजिक अशांति पैदा हो सकती है। औरंगजेब पर पैदा विवाद के कारण कोल्हापुर तथा महाराष्ट्र के अन्य भागों की आम जनता को कष्ट उठाना पड़ा है। विभिन्न प्रकार के व्यक्तियों व समूहों द्वारा अपनी राय साझा करने के कारण सोशल मीडिया मंच परस्पर विरोधी ऐतिहासिक विमर्श का केन्द्र बन गए हैं। अक्सर इन विमर्शों को अत्यधिक सरलीकृत तरीके से पेश किया जाता है जिससे समाज में विभाजन तथा सांप्रदायिक तनाव पैदा हो सकता है। आनलाइन विमर्श तथा सोशल मीडिया मंचों के चरित्र के कारण पूर्वाग्रही विचार मजबूत होते हैं तथा ऐसा माहौल बनता है जहां खुले संवाद व विश्लेषणात्मक समझ को हतोत्साहित किया जाता है। इस प्रकार के सांप्रदायिक ध्रुवीकरण से अक्सर अविश्वास, दुश्मनी तथा आफलाइन स्पेस में भी हिंसा को बढ़ावा मिल सकता है। झूठे या अतिरंजित दावों, ऐतिहासिक घटनाओं की गलत व्याख्या तथा स्रोतों के चयनित ढंग से प्रयोग के कारण ऐतिहासिक विमर्श विकृत हो सकते हैं। इससे लोग भ्रमित हो सकते हैं। ऐसे में लोगों के लिए जरूरी है कि वे आलोचनात्मक ढंग से चीजों को देखें, सूचनाओं की पुष्टि करें तथा ऐतिहासिक घटनाओं पर खुले मन से चर्चा करें।

# तीर्थस्थलों की आर्थिक क्षमतायें

**महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों व तीर्थस्थलों का अपना आर्थिक महत्व है। समाज और देश के विकास में उनके उल्लेखनीय योगदान को अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए।**



**अश्विनी महाजन**
(लेखक, दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं।)



राहुल गांधी की अमेरिका यात्रा में उनके सहयोगी सैम पित्रोदा कांग्रेस शासनकाल में सरकार के बहुत निकट रहे हैं। पित्रोदा ने कहा था कि मंदिर रोजगार का सृजन नहीं करते हैं। स्वाभाविक रूप से उनकी टिप्पणी वर्तमान केन्द्र सरकार द्वारा मंदिरों पर दिए गए ध्यान के संदर्भ में थी। सैम पित्रोदा चाहे जो कहें, मंदिरों और तीर्थस्थलों की अर्थव्यवस्था समझने की बहुत आवश्यकता है। यह सच है कि कृषि, उद्योग व सेवाओं का अपना अर्थशास्त्र है जिनके आधार पर सरकारें देश के विकास की नीतियां बनाती हैं। लेकिन हमें यह भी समझना चाहिए कि मंदिर तथा धार्मिक स्थल व तीर्थस्थलों की अपनी अर्थव्यवस्थ है और समाज तथा देश में उनका योगदान कम नहीं है।

मंदिरों के माध्यम से भी रोजगार का सृजन होता है। मंदिरों के आसपास रहने वाले असंख्य लोग उनसे अपनी आजीविका कमाते हैं। तीर्थस्थलों तथा मंदिर वाले शहरों के आधुनिकीकरण व वहां ढांचागत संरचनाओं के विकास से न केवल सेवाओं के स्तर में सुधार आया है, बल्कि उनका जीडीपी में योगदान भी बढ़ा है। इसी कारण अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों की तरह मंदिरों की अर्थव्यवस्था पर गंभीरता से विचार करना जरूरी हो गया है। भारत में अनेक शहरों और कस्बों में बड़ी संख्या में लोगों की निर्भरता अपनी आजीविका के लिए केवल मंदिरों व तीर्थस्थलों पर निर्भर है। प्राचीन काल से उत्तर प्रदेश में वाराणसी, मथुरा-वृंदावन, अयोध्या व कुशीनगर तथा उत्तराखंड में हरिद्वार, ऋषिकेश, केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री न केवल महत्वपूर्ण तीर्थस्थल हैं, बल्कि उनका महत्व दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। यदि हम अपने चारों ओर देखें तो एक या उससे अधिक धार्मिक केन्द्र लगभग सभी राज्यों में हैं। तमिलनाडु में मदुरै, रामेश्वरम व अन्य अनेक मंदिर हैं। ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ मंदिर, गुजरात में सोमनाथ व द्वारका तथा पंजाब में सिख धर्म का प्रमुख केन्द्र स्वर्ण मंदिर विद्यमान हैं। इसी प्रकार झारखंड के देवघर में बैद्यनाथ मंदिर तथा रांची में जगन्नाथ मंदिर विश्वविख्यात हैं। मध्य प्रदेश के उज्जैन में महाकाल मंदिर के साथ ही भारत के हर क्षेत्र में अनेक मंदिर शहर पाए जाते हैं।

मंदिरों वाले शहरों में बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। अनेक स्थान ऐसे हैं जहां रोज लाखों भक्त आते हैं। केवल वर्ष 2022 में जम्मू के निकट कटरा में स्थित वैष्णो देवी मंदिर में 36.4 लाख भक्त आए थे। 2022 में तमिलनाडु के निकट आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में 3 करोड़ भक्त आए थे। इसी प्रकार करोड़ों लोग अलग-अलग मंदिरों में हर साल जाते हैं। यह स्वाभाविक धार्मिक पर्यटन कुल पर्यटन बिजनेस का बड़ा हिस्सा है। इससे देश में अन्य आर्थिक लाभों के साथ भारी मांग पैदा होती है। अनुमान है कि भारत में कुल धार्मिक पर्यटन का 60 प्रतिशत घरेलू पर्यटन है, जबकि भारत में 11 प्रतिशत विदेशी पर्यटक धार्मिक व तीर्थयात्रा के उद्देश्य से आते हैं। महत्वपूर्ण है कि भारत की जीडीपी में पर्यटन का हिस्सा 7 प्रतिशत तथा कुल रोजगार में इसका हिस्सा 8 प्रतिशत है। यह क्षेत्र 39 मिलियन लोगों को रोजगार देता है। ऐसी स्थिति में कोई संदेह नहीं कि भारतीय अर्थव्यवस्था में मंदिरों का भारी योगदान धार्मिक व तीर्थस्थल पर्यटन के रूप में है। पर्यटन का बड़ा हिस्सा इस क्षेत्र से आता है।

विश्वास किया जाता है कि भारत में मंदिरों के रखरखाव तथा अन्य पर्यटन स्थलों के रखरखाव पर काफी ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके साथ ही धार्मिक पर्यटन स्थलों की ढांचागत संरचना में भी सुधार जरूरी है। ऐसी स्थिति में उम्मीद की जाती है कि और ज्यादा भक्त इन स्थानों पर आएंगे। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। काशी विश्वनाथ परिसर तथा उसके निकटवर्ती क्षेत्रों व उज्जैन के महाकाल मंदिर का विकास इन प्रयासों में शामिल हैं। जम्मू कश्मीर के तत्कालीन राज्यपाल जगमोहन द्वारा वैष्णो देवी मंदिर के विकास के कारण यहां आने वाले भक्तों की संख्या कई गुना बढ़ी थी। मंदिरों का लाभ न केवल उस क्षेत्र, बल्कि उसके आसपास के क्षेत्रों को भी होता है। इन धार्मिक केन्द्रों के कारण इन सभी शहरों में काफी आर्थिक गतिविधियां तेज हुई हैं। इन मंदिरों के कारण ही इन क्षेत्रों में अधिकांश व्यापार, परिवहन, धार्मिक आयोजन व संबंधित गतिविधियां होती हैं। मंदिरों में पूजा करने वाले पुजारियों के साथ ही बड़ी संख्या में व्यापार, परिवहन तथा अन्य उद्योगों का निर्माण धार्मिक महत्व के कारण होता है। इन शहरों की अधिकांश बाजारें पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बनती हैं। इसी प्रकार इन शहरों में अधिकांश परिवहन इन मंदिरों को केन्द्र में रख कर होता है। इन मंदिरों में होने वाले धार्मिक आयोजनों में बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिलता है तथा बिजनेस अवसरों का सृजन होता है। अनेक मामलों में ये धार्मिक शहर विवाह के केन्द्र भी बने हैं। यह भी इन शहरों में रहने वाले नागरिकों की आय और रोजगार के साधन बने हैं।

भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के अनुसार, वर्ष 2022 में 14.33 करोड़ लोग मंदिरों व तीर्थस्थलों पर गए तथा 64.4 लाख विदेशी पर्यटक भी यहां आए। वर्ष 2022 में इन तीर्थस्थलों से 1.35 लाख करोड़ की आय हुई। धार्मिक व तीर्थस्थल पर्यटन में घरेलू पर्यटन का योगदान 60 प्रतिशत है। इसने लगभग 11 लाख करोड़ रुपये का योगदान किया था। इस प्रकार पर्यटन का कुल योगदान 2022-23 में 19 लाख करोड़ था जो जीडीपी का 7 प्रतिशत है। ऐसे में यह समझा जा सकता है कि मंदिरों द्वारा रोजगार सृजन नहीं होने की बात करने वाले लोग भारतीय अर्थव्यवस्था में इनके योगदान के इन तथ्यों से परिचित नहीं हैं।

हमारे सामने इस बात के अनेक उदाहरण हैं कि अनेक मंदिर, तीर्थस्थल तथा धार्मिक व आध्यात्मिक गुरु शिक्षा संस्थानों व स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना में असाधारण योगदान कर रहे हैं। हिंदू मिशन सोसाइटी ने 1894 में तमिलनाडु के वेल्लोर में हिंदू मिशन अस्पताल की स्थापना की थी। यह देश का एक सर्वाधिक प्राचीन व विख्यात अस्पताल है। रामकृष्ण मिशन पूरे भारत में अनेक शिक्षण संस्थान व स्वास्थ्य केन्द्र चलाता है। आर्य समाज भी पूरे भारत में अनेक शिक्षण संस्थानों व स्वास्थ्य केन्द्रों का संचालन करता है। इन संस्थानों में स्कूल, कालेज और अस्पताल शामिल हैं। भारत के जैन मंदिर परंपरागत रूप से अध्ययन के केन्द्र रहे हैं। अनेक जैन मंदिरों में पुस्तकालय, स्कूल तथा विश्वविद्यालय तक स्थापित हैं। भारत में अनेक सिख गुरुद्वारे भी देश के अनेक भागों में मुफ्त शिक्षा तथा स्वास्थ्यरक्षा केन्द्र चलाते हैं। ये केवल कुछ उदाहरण हैं कि देश में मंदिरों व धर्म गुरुओं द्वारा किस प्रकार अनेक शिक्षण संस्थानों, स्वास्थ्य केन्द्रों व अस्पतालों का निर्माण किया है। ये संस्थान देश के सभी लोगों को शिक्षा व स्वास्थ्यरक्षा प्रदान करने में उल्लेखनीय भूमिका अदा कर रहे हैं।

आज जरूरी हो गया है कि धार्मिक महत्व के इन क्षेत्रों तथा तीर्थस्थलों का और विकास किया जाए ताकि देश के विकास में उनके योगदान को और बढ़ावा मिल सके। इसके लिए पुराने मंदिरों के जीर्णोद्धार के साथ ही उनके आसपास हर प्रकार की अर्थव्यवस्था सृजित करने की आवश्यकता है। इनमें सभी प्रकार के सस्ते होटल, लक्ज़री होटल, ढांचागत संरचनाओं का विकास तथा नागरिक सुविधाओं की स्थापना शामिल है। इसके साथ ही इन धार्मिक स्थलों तथा तीर्थस्थलों में पर्यटकों के लिए सूचना केन्द्र स्थापित करने की भी जरूरत है। इसके अलावा धार्मिक महत्व के इन स्थलों व तीर्थस्थलों की देश के सभी भागों से कनेक्टिविटी मजबूत करने की भी आवश्यकता है। यह इसलिए जरूरी है कि देश-विदेश के अधिकाधिक भक्त व पर्यटक इन धार्मिक स्थलों व तीर्थस्थलों तक आसानी से पहुंच सकें जिससे इनका देश की अर्थव्यवस्था में योगदान और मजबूत हो सके।

# अमेरिकी रक्षा सचिव के भारत दौरे के निहितार्थ

> अमेरिकी रक्षा सचिव की भारत यात्रा क्षेत्रीय सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



सिंगापुर में प्रतिष्ठित शांगरी ला डायलॉग में हाल के दिनों में अमेरिका द्वारा सामना किए गए सबसे महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों में से एक, चीन का सामना करने के बाद, अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड जे ऑस्टिन द्वद्वद्व ने इस सप्ताह की शुरुआत में भारत की यात्रा की। जापान और सिंगापुर से नई दिल्ली की अपनी यात्रा के दौरान, ऑस्टिन ने अमेरिका की सैन्य रणनीति के लिए भारत-प्रशांत की केंद्रीयता पर जोर देना जारी रखा और चीन से तेज गति की चुनौती को याद दिलाना जारी रखा।

ऑस्टिन ने सिंगापुर में शांग्रीला डायलॉग के दौरान (बातचीत करने के लिए क्षेत्र के रक्षा मंत्रियों के लिए मार्की प्लेटफॉर्म के बारे में) उल्लेख किया, कि बजटीय बाधाएं अमेरिका के क्षेत्र में रणनीतिक परियोजनाओं के लिए सही मात्रा में धन लगाने के रास्ते में नहीं आएंगी। बाद में, रक्षा विभाग के प्रेस वक्तव्य ने रेखांकित किया कि अमेरिका भारत-प्रशांत क्षेत्र में सबसे उन्नत हथियार प्रणाली भेजता है और उसके विभाग ने प्रशांत निवारक पहल के लिए 9 बिलियन की मंजूरी दी थी।

अमेरिकी रक्षा मंत्री अपने चीनी समकक्ष ली शांगफू द्वारा अमेरिका पर शीत युद्ध की मानसिकता फैलाने का आरोप लगाने के बाद बोल रहे थे, जो सुरक्षा जोखिमों को बहुत बढ़ा रहा था। शांग्रीला संवाद दक्षिण चीन सागर में एक खतरनाक युद्धाभ्यास के साथ हुआ, जहां अमेरिका ने एक चीनी जहाज पर ताइवान जलडमरूमध्य को पार करने वाले अमेरिकी और कनाडाई जहाज के पास आने का आरोप लगाया। दक्षिण चीन सागर में नौवहन की स्वतंत्रता, और ताइवान की स्थिति कुछ पेचीदा मुद्दे हैं, जो वाशिंगटन-बीजिंग संबंधों को प्रभावित



कर रहे हैं, जिनमें कमी के कोई संकेत नहीं हैं। इस बीच चीनी रक्षा मंत्री ने खुद को एक लंबे राजनेता की तस्वीर के रूप में चित्रित करने की कोशिश की, जिसमें जोर देकर कहा गया कि उनके देश ने टकराव पर बातचीत की मांग की, दोनों देशों के सह-अस्तित्व के लिए दुनिया काफी बड़ी थी और एक संघर्ष असहनीय आपदा लाएगा। ग्लोब। हालांकि, चीनी पक्ष ने प्रमुख सुरक्षा चिंताओं पर अमेरिका के साथ द्विपक्षीय वार्ता के लिए बैठने से इनकार कर दिया। चीनी रक्षा मंत्री ने उल्लेख किया कि वे क्षेत्र (ताइवान जलडमरूमध्य और दक्षिण चीन सागर) में अमेरिका और उसके सहयोगियों द्वारा नेविगेशन गश्त की स्वतंत्रता की अनुमति नहीं देंगे, क्योंकि उन्होंने आरोप लगाया कि यह एक जानबूझकर उकसावा था।

अमेरिका और चीन के बीच सिंगापुर में सौहार्दपूर्ण बातचीत नहीं हुई, जो श्री ऑस्टिन की अगली मंजिल, नई दिल्ली की ओर ले जाती है। भारत और चीन सबसे खराब सैन्य टकरावों में से एक से गुजर रहे हैं, चीन द्वारा सीमाओं को बदलने की एकतरफा कोशिश के बाद, दोनों देशों के हजारों सशस्त्र सैनिक भारत की उत्तर पूर्वी सीमाओं पर एक-दूसरे को घूर रहे हैं। न केवल क्षेत्र में, बल्कि वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख आर्थिक खिलाड़ी के रूप में अपनी बढ़ती आवाज के साथ, अमेरिका और उसके पश्चिमी सहयोगियों के साथ भारत की बढ़ती निकटता भी चीन के लिए एक चिंता का विषय है।

ऑस्टिन की नई दिल्ली यात्रा के बाद जारी एक प्रेस बयान में प्रमुख रक्षा साझेदारी, और प्रधान मंत्री मोदी की वाशिंगटन की आधिकारिक राजकीय यात्रा से पहले महत्वपूर्ण डोमेन में अग्रिम सहयोग पर प्रकाश डाला गया। दोनों पक्षों ने अमेरिका-भारत रक्षा औद्योगिक सहयोग के लिए एक नए रोडमैप के निष्कर्ष का स्वागत किया, जो वायु युद्ध और भूमि गतिशीलता प्रणालियों जैसे क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी सहयोग और सह-उत्पादन को तेजी से ट्रैक करेगा; खुफिया, निगरानी और टोही; युद्ध सामग्री; और अंडरसीयर डोमेन। इस पहल का उद्देश्य अमेरिकी और भारतीय रक्षा क्षेत्रों के बीच सहयोग के प्रतिमान को बदलना है, जिसमें विशिष्ट प्रस्तावों का एक सेट शामिल है जो भारत को अत्याधुनिक तकनीकों तक पहुंच प्रदान कर सकता है और भारत की रक्षा आधुनिकीकरण योजनाओं का समर्थन कर सकता है। सचिव और उनके समकक्षों ने अंतरिक्ष, साइबरस्पेस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे उभरते डोमेन में रक्षा नवाचार और सहयोग के बढ़ते महत्व पर भी चर्चा की।

भारत अमेरिका से उन्नत फाइटर जेट इंजन के निर्माण के लिए तकनीक खरीदने की उम्मीद कर रहा है, जो उसकी वायु शक्ति को एक प्रमुख शक्ति प्रदान करेगा। भारत-प्रशांत क्षेत्र में रूस और चीन के साथ बढ़ते तनाव और भारत के साथ अलग द्विपक्षीय होने के बीच श्री ऑस्टिन की यात्रा भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों के उन्नयन का सुझाव देती है।

## आप की बात

### मानसून का स्वागत

**अपने** निर्धारित समय 1 जून से एक हफ्ता देरी से मानसून का धमाकेदार प्रवेश देश में हो चुका है। इसके प्रभाव से केरल बंगाल की खाड़ी और पुडुचेरी में गत 2 दिनों से भारी बारिश हो रही है और बहुत जल्दी यह मानसून देश के अन्य भागों में भी आगे बढ़ता जाएगा। मानसून का स्वागत है क्योंकि इस पर पूरे देश के पेयजल, खाद्य उत्पादन और अनेक गतिविधियां निर्भर हैं। आशा है इस बार देश में भरपूर बारिश होगी और इसी को ध्यान में रखते हुए खुले में पड़े हुए सरकारी खाद्यान्न को समय रहते सुरक्षित वेयरहाउस में रखा जाना चाहिए। सभी ग्राम पंचायतों, खेत मालिकों और पर्यावरण प्रेमियों को जल संचय के महत्वपूर्ण कार्य में जुट जाना चाहिए। हमारी लापरवाही से गर्मियों में हमें पानी की दिक्कत सहनी पड़ती है। अत: सामाजिक संस्थाओं सहित सभी को जल संरक्षण कार्य में जुड़ जाना चाहिए। नदियों के जलगृहण क्षेत्रों से अवैध कब्जे हटाने, शहरों व कस्बों में जल निकासी व्यवस्थाओं को ठीक करने तथा बाढ़ रोकने की व्यवस्थायें सुधारने में भी तेजी लाने की आवश्यकता है। आशा की जानी चाहिए कि यह मानसून देश की कृषि तथा उससे जुड़ी अर्थव्यवस्था को तेज गति प्रदान करने में उल्लेखनीय भूमिका अदा करेगा।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### किसान-हितैषी कदम

**2023-24** की खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी में वृद्धि के लिए भारत सरकार की सराहना की जानी चाहिए। यह निश्चित रूप से सरकार का किसान-हितैषी कदम है। दालों के लिए लागत से अधिक मार्जिन का प्रतिशत कम से कम 50 प्रतिशत है। बाजरा के एमएसपी में 82 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इन किसान केंद्रित सकारात्मक फैसलों का किसान यूनियनों द्वारा स्वागत किया जाना चाहिए। हालांकि, वास्तविक बाजार अर्थव्यवस्था में यदि कोई उत्पाद एमएसपी से नीचे बिकता है तो सरकार को उस उत्पाद के आयात को कम करके व अन्य उपाय करके हस्तक्षेप करने की जरूरत है। किसानों को सहकारी समितियों का गठन करने पर अधिशेष के निर्यात को प्रोत्साहित करने में मदद करनी चाहिए। भारत सरकार के सकारात्मक रुख को देखते हुए कुछ राज्यों में अक्सर इस मुद्दे पर रेल और सड़क यातायात को अवरुद्ध करने वाले किसानों के विरोध को उचित नहीं ठहराया जा सकता है। मोदी-विरोधियों राजनेताओं के हाथों में खेलने से किसानों का कोई भला नहीं होने वाला है। यह तथ्य अब अच्छी तरह समझने की जरूरत है।

– **बृजभूषण गोयल,** लुधियाना

### कनाडा में आग

**क्षेत्रफल** के हिसाब से दुनिया के दूसरे सबसे बड़े मुल्क कनाडा के क्यूबैक प्रान्त के 150 स्थानों में लगी जंगली आग इस बार असामान्य प्रतीत हो रही है। कनाडा में तो लोगों का इससे जीना मुश्किल हो ही गया है साथ में संयुक्त राज्य अमेरिका के एक बहुत बड़े हिस्से में तो इसके चलते लॉकडाउन की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। न्यूयार्क सिटी में सब कुछ बंद कर दिया गया है। लोगों को घरों में रहने को कह दिया गया है। जिन्हे निकलना भी है उनके लिए मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। न्यूयार्क से वाशिंगटन डीसी तक और पश्चिम में मिनेसोटा तकए सब कुछ धुंआ-धुंआ सा हो गया है। पूरे क्षेत्र में अघोषित आपातकाल जैसा दृश्य उत्पन्न हो गया है। 21 वीं सदी में सबसे भीषण आग की चर्चा होगी तो हम 2019 और 2020 में ऑस्ट्रेलिया के 3 लाख 38 हज़ार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र की आग को कभी नहीं भुला सकते। परिस्थिति बेहद गंभीर व डरावनी है। जलवायु परिवर्तन की विभीषिका हमारे द्वार पर दस्तक देना शुरू कर चुकी है। सारी दुनिया को कनाडा की आग से सबक लेकर तत्काल उचित कदम उठाने शुरू करने चाहिए।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### जघन्य हत्या

**श्रद्धा वालकर** हत्याकांड को बीते ज्यादा समय भी नहीं हुआ है कि एक और ऐसी वारदात सामने आई है जिसके किरदार बेशक अलग है लेकिन हैवानियत की सारी हदें कुछ उसी तरह पार की गई है जिस तरह श्रद्धा हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। मुंबई में एक और ऐसी घटना घटी है। यहां एक जल्लाद ने मामूली झगड़े के चलते अपनी ही लिव इन पार्टनर की हत्या कर दी। हत्या कर उसके शव के कई टुकड़े भी किए। उन टुकड़ों में से बदबू न आए इसलिए उसने युवती के शव के टुकड़ों को प्रेशर कुकर में उबाल दिया। पड़ोसियों की शिकायत के आधार पर जब पुलिस ने घर का दरवाजा खोला तो वो भी दंग रह गई। जांच में पता चला कि मनोज ने सरस्वती के शरीर को पेड़ काटने वाले कटर से काटा था। कटर से वह महिला के शव के टुकड़े करता था और बाद में उन्हें कुकर में उबाल कर प्लास्टिक के बैग में भर देता था। उसे श्रद्धा वालकर हत्याकांड के बाद ही सरस्वती की हत्या करने का विचार आया था। ऐसे हत्यारों को फास्टट्रैक सुनवाई के बाद शीघ्रातिशीघ्र फांसी दी जानी चाहिए।

– **निधि जैन,** गाजियाबाद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# अब तक बिना सिफारिश की गईं छह लाख भर्तियां

## मुख्यमंत्री यूपी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित 7182 एएनएम स्वास्थ्यकत्रियों को वितरित किया नियुक्ति पत्र

● कहा, चयन प्रक्रिया में खत्म हुई धांधली, अव्यवस्था अराजकता और भ्रष्टाचार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि विगत 6 वर्ष के अंदर किसी भी चयन प्रक्रिया में हमने धांधली, अव्यवस्था, अराजकता और भ्रष्टाचार को स्वीकार नहीं किया है। चाहे वो उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग हो, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ चयन आयोग हो, उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा चयन आयोग हो या माध्यमिक चयन आयोग, पुलिस की भर्ती हो या बेसिक शिक्षा परिषद की भर्तीए इस प्रक्रिया को पूरे पारदर्शी तरीके से संपन्न करते हुए अब तक लगभग 6 लाख भर्ती की प्रक्रिया को पूरा करने जा रहे हैं। जो लोग भी चयनित हुए हैं किसी को भी सिफारिश कराने की जरूरत नहीं पड़ी है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को लोकभवन में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा 75 जनपदों के लिए चयनित 7182 एएनएम स्वास्थ्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सभी चयनित एएनएम को बधाई भी दी और कर्तव्यों के ईमानदारी से निवर्हन की सीख भी दी। इस अवसर पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थसारथी सेन शर्मा एव स्वास्थ्य विभाग के तमाम अधिकारी उपस्थित रहे।

सीएम ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक लंबी लड़ाई को आगे बढ़ाने के बाद इतनी ढेर सारी बहनों को एक साथ नियुक्ति पत्र वितरण का कार्य हो रहा है। आपने भी धैर्य से काम लेते हुए धरना प्रदर्शन की बजाय सरकार पर विश्वास किया और चयन की प्रक्रिया के बाद उच्चतम न्यायालय से अपने पक्ष में निर्णय आने का इंतजार किया। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने चयन की प्रक्रिया को पूरी पारदर्शी तरीके से आगे बढ़ाया है। हर चयन की प्रक्रिया में लोग कुछ न कुछ विघ्न-बाधा डालने का प्रयास करते हैं लेकिन उनके अनैतिक कार्यों पर हमने प्रहार किया है। सीएम योगी ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री मोदी ने दायित्व संभालने के बाद कहा था कि हमारे लिए पूरा देश एक कुटुंब है। हम किसी के साथ भेदभाव नहीं कर सकते। उत्तर प्रदेश के अंदर भी 2017 से हमने इसको सख्ती से लागू किया है। 6 वर्ष के अंदर 6 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां उपलब्ध करा रहे हैं और किसी को भी किसी भी प्रकार के भेदभाव की गुंजाइश नहीं रही है। सीएम ने चयन प्रक्रिया में आई दिक्कतों का जिक्र करते हुए कहा कि हमने नियुक्ति पत्र देने का कार्यक्रम तय किया था लेकिन उसे कैंसिल करना पड़ा क्योंकि उच्चतम न्यायालय ने स्टे कर दिया था। हम नहीं चाहते थे कि आपकी नियुक्ति में कोई विघ्न पड़े, इसलिए हमारा प्रयास रहा कि सारी बाधाओं को दूर करते हुए एक बार जब नियुक्ति पत्र आपको मिल जाए तो फिर पूरी ताकत और प्रतिबद्धता के साथ आप सेवा के लिए समय दे सकें। सभी बाधाओं को दूर करते हुए आज स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रदेश के अंदर हमारे जितने भी फील्डवर्कर हैं, चाहे वो एएनएम हों, आंगनबाड़ी हों, आशा वर्कर हैं, इन सबके द्वारा बहुत अच्छा काम किया जा रहा है।

# दिसंबर 2023 तक रिकॉर्ड 2640 मेगावाट बिजली उत्पादन बढ़ाएगी सरकार

● विलंब से चल रही परियोजनाओं को दिसंबर तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश में बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए युद्धस्तर पर प्रयास कर रही योगी सरकार इस वर्ष नया रिकॉर्ड बना सकती है। दरअसल सरकार ने दिसंबर 2023 तक प्रदेश में रिकॉर्ड 2640 मेगावाट विद्युत उत्पादन करने वाली नई परियोजनाओं को शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके लिए विलंब से चल रही परियोजनाओं को तेजी से बढ़ाया जा रहा है। परियोजनाओं की प्रगति की लगातार समीक्षा की जा रही है। यदि सब कुछ योजना के अनुसार चला तो विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश सरकार बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकती है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश में निर्माणाधीन विद्युत परियोजनाओं को जल्द प्रारंभ करने के लिए उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन (यूपीपीसीएल) लगातार प्रयास कर रहा है। यूपीपीसीएल के अध्यक्ष एमस देवराज इसके लिए प्रतिदिन वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा कर रहे हैं। साथ ही परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करके माइक्रो लेवल मॉनीटरिंग भी की जा रही है।

जिन परियोजनाओं को शुरू करने पर सबसे ज्यादा फोकस है, उनमें ओबरा तापीय परियोजना की 660 मेगावाट की एक यूनिट जून के अंत तक उत्पादन शुरू करेगी। इसी तरह जवाहरपुर तापीय परियोजना में निर्माणाधीन 660 मेगावाट की 2 इकाइयां भी इसी वर्ष उत्पादन शुरू करेंगी। एक यूनिट 15 जुलाई तथा दूसरी यूनिट को वर्ष के अंत तक शुरू किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वहीं कानपुर स्थित पनकी तापीय परियोजना में 660 मेगावाट की एक यूनिट निर्माणधीन है। यद्यपि यह परियोजना निर्धारित लक्ष्य से काफी पीछे है लेकिन सरकार द्वारा इस वर्ष दिसंबर तक इसे भी शुरू करने का लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। यूपीपीसीएल के अध्यक्ष एम देवराज का कहना है कि कोरोना महामारी के कारण परियोजना अपने निर्धारित लक्ष्य से पीछे हो गई है लेकिन अब युद्धस्तर पर प्रयास हो रहा है। हमारी पूरी कोशिश है कि परियोजनाओं का निर्माण शीघ्र से शीघ्र पूरा हो और उत्पादन शुरू किया जा सके। इसके लिये परियोजनाओं के कामों की रेग्यूलर समयबद्ध मॉनीटरिंग के लिए नए अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। प्रत्येक कार्य की मॉनीटरिंग की जा रही है। कार्य कर रही संस्थाओं को नियमित भुगतान की व्यवस्था बनाई गई है।

जवाहरपुर विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड जो कि यूपी राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की 100 प्रतिशत सहायक कंपनी है, वह परियोजना का निर्माण कर रही है। इस पर लगभग 1500 करोड़ रुपए का व्यय होगा। इसकी 1320 मेगावाट की उत्पादन क्षमता है। इसे अप्रैल 2023 तक शुरू किया जाना था लेकिन विलंब के चलते अब इसकी परिवर्तित तिथि 15 जुलाई निर्धारित की गई है। 660 मेगावाट की दूसरी इकाई भी पहली यूनिट शुरू होने के 6 महीने के अंदर उत्पादन प्रारम्भ करेंगी, ऐसा लक्ष्य निर्धारित है। इसी तरह सोनभद्र स्थित ओबरा ताप विद्युत संयंत्र भारत की पहली 200 मेगावाट ईकाई होने का गौरव रखती है। यहां वर्तमान में 660 मेगावाट की दो इकाइयां निर्माणाधीन हैं। इसकी एक यूनिट 15 जुलाई में उत्पादन शुरु करेगी। वहीं पनकी पावर प्रोजेक्ट कानपुर में स्थित है। 2018 से 660 मेगावाट की एक यूनिट स्थापित की जा रही है। पूर्व में जुलाई 2023 से इसको शुरू किए जाने का लक्ष्य थाए लेकिन कार्य मे विलंब होने से अब इसे दिसंबर तक प्रारम्भ करने का लक्ष्य निर्धारित है।

# ऑर्नामेंटल टावर बढ़ा रहे काशी की खूबसूरती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ वाराणसी

**जी-20** देशों के विकास मंत्रियों की बैठक 11 से 13 जून तक वाराणसी में प्रस्तावित है। इस सम्मेलन में दुनिया के जी-20 देशों के आर्थिक महाबली देशों के मेहमान शामिल होंगे। पूरे विश्व में काशी की अपनी अलग पहचान है। ब्रांड बनारस बन चुकी काशी की ब्रांडिंग का जी-20 सम्मेलन एक सुनहरा अवसर भी है। योगी सरकार जी-20 देशों के मेहमानों के काशी आगमन से पहले शहर की तस्वीर बदल रही है। शहर में बागवानी, स्कल्पचर और लाइटिंग से तो सजाया जा ही रहा है साथ ही काशी की खूबसूरती ऑर्नामेंटल टावर भी बढ़ा रहे हैं।

जी-20 देशों के विकास मंत्रियों का समूह वाराणसी आने पर काशी की थाती देखेगा। योगी सरकार काशी को बेहद आकर्षक तरीके से सजा रही है। अपर नगर आयुक्त राजीव राय ने बताया कि मेहमानों के रुट पर ऑर्नामेंटल टावर लगाए गए हैं, जिसमें हरहुआ चौराहे से लेकर ट्रेड फैसिलिटेशन सेंटर की तरफऔर एक ऑर्नामेंटल टावर चौराहे की दूसरी तरफ है। इसी प्रकार अम्बेडकर चौराहा, कचहरी चौराहा और कमिश्नर रेजिडेंस के पास एवं नमो घाट पर भी ऑर्नामेंटल टावर लगाए गए हैं। अलग-अलग टावर को कई आकर्षक आकृति में बनाया गया है। रंग बिरंगे रौशनी से नहाये हुए ऑर्नामेंटल टावर देखने में बेहद खूबसूरत और आकर्षक लग रहे हैं।

लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट समेत 7 वीआईपी मार्गो को प्रकाश के संयोजन से आकर्षक बनाया गया है। रास्ते में पड़ने वाले अंडर पास, फुट ओवर ब्रिज को लाइट और फसाड लाइट से जगमग किया गया है। एयरपोर्ट से अतुलानन्द तक डिवाइडर पर लगे पौधों पर पड़ने वाली रौशनी अद्भुत आभा बिखेर रही है। चौराहे एयरपोर्ट से हरहुआ मार्ग के ब्रिज पर जी-20 देशों के झंडे लगाए गए हैं। वरुणा ब्रिज को भी फूलों और अलग-अलग रंगों के प्रकाश से खूबसूरती से सजाया गया है।

# अपराधियों-माफियाओं के खिलाफ हो रही कार्यवाही से बेचैन है विपक्षः भूपेन्द्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि माफिया, अपराधी और आंतकी रूपी असुरों के संरक्षक रहे लोगों से भाजपा को किसी सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश में माफियाओं, अपराधियों और आंतकियों को संरक्षण देकर उन्हें पाल पोस कर बढ़ावा देने वालो को भाजपा सरकार का सुशासन रास नहीं आ रहा है। प्रदेश में अपराधियों, माफियाओं के खिलाफ हो रही कार्यवाही से ये बेचौन है। इसी बेचौनी और लगातार मिल रही हार से हताश विपक्ष आए दिन मुंगेरीलाल के सपने देख रहा है। उन्होंने कहा कि जनता सब जानती है कि कौन राजधर्म को निभा रहा है और किसने हमेशा अधर्म की राह पर चलते हुए प्रदेश को तुष्टिकरण और अपराधीकरण की आग में झोंक कर जंगल राज बनाया था। इसीलिए 2014 से लेकर 2023 तक के चुनाव चाहे वे लोकसभा के हो, विधानसभा के हो, पंचायत के हो या शहरी निकाय के जनता ने आसुरी शक्तियों से उत्तर प्रदेश को मुक्त रखने का संकल्प लेकर भाजपा को अपना समर्थन और आशीर्वाद दिया।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि समाजवाद के नाम पर परिवारवादी दल चलाने वाले लोगो का सच जनता अच्छे से समझ चुकी है। इनके कुशासन में भ्रष्टाचार, अपराध, असुरक्षित महिलाएं, गरीबों, शोषित, पीड़ित का उत्पीड़न उत्तर प्रदेश की पहचान बन चुका था। आज जो अपराधी माफिया जेलो में बंद है इनके कुशासन में खुले आम घूमते थे। भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि प्रदेश में पूर्ववर्ती सपा सरकार ने लूट, रंगदारी, चौथवसूली, संगठित अपराध, अवैध खनन, अवैध कब्जों, मां-बहिन बेटियों से मनमानी करने के लिए शोहदों, माफियाओं, अपराधियों, गुंडो, मबालियों को खुला छोड़ दिया था।

अब सपा सरकार में खुले आम दहशत फैलाने वाले अपराधी माफिया रूपी असुर गले में तख्तियां लटका कर सरेंडर कर है। उन्होंने कहा अपनी अपनी पहचान बचाने के लिए सपा के लोग अनर्गल बयानबाजी करते रहते है। 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक बार फिर से भाजपा को अपना वोट देकर केंद्र में भाजपा सरकार की हैट्रिक का मार्ग सुनिश्चित करेगी।

# सीएम आज देंगे पीजीआई में 1974 नर्सिंग ऑफिसर को नियुक्ति पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों के लिए स्टाफ नर्स के 1974 पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद शनिवार को पीजीआई में चयनित नर्सिंग ऑफिसर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नियुक्ति पत्र देंगे। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षाए चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं बाल कल्याण विभाग के कैबिनेट मंत्री बृजेश पाठक, मुख्य सचिव एवं पीजीआई के अध्यक्ष दुर्गाशंकर मिश्रा, प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार, महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण किन्जल सिंह व डाक्टर राम मनोहर लोहिया संस्थान, लखनऊ की निदेशक प्रो सोनिया नित्यानंद उपस्थित रहेंगी। संस्थान के निदेशक डॉ. आर.के.धीमन के मुताबिक अपनी स्थापना के समय से ही संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान चिकित्सा के क्षेत्र में गुणवत्ता परक शिक्षा प्रदान करता आ रहा है। संस्थान द्वारा नर्सिंग में भी स्नातक और स्नातकोत्तर कोर्स और मेडिकल टेक्नोलॉजी में स्नातक कोर्स प्रारंभ किए गए हैं। नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ स्वास्थ्य और चिकित्सा प्रणाली की रीढ़ हैं। इसी क्रम मे राज्य सरकार के उत्तर प्रदेश स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों के लिए स्टाफ नर्स के 1974 पदों की भर्ती का उत्तरदायित्व चिकित्सा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा पीजीआई को दिया गया था। इन 1974 पदों पर संस्थान द्वारा सफलतापूर्वक परीक्षा संचालन कराकर परीक्षा परिणाम 10 अप्रैल 2023 को शासन को प्रदान कर दिया गया। जिनमें पीजीआई के 905, डाक्टर राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ के 431, उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई के 53 और राजकीय मेडिकल कॉलेजों के 53 नर्सिंग आफिसर चयनित हुए हैं।

# ग्रेटर नोएडा में 21 से आयोजित होगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● 'एक जिला एक उत्पाद' पहल को दी जाएगी विशेष प्रमुखता

**औद्योगिक** विकास में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा उत्तर-प्रदेश अपना इंटरनेशनल ट्रेड शो आयोजन करने जा रहा है।

इसी साल 21 से 25 सितंबर तक आयोजित होने वाले पांच दिवसीय ट्रेड की तैयारियों का लेकर शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में एक रोड शो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सरकार के एमएसएमई, निर्यात विभाग और इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड (आईईएमएल) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया, जिसमें एमएसएमई, निर्यात विभाग के अधिकारियों और आईईएमएल के पदाधिकारियों ने इंटरनेशनल ट्रेड शो की तैयारियों को लेकर जानकारी दी। ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित होने वाले इस इंटरनेशनल ट्रेड शो के माध्यम से व्यापक और बड़े व्यापार के लिए उत्तर प्रदेश के आकर्षक उत्पादों को एक छत के नीचे लाया जाएगा, जिसमें एक जिला, एक उत्पाद के साथ ही ऐसी महिला उद्धमियों को भी विशेष तरजीह दी जाएगी जिन्होंने हाल के वर्षों में अपने स्टार्टअप के माध्यम से एक अलग पहचान बनाई है। एमएसएमई विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी अमित मोहन प्रसाद ने कहा कि इस इंटरनेशनल ट्रेड शो का मकसद उत्तर प्रदेश राज्य में ट्रेड और बिजनेस को बढ़ावा दिया जाना है ताकि प्रदेश के उत्पादों और सेवाओं से संबंधित विभिन्न सेक्टर्स को एक छत के नीचे लाया जाए।

# केवीआईसी ने 9 वर्षो 332 प्रतिशत की बिक्री में वृद्धि कर रचा इतिहास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**खादी** और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' को खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने नई ऊंचाइयों पर पहुंचाते हुए विश्व के सामने बुलंद भारत की बुलंद तस्वीर प्रस्तुत की है। स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार केवीआईसी के उत्पादों का कारोबार 1.34 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। तुलनात्मक रूप से देखें तो पिछले 9 वित्त वर्षों मेंए ग्रामीण क्षेत्र के कारीगरों द्वारा बनाये गए स्वदेशी खादी उत्पादों की बिक्री में 332 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2013-14 में जहां खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों का कारोबार 31154 करोड़ रुपये थाए वहीं वित्त वर्ष 2022-23 में यह बढ़कर 134630 करोड़ रुपये के उच्चतम स्तर पर पहुंच गयाए जो अब तक की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि है। इसी तरह से ग्रामीण क्षेत्र में 954899 नये रोजगार का सृजन करए केवीआईसी ने नया मील का पत्थर स्थापित किया है।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने इस उपलब्धि का श्रेय पूज्य महात्मा गांधी की प्रेरणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'ब्रांड शक्ति' और देश के सुदूर गांवों में कार्यरत कारीगरों की अथक मेहनत को दिया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश और विदेश में हर मंच से खादी का प्रचार-प्रसार किया हैए जिससे आज खादी लोकप्रियता के नये शिखर पर पहुंच चुकी है। आज खादी उत्पादों की गिनती विश्व के सबसे विश्वसनीय ब्रांडों में होती है। वित्त वर्ष 2013-14 से 2022-23 में खादी और ग्रामोद्योग के प्रोडक्ट्स के उत्पादन में जहां 268 प्रतिशत की वृद्धि हुईए वहीं बिक्री ने सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए 332 प्रतिशत के आंकड़े को छू लिया है। यह इस बात का प्रमाण है कि 'मेक इन इंडियाष्ए ष्वोकल फॉर लोकल' और 'स्वदेशी उत्पादों' पर देश की जनता का भरोसा बढ़ा है। केंद्र की मोदी सरकार् के 9 वर्षों के कार्यकाल में, खादी और ग्रामोद्योग आयोग के प्रयासों सेए स्वावलंबन से समृद्धि के 9 ऐसे कीर्तिमान स्थापित हुए हैं जिसने खादी को नई संजीवनी दी है।

## धोखाधड़ी के दो मामलों में गायत्री प्रजापति की जमानत अर्जी खारिज

विधि संवाददाता। लखनऊ

**धोखाधड़ी** के दो मामलों में निरुद्ध पूर्व काबीना मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति की जमानत अर्जी एमपी-एमलए की विशेष अदालत ने खारिज कर दी है। विशेष जज हरबंश नारायन ने प्रथम दृष्टया मुल्जिम के अपराध को गंभीर करार दिया है। 17 सितम्बर, 2020 को एक मामले की एफ्आईआर गायत्री की कम्पनी के पूर्व निदेशक बृज भुवन चौबे ने थाना गोमनी नगर विस्तार में दर्ज कराई थी। इसमें गायत्री प्रजापतिए अनिल प्रजापति व चित्रकूट की एक महिला को नामजद किया था। सरकारी वकील ज्वाला प्रसाद शर्मा के मुताबिक खरगापुर स्थित बृज भुवन की पत्नी के नाम की जमीन धमकी देकर चित्रकूट की महिला के नाम करा दी गई। चित्रकूट निवासी इस महिला ने गायत्री प्रजापति पर दुराचार की एफ्आईआर दर्ज कराई थी। दुराचार के इस मुकदमे में पक्ष में बयान देने के लिए यह जमीन उसके नाम करा दी गई। 10 सितंबर, 2020 को धोखाधड़ी के दूसरे मामले की एफआईआर वकील दिनेश चंद्र त्रिपाठी ने थाना गाजीपुर में दर्ज कराई थी।

# विधायिका के संचालन पर बेहतर इनपुट दे संस्थान

● विधानसभा अध्यक्ष से भारतीय प्रबंध संस्थान की निदेशक व वरिष्ठ प्रोफसरों ने की भेंट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** प्रबन्ध संस्थान, लखनऊ की निदेशक डॉ. अर्चना शुक्ला एवं संस्थान के वरिष्ठ प्रोफेसरों ने विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना भेंट की। अध्यक्ष की पहल पर भारतीय प्रबन्ध संस्थान की निदेशक एवं उनके सहयोगी शिक्षकों से विधायिका के संचालन एवं प्रशासन के विषय में प्रबन्धन की गुणवत्ता बढ़ाए जाने के विषय में चर्चा की गई। अध्यक्ष विधान सभा के स्तर से यह विचार किया गया कि भारतीय प्रबन्ध संस्थान की दक्षता का प्रयोग विधायिका के संचालन एवं सम्पादन में भी किए जाने के लिए 'इनीशिएटिव' लिया जाना चाहिए। इसी क्रम में अध्यक्ष विधान सभा एवं भारतीय प्रबन्ध संस्थान की निदेशक एवं वरिष्ठ शिक्षकों के बीच विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।

सतीश महाना ने भारतीय प्रबन्ध संस्थान की निदेशक एवं उनके सहयोगियों से यह अपेक्षा की कि विधायिका की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन के विषय में जो परिवर्तन विचाराधीन हैं, उसमें प्रबन्ध संस्थान की ओर से 'इनपुट' दिया जा सकता है, जिससे प्रक्रिया एवं कार्य संचालन को बेहतर किया जा सके। इसके अतिरिक्त विधान सभा में सदस्यों के कार्य व्यवहार, विधायिका के मीडिया के साथ परस्पर संबंध, विधायिका एवं ब्यूरोक्रेसी के परस्पर समन्वय के संदर्भ में प्रबन्ध संस्थान की ओर से क्या विचार दिए जा सकते हैं इस विषय पर आगे भी बैठकें की जाएंगी। संस्थान की निदेशक एवं उनके सहयोगियों द्वारा उक्त विषयों पर विमर्श के पश्चात् यह आश्वासन दिया गया कि वह इस संदर्भ में प्रबन्ध संस्थान के स्तर पर अपेक्षित शोध एवं चर्चा के पश्चात् योगदान प्रस्तुत करेंगे। विधान सभा अध्यक्ष्ज्ञ द्वारा प्रबन्ध संस्थान की निदेशक एवं उनके सहयोगियों को विधान सभा में किए गए विभिन्न परिवर्तनों से भी अवगत कराया गया।

अध्यक्ष, विधान सभा द्वारा उन्हें यह भी बताया गया कि विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली में विस्तृत परिवर्तन एवं संशोधन विचाराधीन है। इसके अतिरिक्त अवस्थापना के क्षेत्र में जो अन्य परिवर्तन विधान सभा में किए गए हैंए उनसे भी प्रबन्ध संस्थान के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। इस मौके पर संस्थान की निदेशक अर्चना शुक्ला ने कहा कि यहां आने पर उन्हें काफी अचरज हुआ। उप्र विधान सभा के बारे में उन्होंने अभी तक सुना ही था, पहले टीवी पर ही सब कुछ देखा था, पर विधान सभा को आधुनिक सुविधाओं और तकनीक से सुसज्जित देखकर बहुत अच्छा लगा। इस तरह के बदलाव और प्रयोगों से नई संस्कृति पैदा होगी, जिसका पूरा लाभ विधान सभा और आम जनता को अवश्य मिलेगा। इससे प्रदेश को एक नई दिशा और गति मिलेगी।

भारतीय प्रबन्ध संस्थान की निदेशक ने विधान सभा अध्यक्ष द्वारा प्रारम्भ किए गए नवाचार की सराहना की एवं विधायिका की संचालन प्रक्रिया पर एक विस्तृत शोध पत्र तैयार करने का आश्वासन भी दिया। विधान सभा सदस्यों को लीडरशिप एवं व्यवहार प्रबन्धन की दक्षता के लिए प्रेरित किए जाने की भी कार्ययोजना तैयार किए जाने का निश्चय किया गया। विधान सभा अध्यक्ष द्वारा विधान सभा में अपने एक वर्ष के कार्यकाल में विधायिका के प्रबन्धन में जो नवीन आयाम स्थापित किए गए हैं। उस संबंध में प्रबन्धन के अधिकारियों से विचार-विमर्श किया गया। इन नवाचारों में समूह बैठकों के माध्यम से संबंध स्थापित करना, नियमों का सरलीकरण करना, महिला विधायकों एवं युवाओं को सदन में बोलने के लिए अधिक अवसर प्रदान करना तथा महिला सदस्यों के लिए विशेष सत्र आयोजित करना आदि शामिल है। उक्त बैठक में भारतीय प्रबन्ध संस्थान की निदेशक प्रो. अर्चना शुक्ला, प्रो. अजय गर्ग, प्रो. सुरेश जाखड़ के अतिरिक्त विधान सभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के बड़े पैमाने पर आयोजन के लिए दिशा-निर्देश जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में योग सप्ताह 2023 (15 जून से 21 जून 2023 तक) एवं नवम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2023 को वृहद स्तर पर मनाया जायेगा। इसके लिए प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने जनपद स्तरीय कार्ययोजना की विस्तृत रूपरेखा समस्त जिलाधिकारियों को प्रेषित करते हुए योग दिवस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं।

योग सप्ताह को सफलतापूर्वक आयोजित कराने एवं उसके अनुश्रवण सहित तमाम व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने के लिए समस्त अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, समस्त मण्डलायुक्त के अलावा निदेशक आयुर्वेद सेवाएं, निदेशक यूनानी, मिशन निदेशक उप्र राज्य प्रमुख सोसाइटी तथा निदेशक होम्योपैथिक विभाग को भी निर्देशित किया गया है। इस वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक लोगों को योग का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से योग सप्ताह के आयोजन का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। प्रत्येक योग कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय समिति भी गठित की जायेगी।

जारी निर्देशों में यह भी कहा गया है कि जनपद में कार्यरत विभिन्न संस्थाओं के सदस्यों-प्रशिक्षित योग ट्रेनर के सहयोग से जनपद, तहसील, ब्लाक, पंचायत स्तर पर आयोजित सामूहिक योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। योग सप्ताह के प्रथम दिन 15 जून 2023 को उचित स्थल का चयन करते हुए उद्घाटन समारोह का आयोजन कराया जाए। शुभारम्भ किये जाने के लिए समस्त जनपद मुख्यालयों, तहसीलों, ब्लाकों एवं ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिसमें जनपद के सांसद, मंत्री, विधायक, पार्षद, ग्राम प्रधानों एवं अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर उनके द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन कराया जाए। प्रदेश के सम्बंधित जनपदों के प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाय।

मुख्य सचिव ने निर्देशों में यह भी कहा है कि समस्त कार्यक्रमों के आयोजन के दौरान पुलिस द्वारा समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए इसके अलावा समस्त कार्यक्रमों के आयोजन में समयबद्धता, स्वच्छता तथा कोविड प्रोटोकाल का विशेष ध्यान रखा जाए। प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी ने भी अपने स्तर से सम्बंधित अधिकारियों, विभागों को योग सप्ताह को सफल बनाने के निर्देश दिए हैं।

### मिशन रोजगारः खीरी को मिली 130 नई एएनएम की सौगात

# जनप्रतिनिधियों ने अफसरों संग बांटे नियुक्ति पत्र

● नियुक्ति पत्र पाकर स्वास्थ्य कार्यकत्रियों के खिल उठे चेहरे

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी





**शुक्रवार** को खीरी जिले को 130 नई एएनएम की सौगात मिली। कलेक्ट्रेट में उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित स्वास्थ्य कार्यकत्रियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में पहुंचे विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, अंबरीश सिंह व डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीएमओ डॉक्टर संतोष गुप्ता ने खीरी के नवनियुक्त 120 महिला स्वास्थ्य कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। कार्यक्रम की शुरुआत में राजधानी लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित स्वास्थ्य कार्यकत्रियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा और सुना गया। डीएम ने कहा कि नव चयनित स्वास्थ्य कर्मियों का दायित्व है कि गांव-गांव तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाएं। उन्होंने नियुक्ति पत्र पाने वाली सभी बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि सरकार प्रदेश के प्रत्येक नागरिक के जीवन में कल्याणकारी बदलाव लाने और उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जिन बहनों को आज नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं। उन पर आज से अपने स्वास्थ्य के साथ ही दूसरों के स्वास्थ्य की भी जिम्मेदारी है। विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि सरकार मातृ शक्ति को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के साथ ही उनके जीवन में कल्याणकारी परिवर्तन लाने और उनके भविष्य को उत्कृष्ट बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। कार्यक्रम में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ शैलेश गोयल, सीएमएस डॉ चंदानी, डॉ ज्योति मल्होत्रा, एसीएमओ डॉ अश्विनी, डॉ अनिल गुप्ता, डॉ बीसी पंत, डीपीएम अनिल यादव, प्रशासनिक अधिकारी नरेंद्र वर्मा, भाजपा नेता मोंटी गिरी, दीपक पुरी, सीएमओ कार्यालय के सौरभ शुक्ला, कार्तिक मिश्रा मौजूद रहे। कलेक्ट्रेट में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में एलईडी स्क्रीन के जरिए मुख्यमंत्री के संबोधन सुना गया। नियत समय पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सभी से मुखातिब हुए और सर्वप्रथम उन्होंने सभी नवनियुक्त महिला स्वास्थ्य कार्यकत्रियों को बधाई दी। अपने प्रदेश के मुखिया से बधाई सुनकर सभी स्वास्थ्य महिला कार्मिक गदगद हो गई। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज 7,182 नियुक्ति पत्र एएनएम स्वास्थ्य कार्यकर्त्रियों को वितरित किए जा रहे हैं। इतनी बहनों को एक साथ नियुक्ति पत्र मिलना हमारे लिए मिशन रोजगार के साथ मिशन शक्ति को भी प्रोत्साहित करने का एक सशक्त माध्यम बना है। फील्ड में हेल्थ वर्कर ने काम किया तो कोरोना को नियंत्रण करने का मॉडल पेश किया। विभाग में पारदर्शिता से चयन हुआ है। आज नियुक्ति पत्र वितरित किए जा रहे हैं।

# फिक्स डोज काम्बिनेशन दवाओं की बिक्री पर रोक से दवा विक्रेताओं में रोष

● केन्द्र सरकार ने एक्सपर्ट कमेटी की सलाह पर लगाया है 14 फिक्स डोज काम्बिनेशन दवाओं पर प्रतिबंध

● प्रतिबंध के बाद निर्माता कम्पनियां भी इन्हे वापस लेने में कर सकती है आनाकानी

● दवा विक्रेताओं को उठाना पड़ेगा लाखों का नुकसान

**संवाददाता।** सीतापुर

**केन्द्र** सरकार द्वारा 14 फिक्स डोज काम्बिनेशन दवाओं की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाए जाने से दवा विक्रेताओं में गहरी नाराजगी है। उनका कहना है कि जिन दवाओं की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है उसका उन्हे कोई विरोध नहीं है लेकिन चूंकि अचानक जिन दवाओं की बिक्री पर रोक लगाई गई है उनमें ऐसी दवाएं है जिनका भारी स्टाक दवा विक्रेताओं के पास लगा हुआ है। अब चूंकि प्रतिबंध लग गया है तो इन दवाओं की बिक्री करना अपराध की श्रेणी में माना जाएगा। प्रतिबंध के बाद निर्माता कम्पनिया भी इन्हे वापस लेने में आनाकानी कर सकती है। ऐसे में लाखों का नुकसान दवा विक्रेताओं को उठाना पड़ेगा। केन्द्र सरकार ने जिन दवाओं पर प्रतिबंध लगाया है उनमें पैरासिटामॉल डिस्पर्सिबल टेबलेट्स निमेसुलाइड्स क्लोरफेनरामाइन मेलेट सहित कुल 14 दवाएं शामिल है। केन्द्र सरकार ने एक एक्सपर्ट कमेटी की सलाह पर इन दवाओं पर बैन लगा दिया है। स्वास्थ्य मत्रांलय के मुताबिक इस सभी दवाओं के कारण होने वाले नुकसान का पता नहीं लग पाता हैए और यह दवाएं लोगों के लिए जोखिम पैदा करती है। केन्द्र सरकार द्वारा अचानक लिए गए इस फैसले के विरोध में कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन उत्तर प्रदेश के महासचिव सुरेश गुप्ता प्रदेश भ्रमण पर है। वह दवा विक्रेताओं से मिलकर सरकार के इसे निर्णय के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए तैयार कर रहे है। शुक्रवार को सुरेश गुप्ता लखीमपुरए गोला गोकरणनाथ होते हुए सीतापुर पहुँचे और शहर के मोहल्ला तामसेनगंज स्थित एसोशिएशन के कार्यालय पर दवा विक्रेताओं के साथ बैठक की। बैठक में एसोशिएशन के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र बाजपेई, उपेन्द्र शुक्ला, अमित गुप्ता, सुमित मित्रा, बीबी सिंह, विकास मिश्रा, राजेश गुप्ता, अनिल कुमार नंद, सहज गुप्ता, अमित दीक्षित, जिउल्लाहए विजय श्रीवास्तव, राजकुमार तिवारी, अनुज दीक्षित, विनीत सिंह, अतुल श्रीवास्तव आदि दवा विक्रेता मौजूद रहे।

# पुलिस की शह पर लकड़कट्टे मार रहे मौज, ऑडियो वायरल

● लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्रालियों को निकालने के एवज में हो रही वसूली,शासन के अभियान पर फेरा जा रहा पानी

● सकरन थाना क्षेत्र के बताये जा रहे वायरल ऑडियो में बातचीत के दौरान दोनो पक्षो में हो रही गहमागहमी

**संवाददाता।** सीतापुर

**सीतापुर** में लकड़ी भरी ट्रैक्टर ट्रालियों को निकालने के एवज में रुपये वसूले जा रहे है। दरअसल कुछ ऐसा ही एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल ऑडियो में लकड़ी कटान करने वाले से दीवान जी पैसों की मांग कर रहे है। बातचीत में दोनों पक्षों से गहमा.गहमी भी सुनाई देती है। क्रोध में आए दीवान जी लकड़कट्टे को देख लेने की धमकी भी दे रहे है। वायरल ऑडियो सकरन इलाके में डायल 112 में तैनात मुख्य आरक्षी रामखेर कनौजिया व इलाके के लकड़ी कटान करने वाले महेश कुमार प्रसाद का बताया जा रहा है। मुन्नूपुरवु के पास लकड़ी निकासी को लेकर बातचीत होना बताया जा रहा है। बहरहाल सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस ऑडियो से एक बार फिर पुलिस विभाग की किरकिरी हो रही है। वायरल आडियो को सुनकर ऐसा प्रतीत होता है की इलाके के लकड़कट्टे महेश का वाहन चालक लकड़ी लदी ट्रैक्टर ट्राली लेकर कहीं जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में डायल 112 पर तैनात रामखेर कनौजिया ने उसे रोका और पूछताछ शुरु कीए जिसपर वाहन चालक ने फोन मिलाया और फिर वाहन निकालने के नाम पर पुलिस को पैसे न देने की बात पूछी। फोन पर जब लकड़कट्टे ने अपना नाम बताया तो दीवान ने यहां तक कहा की तुम्हारा नाम महेश हो या सहदेव गाड़ी निकालों तो पैसे दो। इसपर दोनो के बीच बहस शुरु हो गई। और एक दूसरे के बीच गहमा.गहमी भी वायरल ऑडियों में सुनी जा सकती है जिसमें लकड़कट्टे 5 रुपये भी न देने की बात कह रहा है।

# नव चयनित 112 एएनएम को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**विकास** भवन सभागार में जनपद की महापौर श्रीमती अर्चना वर्मा जी ने नव चयनित 112 ए0एन0एम0 को नियुक्ति पत्र वितरित किया।आज ही प्रदेश के मुख्यमंत्री ने लखनऊ में नव चयनित एएनएम को नियुक्ति पत्र वितरित कर समारोह का प्रारंभ किया था, जिसके बाद शाहजहांपुर में नियुक्त पत्र वितरित किए गए। वितरण के पश्चात महापौर अर्चना वर्मा ने सभी नव चयनित एएनएम स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को बधाई दी, तथा समर्पित भाव से समाज के सभी वर्गों की स्वास्थ्य विभाग की सेवाएं प्रदान करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि आप लोग सौभाग्यशाली हैं कि एक पारदर्शी चयन प्रक्रिया के तहत आप लोगों का चयन किया गया है, इसलिए सरकार द्वारा चलाई जा रही समस्त योजनाओं को आप सभी लोग बिना भेदभाव के लोगों तक पंहुचाए। स्वास्थ्य विभाग की सराहना करते हुए महापौर ने कहा कि कोविड-19 की महामारी में हमारे सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की जान बचाई। कोविड टीकाकरण में जनपद को प्रथम स्थान दिलाया। अतः आप सभी लोग अपने कार्यों का निर्वहन करते हुए जनपद का नाम रोशन करेंगी। सीएमओ डॉ आर के गौतम ने सभी नव चयनित ए0एन0 एम0 स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा की जनपद में 112 ए0एन0 एम0 के चयन होने से स्वास्थ्य विभाग के कार्यों में और अधिक गुणवत्ता आयेगी। इस अवसर पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज मिश्रा, प्रशासनिक अधिकारी अवधेश कुमार डी पी एम इमरान खान, विपिन सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# सुशासन दिवस कार्यक्रम के अन्तर्गत ट्रैफिक प्लान जारी

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**भारतीय** जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा रविवार को भारतीय जनता पार्टी के 09 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के पूर्ण होने पर विलोबी हॉल लखीमपुर खीरी में विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराये जाने तथा जनपद लखीमपुर खीरी शहर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था के सुगम संचालन हेतु निम्न यातायात प्रबंधन जैसे पार्किंग स्थल, डायवर्जन व अन्य यातायात प्रबंधन के प्रबंध किये गये हैं जिनका विवरण निम्नवत है।

**पार्किंगः** 01- पुराना एसपी बंगला- पलिया, भीरा, निघासन व तिकुनिया की तरफ से आने वाले वाहन (बस,चार पहिया, मैजिक आदि ) महेवागंज, बैकुंठधाम व कपूरथला होते हुए पुराने एसपी बंगला में पार्क करेंगे और वहाँ से विलोबी हॉल तक पैदल जायेंगे।

**पार्किंगः** 02- पुलिस लाईन खीरी- गोला, धौरहरा, खीरी, ओयल की तरफ से आने वाले वाहन (बस, मैजिक, चार पहिया आदि) पुलिस लाईन में पार्क करेगें और वहाँ से विलोबी हॉल तक पैदल जायेगें।

### रूट डायवर्जन

1- कपूरथला से महेवागंज जाने वाले वाहन इमली तिराहा या हिदायतनगर, बनवारीपुर होते हुए महेवागंज की तरफ जायेंगे।

2- कपूरथला से महेवागंज की तरफ जाने वाले सभी वाहन (दो पहिया, चार पहिया, ई.रिक्शा आदि) पूर्ण रुप से प्रतिबंधित रहेंगे।

### उपमुख्यमंत्री की जनसभा आज

**संडीला( हरदोई )।** प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री स्थानीय भगवान बुद्ध इंटर कॉलेज में 10 जून को प्रातः 10 बजे भाजपा की विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

## क्विक न्यूज

### धोखाधड़ी कर करोड़ों की जमीन का कराया बैनामा

**संडीला(हरदोई)।** धोखाधड़ी कर करोड़ों रुपए की भूमि का बैनामा कराने के मामले में एक अधिवक्ता समेत पांच लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गयी है। थाना कछौना अंतर्गत ग्राम कामीपुर निवासी गुरुबख्श ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी 15 बीघा ज़मीन को उसके भाई रामवीर ने विगत 21 फरवरी को किसी फर्ज़ी व्यक्ति को उसके स्थान पर खड़ा करके उपनिबंधक कार्यालय संडीला में बैनामा करा लिया। इस धोखा धड़ी में बांकेलाल तथा शोभित ने फर्ज़ी गवाही दी और यह सारा कार्य एक अधिवक्ता द्वारा कूटरचित दस्तावेज़ तैयार करके कराया। इस घटना का खुलासा तब हुआ जब उसने अपने जमीन की खतौनी निकलवाई। गुरुबख्श के अनुसार उसने इस धोखा धड़ी की सूचना स्थानीय पुलिस को दी थी लेकिन पहले इस घटना में पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। बाद में उसने घटना की सूचना उच्च अधिकारियों को दी। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर इस घटना की रिपोर्ट अधिवक्ता समेत 5 लोगों के विरुद्ध दर्ज की गयी। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दोस्त पर लगा हत्या का आरोप, बारादरी में मुकदमा दर्ज

**बरेली।** बारादरी के अग्रसेन नगर में आधी रात के बाद युवक की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। दोस्त पर हत्या का आरोप है। थाना बारादरी में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना गढ़िया रंगीन शाहजहांपुर मूल न निवासी है राज गुप्ता (23) पुत्र शिवओम गुप्ता बारादरी के अग्रसेननगर कॉलोनी में अब रहते है । उनकी प्रेमनगर के एकतानगर निवासी दोस्त सोनू गुप्ता पुत्र नरेश गुप्ता से दोस्ती थी। वह उसके साथ महेन्द्र नगर नेपाल में कपड़े का व्यापार करता था। परिजनों के अनुसार सोनू सुबह से ही राज के साथ था। शाम को दोनो बहेड़ी गए थे। गुरुवार शाम को राज के परिजन किला थाना क्षेत्र के गढ़ी में बुआ के बेटे की शादी में शामिल होने के लिए गए थे। रात को 3रू30 बजे वापस आए तो राज का शव घर की बैठक में चारपाई पर पड़ा था। गोली सिर में पीछे की ओर लगी थी। पुलिस को सूचना दी। सूचना पर एसएसपी, एसपी सिटी, सीओ थर्ड, इंस्पेक्टर बारादरी फॉरेसिंक टीम, मौके पर पहुंच गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि सोनू ने ही उनके बेटे की हत्या की है। परिवार में उनकी मां ममता गुप्ता, भाई अनमोल गुप्ता, भाभी अदिति गुप्ता है।थाना बारादरी में मौजूद मृतक के पिता ने आशंका जताई थी वह शादी में शामिल होने गए और इधर उनके बेटे और दोस्त ने शराब भी। इस दौरान कोई विवाद हो गया और आरोपी ने गोली मारकर उनके बेटे की हत्या कर दी।

### सूर्यकुंड तीर्थ पर हुआ तीर्थ विकास अवलोकन कार्यक्रम

**सीतापुर।** मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर भाजपा विस्तार से उपलब्धियां गिना रही है। प्रतिदिन किसी न किसी क्षेत्र में पार्टी के वरिष्ठ नेता कार्यक्रमो के जरिए मोदी सरकार और उसके पहले की सरकारों के नजरिए में मूलभूत अंतर बता रहे है। शुक्रवार को हरगांव के सूर्यकुंड तीर्थ स्थल पर तीर्थ विकास अवलोकन कार्यक्रम में धौराहरा सांसदए भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और उत्तराखंड की सह प्रभारी रेखा अरुण वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने कई ऐतिहासिक कार्य किए है। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता विजय मिश्रा, जिलामंत्री उदित बाजपेईए युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सचिन मिश्रा, मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल, मंडल महमंत्री संजय दीक्षित, भाजपा नेता अमर जीत सिंह बाटू, वीरेन्द्र मिश्रा बच्चा, अरुण वर्मा, शुभम बाजपेई, अवनीष सिंह, प्रधानपति शेरा सिंह, कपिल सिंह, किशोरी लाल, सरदार हरदेव सिंह, मोनू सिंह, विपिन वर्मा, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश वर्मा सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मछलीपालक सरकारी योजनाओं का लाभ लें, करें आवेदन

**शाहजहांपुर।** सहायक निदेशक मत्स्य ने बताया आम जन मानस मत्स्य पालन के लिए विभिन्न परियोजनाओं में लाभ प्राप्त करने के लिए तिथि तक अधिक से अधिक आवेदन कर लाभ उठायें। सभी परियोजनाओं में देय अनुदान धनराशि पोर्टल से लाभार्थी के बैंक खाते में सीधे उसे देय होगी। योजनाओं की मुकम्मल जानकारी , इकाई लागत, आवेदन की प्रक्रिया आवेदन के साथ भेजकर किए जाने वाले अभिलेख विभागीय पोर्टल पर देखकर आवेदन किया जा सकता है। इसके अलावा किसी भी जानकारी ध् समस्या के निराकरण के लिए विकास भवन कमरा नं0 201 में स्थित मत्स्य विभाग के जनपदीय कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस के दिन संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने कहा चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में मत्स्य विभाग के अन्तर्गत भारत सरकार की प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनार्न्तगत निजी भूमि पर तालाब निर्माण इत्यादि के साथ राज्य पोषित नवीन योजना निषाद राज बोट योजना और मत्स्य पालक कल्याण कोष आदि विभिन्न मात्स्यिकी परियोजनाओं के लाभ से जन मानस को आच्छादित करने लिए ऑन लाइन आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु विभागीय पोर्टल पर दिनाँक 15 जून तक के लिए खोला गया है।

### भोलेनाथ का डमरू इन्वर्टिस-बरेली बाईपास तिराहे पर लगे

**बरेली।** एआईएमसीईए संगठन ने नाथ कॉरिडोर के तहत डेलापीर तिराहे पर लगने पर भोलेनाथ के डमरू को झुमका तिराहे की तरह इन्वर्टिस - बरेली बाईपास तिराहे पर लगाने की मांग बीडीए उपाध्यक्ष जोगिंदर सिंह को सबोधित ज्ञापन देकर की है। संगठन ने नगर निगम द्वारा डेलापीर तिराहे पर पूर्व प्रस्तावित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पूर्व मुख्यमंत्री बिहार राज्य जननायक मा.कर्पूरी ठाकुर जी की प्रतिमा बीडीए से लगाने की मांग की है। एआईएमसीईए के जिलाध्यक्ष अमर श्रीवास्तव ने बताया कि उप्र सरकार के बीते कार्यकाल में तत्कालीन उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उप्र के प्रत्येक जिले में महापुरुषों की प्रतिमा लगाने एवं मुख्यमार्गो के नामकरण महापुरूषों के नाम से करने का शासनादेश जारी किया था। नगर निगम बरेली में इससे पहले दो बार इसी चौराहे पर जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा लगाने के प्रस्ताव पारित हो चुके है किन्तु जातिवाद एवं स्थानीय राजनीति के कारण आज तक उनकी प्रतिमा उक्त डेलापीर चौराहे पर नहीं लग पायी। संगठन के जिला मीडिया प्रभारी तेजबहादुर ने बताया कि हमारा संगठन ने बीडीए उपाध्यक्ष से मांग की है कि नाथ कॉरिडोर के तहत डेलापीर चौराहे पर भगवान शिवशंकर का डमरू लगाने के बजाय उक्त प्रोजेक्ट बरेली के सैटेलाइट चौराहे या इन्वर्टिस विश्वविधालय से आगे बरेली बाईपास तिराहे पर स्थान्तरित किया जाये। ज्ञापन देने वालो में आर एल श्रीवास्तव, रमेश श्रीवास्तव, यश पाल, पुनीत, अमित श्रीवास्तव, लियाकत सलमानी आदि लोग मोजूद रहे।

### मांग पूरी नहीं हुई तो विवाहिता को बच्चे के साथ घर से निकाला

**बरेली।** गोरखपुर निवासी विश्वनाथ गुप्ता ने अपनी पुत्री नीलम की शादी थाना आंवला के ग्राम महमूदपुर निवासी विक्की के साथ शादी की थी। इस समय नीलम के 5 माह का बेटा है । पति विक्की और उसके घर वाले दो लाख की मांग करते हैं, आए दिन नीलम के साथ मारपीट करते हैं। नीलम ने बताया कि पति विक्की द्वारा मारपीट करना एवं अमानवीय व्यवहार कर घर से बाहर निकालना, नियमित प्रताड़ित करना एवं मायके से दहेज में 2 लाख रूपये लाने के लिए प्रताड़ित करना तथा नीलम की सास कुसुम व जेठ अमरीश व जिठानी बबीता व ननद कोमल व डिम्पल भी प्रार्थिनी के साथ मारपीट करना एंव खाना खाने नहीं देना एवं घर से निकालकर दरवाजा बंद कर लेना तथा प्रार्थिनी के लिए रास्ते पर खड़े रहने के लिए विवश करना, प्रार्थिनी की नियति बन गयी है। 23 मई को प्रार्थिनी ने प्रार्थना पत्र प्रभारी निरीक्षक कोतवाली आवंला को दिया जिस पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली आवंला ने दिनांक 05 जून को कार्यवाही करते हुए धारा 151 सीआरपीसी में अभियुक्त अमरीश का चालान कर दिया। 151 की कार्यवाही होने से विपक्षी आक्रोश में आ गये हैं। 08 जून को समय लगभग रात्रि 9 बजे प्रार्थिनी अपने घर में सो रही थी। तभी दरवाजे में तेज धक्का मारकर अंदर घुस आया अमरीश और प्रार्थिनी को धमकाने लगा।

# डीएम व एसपी ने कोर्ट परिसर में सुरक्षा व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण



● सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिसकर्मियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**जिलाधिकारी** महेन्द्र बहादुर सिंह व पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा जनपद लखीमपुर खीरी के कोर्ट परिसर में सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। डीएम.एसपी द्वारा सुरक्षा व्यवस्था में तैनात कर्मियों को निर्देश दिए कोर्ट परिसर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की गेट पर ही चेकिंग की जाएगी। इसके अलावा स्कैनर से बैग व अन्य सामान चेक करने के पश्चात ही कोर्ट परिसर में प्रवेश दिया जाएगा। संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने के संबंध में पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया। साथ ही डीएम.एसपी द्वारा कोर्ट के अन्दर व बाहर लगे उपकरणों को चेक किया गया और पुलिसकर्मियों को कोर्ट के बाहर खड़े वाहनों को भी चेक करने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए।

# जलालाबाद में तैनात पंचायत सेक्रेटरी पर लगा अवैध वसूली करने का आरोप

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**विकासखंड** जलालाबाद में तैनात पंचायत सेक्रेट्री पर प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर 30 हजार रुपये अवैध वसूली का आरोप लगा है। पीड़िता ने तहसीलदार से शिकायत कर कार्रवाई की मांग उठाई है। पीड़िता ने मामले में न्याय की गुहार लगाई है। ब्लॉक जलालाबाद के एलम नगर कटारिया निवासी महिला गुड्डी पत्नी सतीश ने उप जिलाधिकारी को संबोधित एक प्रार्थना पत्र उनके न मिलने पर तहसीलदार पैगाम हैदर को दिया।

### आवास को निरस्त करने की धमकी दी

**प्रार्थना** पत्र में पीड़िता ने बताया कि वह विकासखंड जलालाबाद के ग्राम एल्म नगर कटरिया की रहने वाली है। पीड़िता को एक आवास वर्ष 2023 में आवंटित हुआ है। आवंटन सूची जारी होने के बाद की ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी अजय सिंह ने उससे 30 हजार रुपये की मांग की और कहा 30 हजार दे दो, जिसे अधिकारियों को ऊपर पहुंचाना है। तुम्हारी किश्त का पैसा आ जाएगा। पैसा नहीं दोगे तो तुम्हारा आवास निरस्त कर दिया जाएग। पीड़िता गुड्डी ने बताया कि उसने किसी तरह से 10 हजार रुपए कर्ज लेकर अजय सिंह पंचायत सेक्रेट्री को दिया। पैसा मिलते ही ग्राम प्रधान ने निरीक्षण करना शुरू कर दिया। कहा कि जो भी पैसा मिला है, वह आवास निर्माण में खर्च करो। नहीं तो दूसरी किश्त नहीं आएगी। पीड़ित ने पूरा पैसा आवास में लगा दिया। जब अजय सिंह को यह बात पता चली तो वह नाराज हो गए और कहा कि जब तक तू शेष 20 हजार रिश्वत का बकाया नहीं दोगे, तब तक अगली किश्त नहीं भेजेंगे। पीड़िता दूसरी किश्त के लिए सभी अधिकारियों के पास चक्कर लगा रही है। लेकिन योगी की राम राज सरकार में उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। तहसीलदार ने बताया कि मामला बड़ा गंभीर है। उन्होंने इस संबंध में खंड विकास अधिकारी को कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया है।

# प्राथमिक विद्यालय, पंजाबी खेड़ा में तोड़फोड़ और चोरी



**संवाददाता।** संडीला(हरदोई)

**प्राथमिक** विद्यालय पंजाबीखेड़ा में अज्ञात व्यक्तियों ने प्रवेश कर तोड़ फेड़ करने के साथ विद्यालय का सारा सामान चोरी कर लिया, घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। प्राथमिक विद्यालय पंजाबीखेड़ा न्यायपंचायत ककराली की शिक्षक कल्पना देवी ने पुलिस को सूचित किया कि विद्यालय परिसर में अज्ञात व्यक्तियों ने प्रवेश किया। परिसर के भीतर कक्षाओं, कार्यालयों, अलमारियों और भण्डारण क्षेत्रों में तोड़ फेड़ करने के पश्चात समस्त सांस्कृतिक एवं खेल उपकरण, अनुरक्षण संबंधी सामग्री, कुर्सी मेज़, टंकियां अनाज की कोठी, ड्रम, लगभग 5 कुटंल खाद्यान, गैस सिलेंडर, भट्ठी, बरतन समेत तमाम सामान चोरी कर लिए और तमाम विद्यालय अभिलेख नष्ट कर दिए। पुलिस ने इस घटना की तहरीर मिलने के बाद एफ्आईआर दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 50 लाख की अफीम बरामद, एक गिरफ्तार

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**एडीजी** बरेली जोन बरेली के निर्देश पर चलाये जा रहे अवैध नशीले पदार्थो की बिक्री के रोकथाम के मद्देनजर थाना खुटार पुलिस ने मुखबिर की सुचना पर गोला रोड के पास से एक अफीम तस्कर निवासी ग्राम डंडौली थाना फरीदपुर जिला बरेली को अफीम के साथ हिरासत में लिया पुलिस को इसके पास से 500 ग्राम अवैध अफीम बरामद की गयी। थाना खुटार पुलिस ने गस्त के दौरान जुडी सडक गोला रोड के पास से संजीव कुमार पुत्र तेजराम निवासी ग्राम डंडौली थाना फरीदपुर जिला बरेली उम्र करीब 25 वर्ष के पास से कुल 500 ग्राम अवैध अफीम बरामद की गयी जिसकी अन्तराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 50 लाख रुपये है। पुलिस ने तस्कर के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही कर जेल भेजा । अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस हिरासत में लिए गए तस्कर के नेटवर्क का पता लगाने के प्रयास करा रही है अफीम के स्त्रोतो के बारे में गहनता से जानकारी की जा रही है ।



# बेटी की शादी के अनुदान योजनान्तर्गत नवीन प्रक्रियानुसार ऑनलाइन करें आवेदन

**संवाददाता।** बरेली

**जिला** पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी श्री योगेश पाण्डेय ने बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग को छोड़कर) के गरीब व्यक्ति अपनी पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान (प्रति शादी रू 20,000.00) योजनान्तर्गत ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम आवेदक द्वारा ऑनलाइन भरने से पूर्व अपने आधार कार्ड एवं आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नम्बर तथा जाति प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, बैंक खाते की पासबुक (जिसमें पूर्ण विवरण स्पष्ट हो), शादी का कार्ड आदि अभिलेख होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आवेदक (माता-पिता/अभिभावक) शादी अनुदान पोर्टल पद पर अपने रजिस्ट्रेशन हेतु अपना आधार नंबर अंकित कर आधार अभिप्रमाणन की प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि शादी अनुदान पोर्टल पर वित्तीय वर्ष 2023-24 से आवेदक तथा पुत्री, जिसकी शादी अनुदान हेतु आवेदन किया जा रहा है, दोनों का आधार आधारित ई-केवाईसी सुनिश्चित किया जाना है। अतः आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि आवेदक द्वारा शादी का प्रमाण पत्र/ शादी का कार्ड (पठनीय हो), बैंक की पासबुक (पठनीय हो), प्रथम पृष्ठ जिसमें आवेदक (खाताधारक व बैंक का नाम, बैंक का खाता संख्या व आईएफएस कोड का विवरण स्पष्ट अंकित हो) अपलोड किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आधार का अभिप्रमाणन पूर्ण होने के उपरान्त प्राप्त रजिस्ट्रेशन नंबर एवं मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से लॉगिन कर आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर सकते हैं, शादी अनुदान हेतु प्रथम आगत प्रथम पावत सिद्धांत के अनुरूप बजट की सीमा तक प्राप्त आवेदन-पत्रों पर नियमानुसार निर्धारित अनुदान राशि का भुगतान किया जायेगा, योजना में विधवा एवं दिव्यांग आवेदकों को वरीयता प्रदान की जायेगी, आवेदन केवल शादी के दिनांक से 90 दिन पहले अथवा 90 दिन बाद तक ही स्वीकार्य है। किन्तु उक्त अवधि की गणना अर्थात आवेदन करने हेतु एवं पुत्री का विवाह वित्तीय वर्ष 2023-24 में अर्थात 01 अप्रैल से 31 मार्च के मध्य होना चाहिए, विवाह हेतु पुत्री की आयु शादी की तिथि को न्यूनतम 18 वर्ष एवं वर की आयु न्यूनतम 21 वर्ष होनी अनिवार्य है एवं वित्तीय वर्ष की समाप्ति के उपरान्त विगत वित्तीय वर्ष की कोई मांग अगले वित्तीय वर्ष में अग्रेणित नहीं होगी। अधिक जानकारी के लिए मो. नम्बर 9837224988 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# घर में घुसकर युवक की गोली मारकर हत्या

**बरेली।** रात के समय घर में सो रहे युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए। मृतक की बुआ के बेटे की शादी से वापस आए परिजनों ने जब घर की बैठक में युवक का शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पर फॉरेंसिक टीम, डॉग स्क्वायड, एलआईयू, एसएसपी, एसपी सिटी समेत बारादरी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। परिजनों ने एक करीबी पर हत्या की आशंका जताई है। बारादरी थाना क्षेत्र की रुहेलखंड पुलिस चौकी के पास स्थित अग्रसेन नगर निवासी अनमोल गुप्ता ने बताया कि 8 जून को उनकी बुआ के बेटे की शादी किला थाना क्षेत्र में थी। उनके पिता शिवओम गुप्ता, मां ममता गुप्ता व अन्य परिजन बुआ के बेटे की शादी में गढ़ी चौकी थाना किला में गए थे। घर पर उनका भाई राज गुप्ता उर्फ बाबू (23) अकेला था। अनमोल ने बताया कि शादी समारोह से सुबह 3रू30 बजे वह लोग घर आए तो बैठक का दरवाजा हल्का सा खुला हुआ था।

# राज्यमंत्री ने जिले में चयनित 44 एएनएम को सौंपे नियुक्ति पत्र, हुआ समारोह का सजीव प्रसारण

संवाददाता। उरई, जालौन



**शुक्रवार** को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, कारागार एवं होमगार्ड विभाग धर्मवीर प्रजापति व जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी, विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा, विधायक माधौगढ़ मूलचन्द्र निरंजन की उपस्थिति में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में नवनियुक्त चयनित एएनएम अभ्यर्थियों को राज्यमंत्री एवं जनप्रतिनिधियों के हाथों से नियुक्ति पत्र सौंपा गया, जनपद में कुल 44 एएनएम की नियुक्ति हुई है। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उत्तर प्रदेश में चयनित 7182 एएनएम स्वास्थ्य कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। इस वितरण समारोह का सजीव प्रसारण विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में देखा गया।


राज्यमंत्री ने कहा कि व्यक्ति की पहचान उसके कार्यो से ही होती है, आप अपने कार्यों द्वारा जनपद को प्रदेश में एक अलग पहचान दिला सकते है, मरीजों के साथ आप द्वारा किया गया स्नेहमय व्यवहार औषधि तुल्य कार्य करेगा। उन्होंने इस अवसर पर नवनियुक्त एएनएम व उनके माता-पिता को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं।

## राज्यमंत्री व डीएम ने 96 एएनएम को सौंपे नियुक्ति पत्र



**कानपुर देहात।** महिला कल्याण, बाल विकास पुष्टाहार, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला की अध्यक्षता और डीएम नेहा जैन की उपस्थिति में मॉ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में नवनियुक्त चयनित एएनएम अभ्यर्थियों को राज्यमंत्री एवं डीएम के हाथों नियुक्ति पत्र सौंपा गया। कानपुर देहात में कुल 96 एएनएम की नियुक्ति हुई है। इस दौरान सीएम योगी द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में चयनित 7182 एएनएम स्वास्थ्य कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र दिए गये। इस समारोह का सजीव प्रसारण भी देखा गया।

## जिले में स्वास्थ्य विभाग को आगे बढ़ाएं : विधायक



**चित्रकूट।** मऊ/मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी व जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की मौजूदगी में उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से 75 जिलों में चयनित 7182 एएनएम को नियुक्ति पत्र बांटे गये। जिले में 14 एएनएम को नियुक्ति पत्र दिये। मुख्यमंत्री ने लोकनायक ऑडिटोरियम भवन लखनऊ में नियुक्ति पत्र बांटने का सीधा प्रसारण भी दिखाया। विधायक ने सभी एएनएम को बधाई देते हुए जिले में स्वास्थ्य विभाग को आगे बढ़ाने का कार्य करें।

## टैक्स चोरी में केएम इंडिया पर 41 लाख का जुर्माना

**फर्रुखाबाद।** टैक्स चोरी में के एम इंडिया पर 41 लाख का जुर्माना गुरुवार को जीएसटी विभाग की टीम ने केएम इंडिया की गोदाम व शोरूम में छापेमारी कर दी। छापेमारी से हड़कंप मच गया। फिलहाल सुबह 11 बजे से लगभग रात 11 बजे तक छापेमारी जारी रही। जिसमे यह पाया गया की माल बिक्री कर लिया गया लेकिन टेक्स चोरी कर लिया गया। जिसके बाद लम्बी चली छानबीन के बाद 41,से192 लाख रूपये का जुर्माना लगाया गया है। शहर के ठंडी सड़क स्थित केएम इंडिया की गोदाम, शोरूम व सिकत्तरबाग स्थित घर पर भी जीएसटी एसआईबी विभाग इटावा के ज्वाइंट कमिश्नर एक बनर्जी की टीम नें आधा दर्जन कारों से आकर गुरुवार दोपहर लगभग 11.15 बजे छापेमारी की। जानकारी के मुताबिक जीएसटी के पोर्टल पर टैक्स कम भरे जाने की जानकारी सामने आने पर विशेष अन्वेषण शाखा (एसआईबी) की टीम ने छापेमारी की है। तकरीबन 11 बजे चली छापेमारी के बाद रात लगभग 11 बजे ही छापेमारी पर विराम लगा।

# खेत-तालाब योजना में प्रगति न होने पर होगी कार्रवाई : डीएम

● डीएम ने की जिला भूमि एवं जल संरक्षण की बैठक

संवाददाता। चित्रकूट



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति की बैठक में भूमि संरक्षण अधिकारियों से कहा कि गत वर्षों के अधूरे खेत-तालाब की सूची दें। इस वर्ष खेत-तालाब योजना के लक्ष्य में किसानों का पंजीयन कराकर कार्यो को करायें।

शुक्रवार को जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में कहा कि गत वर्ष के जितने तालाबों की द्वितीय व तृतीय किस्त भेजनी है, उसकी प्रक्रिया कर लें। धनराशि नहीं है तो शासन से मांग की जाए। 15 जून के बाद वे समीक्षा करेंगे। प्रत्येक दशा में कार्यों पर प्रगति होनी चाहिए। उपनिदेशक कृषि राजकुमार व जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला से कहा कि क्षेत्र में भ्रमण कर खेत-तालाब योजना की फोटोग्राफ उपलब्ध करायें। सभी भूमि संरक्षण अधिकारी भी क्षेत्र भ्रमण करके कार्यों में तेजी लायें। जिस इकाई की प्रगति खराब होगी, उससे संबंधित इंस्पेक्टर के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि खेत-तालाब निर्माण में कहीं कोई शिकायत मिली तो संबंधित इंस्पेक्टर के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। किसानों को अपने स्तर से मशीनरी आदि का प्रयोग कर कार्य कराने दें। उस पर कोई दवाब नहीं होना चाहिए। ये योजना किसानों के लिए है। जो किसान इच्छुक हों, योजना का लाभ लें। ये योजना जल संरक्षण की है। खेत समतलीकरण के लिए नहीं

## तहसील में स्टांप वेंडर कर रहे कालाबाजारीः अनुज शुक्ला

**राजापुर, चित्रकूट।** जिले के राजापुर तहसील में स्टाम्प की कालाबाजारी इस समय काफी जोरों पर चल रही है। भाजपा के विधि प्रकोष्ठ के सह संयोजक अनुज कुमार शुक्ला ने उप जिलाधिकारी राजापुर को 4 सूत्रीय मांग पत्र सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की है। लगभग 14 से 15 लोगों ने स्टांप बिक्री के लिए लाइसेंस निर्गत कराया था। लेकिन वर्तमान समय में 2 से 3 लोगों के द्वारा ही स्टांप बिक्री की जाती है। भाजपा के विधि प्रकोष्ठ के सह संयोजक अनुज कुमार शुक्ला ने बताया कि तहसील प्रशासन के नाक के नीचे स्टॉप की कालाबाजारी खुलेआम की जा रही है और वादकारी मजबूर होकर बढ़े दामों में स्टॉप खरीद कर वाद दायर करता है। उन्होंने बताया कि ई स्टांप पेपर की दुकान बंद होने के कारण बचे हुए 3 स्टांप विक्रेताओं के द्वारा 100 रूपये की जगह 130 से लेकर 150 तक लिए जाते हैं तथा 10 रूपये के स्टांप की बिक्री में 20 से 25 रूपये तक में की जा रही है।

# तकनीकी खेती से किसानों की आय दोगुनी करना होगा लक्ष्यः प्रतिभा

**चित्रकूट।** प्रतिभा पांडेय ने चित्रकूट जिले में नये जिला उद्यान अधिकारी का पदभार ग्रहण कर लिया है। श्रीमती पांडेय का कहना है कि सूबे की योगी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने के साथ-साथ शासन की मंशानुरूप उद्यानीकरण एवं तकनीकि खेती को बढावा देकर जिले के अन्नदाताओं की आय को दोगुनी करना उनकी प्राथमिकता होगी। इसके साथ ही फूलों और मसालों की खेती को भी प्रोत्साहन देने का विशेष प्रयास रहेगा।

प्रयागराज जिले की निवासी श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय ने बुंदेलखंड के आकांक्षी जिले चित्रकूट में जिला उद्यान अधिकारी के पद का दायित्व संभालने के बाद शासन की कल्याकारी योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक पहुंचाने में जुट गई है। शुक्रवार को विशेष वार्ता में नवागंतुक जिला उद्यान अधिकारी श्रीमती पांडेय ने बताया कि सूबे की योगी सरकार द्वारा किसानों की आय दोगुनी करने के लिए तमाम कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिसका शत प्रतिशत लाभा पात्र किसानों को पहुंचाने का भरसक प्रयास किया जायेगा।बताया कि क्षेत्र में सिंचाई के लिए पानी की कमी को देखते हुए टपक और बौझारी सिंचाई को बढावा देते हुए तकनीकि खेती को बढावा देकर किसानों की आय को दोगुनी किया जायेगा।

इसके अलावा एकीकृत बागवानी मिशन के तहत गुलाब और गेंदा के फूलों एवं प्याज,लहसुन और मिर्च आदि मसालों की खेती को प्रोत्साहन देकर किसानों की आमदनी बढाने का भरसक प्रयास किया जायेगा।वर्मी कम्पोट यूनिट के प्रति भी किसानों को जागरूक किया जायेगा।साथ ही उद्यान विभाग से संबंधित सारी योजनाओं का क्रियान्वयन सही तरीके से किया जाएगा। जो किसान वास्तव में योजना का लाभ पाने के पात्र होंगे उनको सरल तरीके से लाभ दिया जाएगा।

# डीएम की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न



**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कर करेत्तर राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जीएसटी-स्टांप विभाग को वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। आबकारी विभाग को प्रवर्तन की अच्छी कार्यवाही कर बिक्री बढ़ाने के निर्देश दिए। परिवहन विभाग को राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। बिना मानक के चल रहे वाहनों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। नायब तहसीलदार, अमीन वसूली के लिए सुबह 6 बजे क्षेत्र में निकलें, वसूली में प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जाए। सभी मंडी प्रवर्तन कार्यवाही में सुधार करें। वसूली में सुधार नहीं दिखा तो कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। नगर निकायों में भी अब वसूली में तेजी लाई जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, सम्बंधित अधिकारी. कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ओवरलोडिंग के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में जब्त किए गए कई वाहन

● डेढ़ दर्जन वाहन लिए गए कब्जे में

संवाददाता। कालपी, जालौन



**इन** दिनों शासन की मंशानुरूप जिला प्रशासन भी सख्त कदम उठाए हुये है। हालांकि शासन ने अब तो कई जिले के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर क्रास चेकिंग का जो तरीका अपनाया है उससे अब लोकेशन माफियाओं के और खनन माफियाओं के हौसले पस्त नजर आने लगे हैं। चेकिंग दौरान प्रशासनिक टीम ने डेढ़ दर्जन ऐसे वाहन पकड़े हैं जो बगैर रायल्टी के ओवरलोड मौरम भरकर फर्राटा रेस लगा रहे थे।

कालपी बुंदेलखंड का प्रवेश द्वार कहलाता है और बुंदेलखंड क्षेत्र खनन के मामले में काफी आगे गिना जाता है। इसीलिए सबसे ज्यादा राजस्व देने वाले क्षेत्र पर शासन ने सख्त पहरा बिठा दिया है। हो कुछ भी कालपी एसडीएम केके सिंह ने भी पूरी पूरी रात चेकिंग कर बिना एन आर और ओवर लोडिंग के खिलाफ अभियान चलाया और उन्हें सफलता भी मिली लेकिन यह गोरखधंधा करने वाले इतने शातिर किस्म के लोग होते हैं कि प्रशासन की गाड़ियां निकलते ही अलर्ट हो जाते हैं और वाहन रास्ता बदल देते हैं।

## ओवरलोड वाहनों को पकड़ वसूला 2.55 लाख जुर्माना

**जालौन, उरई।** परिवहन की टीम ने शुक्रवार की सुबह चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान टीम ने 3 ओवरलोड बालू ट्रक तथा सरिया की ओवरलोड पिकअप को पकड़ा है। पकड़े गये वाहनों से 2 लाख 55 हजार रुपए जुर्माना लगाया गया है। एआरटीओ उमेश कुमार की टीम ने चेकिंग के दौरान टीम बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे के पास छिरिया सलेमपुर के पास 2 ओवरलोड ट्रक तथा सरिया से ओवरलोड पिकअप को पकड़ लिया है। पकड़े गये ओवरलोड बालू के 2 ट्रकों पर 1 लाख 70 हजार तथा पिकअप पर 85 हजार जुर्माना लगाया गया है। क्रास चेकिंग के दौरान अलीगढ़ एआरटीओ अभिनव कुमार ने भिटारा के पास से ओवरलोड बालू के ट्रक को पकड़ा है।

## क्विक न्यूज

### पीआरडी जवानों के वायरल वीडियो का डीएम ने लिया संज्ञान

**कानपुर देहात।** पीआरडी जवानों के ड्यूटी लगाये जाने में पैसा लिए जाने के सम्बन्ध में सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी महोदया द्वारा वीडियो में दिखाई दे रहे प्रभारी ब्लाक कमाण्डर रसूलाबाद पीआरडी प्रदीप कुमार, प्रभारी ब्लाक कमाण्डर राजपुर अक्षय कुमार को अपने कक्ष में तलब किया, पूछताछ के बाद जिलाधिकारी द्वारा खासी नाराजगी व्यक्त की गयी, साथ ही यह कहते हुए तुम अपनी वर्दी पर किसी प्रकार के कोई बैच लगाने के लायक नहीं हो, पीआरडी जवानों को प्रभारी ब्लाक कमाण्डर के दायित्व तथा किसी भी ड्यूटी से मुक्त करने का निर्देश जिला युवा कल्याण अधिकारी श्री मनोज यादव को दिया। इस सम्पूर्ण प्रकरण की जांच नवागन्तुक उपजिलाधिकारी श्री राजकुमार चौधरी को सौंपा गया है।

### बालश्रम के विरुद्ध चलाया गया अभियान

**फतेहपुर।** बालश्रम के विरूद्व चलाये जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को श्रम विभाग, जिला बाल कल्याण समिति, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट तथा चाइल्ड लाइन की संयुक्त टीम ने बिंदकी तहसील के जहानाबाद क्षेत्र में अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान प्रदीप ऑटो पार्ट्स, लाला खराड़ी एंड कमानी पार्टस और रमाकांत होंडा वर्क्स शॉप से चार बाल श्रमिकों को अवमुक्त करवाया। संबंधित सेवायोजक के विरुद्व बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के अन्तर्गत कार्यवाही की गई। अवमुक्त कराए गए बाल श्रमिकों का चिकित्सीय परीक्षण करवाते हुए जिला बाल कल्याण समिति को सुपुर्द कर दिया गया। सहायक श्रमायुक्त सुमित कुमार सिंह ने कहा कि यदि किसी प्रतिष्ठान पर बाल श्रमिक नियोजित पाया जाता है तो उसके सेवायोजक के विरुद्व कठोर विधिक कार्यवाही अपनाई जाएगी।

### स्वामी दयानन्द सरस्वती की जयंती पर वार्षिकोत्सव प्रारम्भ

**फर्रुखाबाद ।** स्वामी दयानन्द सरस्वती की ,200 वी जयंती पर यज्ञ के साथ वार्षिकोत्सव प्रारम्भ आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती की 200 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आर्य समाज लोहाइ रोड में आयोजित तीन दिवसीय आर्य महासम्मेलन व वार्षिकोत्सव का आज से सुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर सर्वप्रथम प्रातःकाल वृहद यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें सभी महानुभावों ने श्रद्धापूर्वक आहुतियां प्रदान कीं। गुरु विरजानंद आर्ष गुरुकुल भोलेपुर के आचार्य ओमदेव शास्त्री व आर्य समाज के पुरोहित हरिओम शास्त्री ने वेद मंत्रों से यज्ञ सम्पन्न कराया। यजमान ओपी गुप्ता रहे। यज्ञ के ब्रह्म आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने सभी यजमानों को आशीर्वाद प्रदान कर उनके उगवल भविष्य की कामना की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा जो मनुष्य ईस्वर का भक्त होता है उसे संसार मे किसी से भय नहीं रहता, वह निर्भय हो जाता है। महर्षि दयानंद सरस्वती ने हमें सच्चे ईस्वर के स्वरूप का बोध कराया।

### टप्पेबाज ने लाखों के जेवरात रोडवेज बस से किए साफ

**फर्रुखाबाद।** शहर के लाल दरवाजे स्थित रोड़बेज बस अड्डे पर बस के भीतर से टप्पेबाजों नें लाखों के जेबरात साफ कर दिये। मामले की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस नें तीन संदिग्ध बाइक सबारों को हिरासत में लिया है। पुलिस हिरासत में लिये गये संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। जनपद हरदोई के गढिया दिगा निवासी मीरा सिंह पत्नी गुड्डू सिंह अपनी पुत्री सुधा, भतीजी पूनम व जेठानी किरण के साथ जनपद एटा के सिढ़पुरा निवासी ननद बबली के पुत्र सौरभ के विवाह में शामिल होनें गयी थी। शुक्रवार को वह सभी रोडबेज बस से लाल दरवाजे बस अड्डे पर पंहुचे। जहां से वह परिजनों सहित हरदोई डिपो की बस पर सबार हुए । बस अभी आगे बढ़ी भी नही थी कि उन्हें पता चला कि उनके साथ लाये गये पांच बैग में से जेबरात वाला झोला गायब हो गया है।

### सफाई कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, 1900 ग्रेड पे की मांग

**फतेहपुर।** सात सूत्रीय मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले सफाई कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। तत्पश्चात प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर सभी मांगों को पूरा किए जाने की आवाज उठाई। संघ के जिलाध्यक्ष बाबूलाल की अगुवाई में सफाई कर्मचारी नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि सफाई कर्मचारियों की मांगे काफी समय से लंबित चल रही हैं। इसके बावजूद निराकरण नहीं कराया जा रहा है। मांग किया कि पंचायती राज विभाग में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की विभागीय सेवा नियमावली बनाई जाये, पंचायती राज विभाग में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की पदोन्नति की जाये, सफाई कर्मचारियों को 1900 ग्रेड पे का लाभ दिया जाये। साथ ही मांग की कि जून माह में ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर होने वाले चयन प्रक्रिया में बीस प्रतिशत पदोन्नति हेतु पद सुरक्षित कर चयन किया जाये।

# सर्वश्रेष्ठ नागरिक बनाना प्रशिक्षण वर्ग का लक्ष्यः जगन्नाथ

● आचार्य आश्रम में अंतर्राष्ट्रीय वसुंधरा परिवार का प्रशिक्षण वर्ग शुरू

संवाददाता। चित्रकूट



**अंतर्राष्ट्रीय** वसुंधरा परिवार के सात दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ हुआ। नयागांव स्थित आचार्य आश्रम में परिवार के संरक्षक/पूर्व गृह सचिव जगन्नाथ सिंह नें मां भारती चित्र पर दीप जलाकर शुरुआत की। कई राज्यों के लगभग तीन सौ प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। देश के सर्वश्रेष्ठ नागरिक बनाना और प्रतियोगी परीक्षाओं को तैयार करना वर्ग का लक्ष्य है।

शुक्रवार को पूर्व गृह सचिव/पूर्व जिलाधिकारी जगन्नाथ सिंह ने वर्ग के शुभारम्भ पर कहा कि भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण को वसुंधरा परिवार की स्थापना हुई है।

परिवार का सम्पूर्ण संचालन महिलायें कर रही हैं। आधारभूत गतिविधियां शिक्षा, संस्कार पर आधारित वसुंधरा परिवार के जरिए महिलाओं का जीवन, शिक्षा, विकास को लेकर गुणात्मक कार्य हो रहे हैं। खासतौर पर कक्षा छह से 12 तक की मेधावी और गरीब बच्चियों को परिवार से जोड़कर उन्हें आईएएस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं को तैयार करना है। वर्ग में ऐसी ही बच्चियों व अभिभावक के रूप में माताओं को आमंत्रित किया है। चित्रकूट में लगातार दूसरे वर्ष वसुंधरा परिवार का प्रशिक्षण वर्ग हो रहा है।

## आजीविका वृद्धि के नए रोजगार लागू कराए जाने हेतु रणनीति तैयार करें: सीडीओ

**कानपुर देहात।** मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय की अध्यक्षता में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना अंतर्गत बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में उनके द्वारा समूह गठन ,रिवाल्विंग फंड, सीसीएल तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की अजीविका वृद्धि के लिए कौन से नए नए रोजगार कराए जा सकते हैं। उस पर विशेष रूप से चर्चा की गई। उन्होंने समस्त जिला मिशन प्रबंधकों को निर्देश दिए कि महिलाओं के समूह गठन पर विशेष ध्यान देते हुए लक्ष्यों के सापेक्ष शतप्रतिशत पूर्ति शीघ्र सुनिश्चित की जाए। साथ ही महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाये जाने हेतु स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं हेतु नए नए रोजगार की शुरुवात कराये जाने हेतु रणनीति एवं कार्ययोजना बनाकर शीघ्र प्रस्तुत कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गए एवं समस्त जिला मिशन प्रबंधक को महिलाओं की अजीविका का बढ़ाने हेतु रणनीति बनाने के निर्देश दिए गए।

## भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ का सम्मेलन आयोजित



**फतेहपुर।** केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूरे हो जाने पर आज फतेहपुर में भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक जीतू हयारण के संयोजन में जिला स्तरीय व्यापारी सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बांदा-चित्रकूट के पूर्व सांसद वा वरिष्ठ व्यापारी नेता श्री भैरव प्रसाद मिश्र जी ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई,तो वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिले के वरिष्ठ व्यापारी नेता हरिओम रस्तोगी जी ने किया। वहीं कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के जिला महामंत्री पुष्पराज पटेल जी, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक चन्दन सिंह चौहान उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# आउटसोर्स स्वास्थ्यकर्मियों ने प्रदर्शन कर की वेतन की मांग



**फतेहपुर।** कोविड-19 महामारी के दौरान आउटसोर्स पर रखे गये स्वास्थ्य कर्मियों की सेवाएं आगामी 30 जून को समाप्त हो रही हैं। सेवाएं समाप्त होने से चिंता में आये कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर मेडिकल कालेज में समायोजित किए जाने की मांग की। जिलाधिकारी को दिये गये ज्ञापन में आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियों ने बताया कि जनपद में कई 2021 से कार्यरत कोविड-19 एचआर के अंतर्गत चिकित्सा अधिकारी, एलटी, कम्प्यूटर आपरेटर, वार्ड ब्वाय, स्वीपर के पद पर तैनात होकर बहुत ही अतुलनीय योगदान दिया। कोविड महामारी की विभीषिका के दौरान जब स्वयं के परिवार वाले या आस-पड़ोस के लोग कोविड-19 से ग्रसित मरीज को छूना तो दूर पास आने से भी कतराते थे। उस मुश्किल घड़ी में कोरोना वीर योद्धाओं ने स्वयं एवं अपने परिवार की जान की परवाह किए बगैर, जोखिम भरा कार्य बड़े साहस और धैर्य के साथ निष्पादित किया। जिसकी प्रशंसा बड़े पैमाने पर उच्चाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने की।

# पेज एक का शेष

## महिला पहलवान...

करने के लिए कहा जहां उत्पीड़न हुआ था। पुलिस के जाते ही प्रदर्शन की अगुवाई कर रही पहलवान विनेश फोगाट ने ट्वीट करके इन मीडिया रपटों पर निराशा जताई जिनमें दावा किया गया था कि पहलवान समझौते के लिए डब्ल्यूएफआई कार्यालय पहुंचे हैं। उन्होंने कहा, यह बृजभूषण की ताकत है। वह अपने बाहुबल, राजनीतिक ताकत और झूठे नैरेटिव चलवाकर महिला पहलवानों को परेशान करने में लगा हुआ है इसलिए उसकी गिरफ्तारी जरूरी है। पुलिस हमें तोड़ने की बजाय उसको गिरफ्तार कर ले तो इंसाफ की उम्मीद है, वरना नहीं। उन्होंने आगे लिखा, महिला पहलवान पुलिस जांच के लिए अपराध स्थल पर गई थी लेकिन मीडिया में चलाया गया कि वह समझौता करने गई हैं। बजरंग पूनिया ने भी यही ट्वीट किया है। दिल्ली पुलिस का विशेष जांच दल (एसआईटी) उत्तर प्रदेश के कैसरगंज से भाजपा सांसद और डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले की जांच कर रहा है। जांच रिपोर्ट अगले हफ्ते तक जमा करने की उम्मीद है। जांच के तहत एसआईटी ने 180 से अधिक लोगों से पूछताछ की है। दिल्ली पुलिस ने मामले में दो एफआईआर दर्ज की है।

## पहलवानों के...

कोई मामला नहीं बनता है। प्रदर्शनकारी पहलवान-बजरंग पुनिया, विनेश फोगाट और अन्य इस वीडियो क्लिप में कोई ऐसा नारा लगाते नहीं नजर आ रहे हैं। कार्रवाई रिपोर्ट में अटल जन पार्टी का राष्ट्रीय प्रमुख होने का दावा करने वाले बम बम महाराज नौहटिया की ओर से पहलवान विनेश फोगाट, बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक के खिलाफ दायर याचिका को खारिज करने का अनुरोध किया गया है।अदालत ने याचिका पर अगली सुनवाई के लिए सात जुलाई की तारीख तय की है।

## जयशंकर ने...

होंगे, मतभेद होंगे, विविधता और विचार अलग होंगे और यह होता है इसमें कुछ भी गलत नहीं है। दिक्कत तब होती है जब आप इसे बाहर लेकर जाते हैं और बाहरी लोगों को इसमें दखल देने के लिए आमंत्रित करते हैं। जयशंकर ने कहा कि यदि आप कहते हैं कि भारत के पास समस्या और चिंताएं हैं तथा दुनिया को इसके लिए कुछ करना चाहिए तो इसका बड़ा असर होता है और यह देश के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने यह टिप्पणियां हाल ही में राहुल गांधी द्वारा अमेरिका यात्रा के दौरान मोदी सरकार को लेकर दिए बयानों के संदर्भ में की है। अमेरिका यात्रा के दौरान अन्य बयानों के साथ राहुल गांधी ने यह भी कहा था कि भारत को ऐसे लोग चला रहे जो यह मानते हैं कि उनको सब कुछ पता है।

## नौ दिनों...

अधिकारी का मानना है कि बाघ की आबादी को समायोजित करने के लिए प्राकृतिक आवास की कमी है। इसके परिणामस्वरूप, बाघ मनुष्यों के रिहायशी क्षेत्र में घुस रहे हैं, जिससे वे अपने और मनुष्यों के जीवन को खतरे में डाल रहे हैं। इस महीने के पहले नौ दिनों में ही पांच बाघ मर गए। इनकी मृत्यु अपने ही क्षेत्र में हुई, जो स्थिति की गंभीरता को और बताती है। विशेषज्ञ के मुताबिक मृत्यु में बढ़ोतरी को बाघों के बीच इलाके में वर्चस्प को लेकर संघर्ष के कारण हुई है। सामान्यत:, एक बाघ अपना क्षेत्र 10-12 वर्ग किलोमीटर के दायरे में चिह्नित करता है। इस इलाके में वह अपने प्रतिस्पर्धियों को प्रवेश नहीं करने देता। यदि कोई प्रतिद्वंद्वी प्रवेश करता है दोनों के बीच संघर्ष तय रहता है। इसमें संघर्ष में जो भारी पड़ता है इलाका उस बाघ का होता है और जो कमजोर पड़ता है उसे इलाका छोड़ना पड़ता है। जो बाघ इलाके से बाहर हो जाते हैं, उनके लिए जीवन आसान नहीं होता है। वे अक्सर अवैध शिकार या मानव-पशु संघर्ष के शिकार हो जाते हैं, जैसा कि हाल के दिनों में देखा गया है। उदाहरण के लिए, रणथंभौर टाइगर रिजर्व में इलाके के लिए संघर्ष में मां की मौत होने के बाद एक कमजोर शावक ने ठंड और बारिश के कारण जान गंवा दी। रणथंभौर भारत की तीसरा सबसे ज्यादा संख्या वाला बाघों का आवासीय क्षेत्र माना जाता है। इसका स्थान उत्तराखंड के कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान और असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के बाद आता है।

## दुधवा में...

मृत्यु की घटना का संज्ञान लिया है। उन्होंने प्रदेश के वन एवं पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अरुण कुमार सक्सेना, अपर मुख्य सचिव वन मनोज सिंह एवं वन विभाग के अन्य अधिकारियों को तत्काल दुधवा नेशनल पार्क जाकर विस्तृत जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने कहा कि हो सकता है कि युवा बाघ ने कोई नुकीली हड्डी खा ली हो, जिससे आंतरिक चोटें आईं और उसका पेट फट जाने से उसकी मौत हो गई। 31 मई को दुधवा बफर जोन के उत्तरी निघासन रेंज में एक चार वर्षीय नर बाघ की मौत हो गई थी। लेकिन अधिकारियों ने कहा कि इसकी मौत आपसी कलह के कारण हुई। तीन जून को दुधवा बफर जोन के एक गांव में वन अधिकारियों और ग्रामीणों की आंखों के सामने दो साल की बाघिन की मौत हो गई। बताया जाता है कि बाघिन के नाखून व पंजे क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिससे वह शिकार करने में अक्षम हो गई थी। शुक्रवार को किशनपुर अभयारण्य के मैलानी रेंज स्थित तालाब से छह से सात वर्षीय नर बाघ का शव बरामद किया गया। अधिकारियों ने कहा कि हालात आपसी लड़ाई से मौत का संकेत दे रहे हैं। डीटीआर के क्षेत्रीय निदेशक बी. प्रभाकर ने कहा कि मौत के सही कारण का पता लगाने के लिए शव को आईवीआरआई, बरेली भेजा गया है।

## इजराइल ने...

सकता हूं कि यह (भारतीय समुदाय) लगातार इजरायल को गौरवान्वित कर रहा है। भारतीय यहूदी समुदाय को दो सबसे प्राचीन सभ्यताओं के बीच जीवित सेतु बताते हुए, प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने एक रिकॉर्ड किए गए संदेश में उस विशाल सामुदायिक कार्यक्रम को याद किया जब 2017 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इजरायल यात्रा के दौरान हजारों लोग उन्हें देखने आए थे। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा कार्यक्रम था, जिसे वह कभी नहीं भूल सकते। उन्होंने कहा, दोनों देशों के बीच संबंध लगातार प्रगति कर रहे हैं और मजबूत हो रहे हैं। रिश्ते का महत्व भी लगातार बढ़ता रहा है नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से इस रिश्ते पर काम किया है।

## लिव इन...

ताजा कर दीं। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने इस बीच विद्या की तीन बहनों के बयान दर्ज किए हैं। उन्होंने कहा कि अपराध के पीछे का उद्देश्य अभी स्पष्ट नहीं है। ऐसा संदेह है कि वैद्य की मौत चार जून को हुई थी, लेकिन मौत का पता सात जून को तब चला जब दंपति के पड़ोसियों ने फ्लैट से आने वाली बदबू बर्दाश्त न होने पर पुलिस को इसकी जानकारी दी। पड़ोसियों ने पुलिस को यह भी बताया कि साने पिछले कुछ दिनों से आवारा कुत्तों को खाना खिला रहा था, जो उसने पहले कभी नहीं किया था।

# पत्रकार से अभद्रता करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्री पर होगी कड़ी कार्रवाईः डीपीओ

**हमीरपुर।** मौदहा कस्बे में समाचार कवरेज के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकत्री द्वारा पत्रकार से अभद्रता करने के मामले को जिला कार्यक्रम अधिकारी(डीपीओ) ने गंभीरता से लेते हुये कार्यकत्री के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। हालाकि पुलिस इस मामले में पहले ही कार्यवाही कर चुकी है। जानकारी के मुताबिक मौदहा निवासी पत्रकार अपने घर से निकल कर थाने की ओर जा रहा था तभी रास्ते में सईदा बानो आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री जो आंगनवाड़ियों को खाद्यान सामग्री वितरित कर रही थी कुछ महिलाओं ने शिकायत करते हुए कहा कि वह तीन माह के खाद्यान्न की जगह एक माह का ही खाद्यान्न दे रही है। महिलाओं की शिकायत का पत्रकार ने बीडीओ बनाना चाहा तभी उसके पुत्रों ने पत्रकार का मोबाइल छुड़ाकर तोड़ दिया और उसके स्कूटी की चाबी निकाल ली पत्रकार मौके से अपनी जान बचा कोतवाली पहुंच घटना की सूचना दी जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके से मोबाइल व स्कूटी की चाबी बरामद कर पत्रकार को सौंप महिला को पूछताछ के लिए थाने ले आई है तो वही महिला ने दोनों पुत्रों को मौके से भगा दिया जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

## जनपद में 38 एएनएम को मिले नियुक्ति प्रमाण पत्र

**हमीरपुर।** स्थानीय मीटिंग हाल में अड़तिस एएनएम को नियुक्ति पत्रों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद तथा विशिष्ट अतिथि राठ व हमीरपुर विधायक रहे। इन सभी एएनएम का चयन उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से हुआ है। नियुक्ति पत्र मिलने के बाद सभी एएनएम के चेहरे खिल गए। स्वास्थ्य विभाग इन सभी एएनएम की जनपद के सब सेंटरों में आवश्यकतानुसार नियुक्ति करेगा, इससे स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी।

# रूस ने यूक्रेन के अत्याधुनिक टैंक को उड़ाने का दावा किया

● लेकिन वीडियो में ट्रैक्टर पर हमला दिखा

भाषा। वाशिंगटन

**रूस ने इस** सप्ताह श्वेत-श्याम वीडियो जारी कर दावा किया था कि उसकी सेना ने यूक्रेन के कुछ बेहद अत्याधुनिक टैंक उड़ा दिए हैं। हालांकि एसोसिएटेड प्रेस के वीडियो विश्लेषण में पता चला कि यह ट्रैक्टर पर हमला था। वाशिंगटन स्थित रूसी दूतावास ने सोमवार को ट्वीट किया था कि उसके सैन्य बलों ने यूक्रेन को प्रदान किए गए सबसे उन्नत और शक्तिशाली हथियारों में से एक जर्मन निर्मित आठ लेपर्ड टैंक को नष्ट कर दिया है। इसके बाद रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को सोशल मीडिया नेटवर्क टेलीग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें लिखा था कि इसमें लेपर्ड टैंक सहित विदेशी बख्तरबंद वाहनों को नष्ट किए जाने का फुटेज दिखाया गया है। वीडियो को रूस सरकार नियंत्रित प्रसारकों और समाचार साइट द्वारा बड़े पैमाने पर दिखाया गया, जिसमें कहा गया था कि इस वीडियो को केए-52 एलीगेटर अटैक हेलीकॉप्टर के थर्मल इमेजिंग सिस्टम से रिकॉर्ड किया गया। जर्मनी ने इस साल की शुरुआत में घोषणा की थी कि वह यूक्रेन को 18 लेपर्ड-दो टैंक मुहैया कराएगा। यह नाटो देशों द्वारा यूक्रेन को प्रदान किए जाने वाले हथियारों में शामिल है। यूक्रेन के अधिकारियों ने इस सप्ताह इस बारे में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया था कि क्या युद्ध में लेपर्ड टैंक का इस्तेमाल किया जा रहा है। रूस द्वारा वीडियो ऑनलाइन साझा किए जाने के बाद कई हथियार विशेषज्ञों और सैन्य ब्लॉगर ने संदेह जताया कि हेलीकॉप्टर की मिसाइल से क्या टैंक को निशाना बनाया जा सकता है। एपी द्वारा वीडियो के विश्लेषण में एक खेत में खड़ी कृषि मशीनरी या ट्रैक्टर के बड़े टुकड़े प्रतीत होते हैं।



## ईरान पूर्वी मॉस्को में ड्रोन निर्माण संयंत्र बनाने के लिए रूस की मदद कर रहा है : अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका का दावा है कि ईरान पूर्वी मॉस्को में एक ड्रोन निर्माण संयंत्र बनाने के लिए रूस को सामग्री प्रदान कर रहा है।व्हाइट हाउस द्वारा शुक्रवार को जारी एक अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट के अनुसार ईरान रूस को यूक्रेन में युद्ध के लिए पूर्वी मॉस्को में एक ड्रोन संयंत्र बनाने में मदद कर रहा है।राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि अमेरिकी खुफिया अधिकारियों का मानना है कि रूस के अलाबुगा विशेष आर्थिक क्षेत्र में एक संयंत्र की शुरुआत अगले साल हो सकती है। अमेरिका ने मॉस्को से कई सौ मील दूर उस पूर्वी क्षेत्र में अप्रैल में उपग्रह से ली गई तस्वीर भी जारी की, जहां इस संयंत्र को स्थापित किया जा सकता है। राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने दिसंबर में सार्वजनिक रूप से कहा था कि उसका मानना है कि तेहरान और मॉस्को यूक्रेन युद्ध के लिए रूस में एक ड्रोन संयंत्र स्थापित करने पर विचार कर रहे हैं।

## बेलारूस में अगले महीने सामरिक महत्व वाले परमाणु शस्त्रों को तैनात किया जाएगा: पुतिन

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को कहा कि उनका देश अगले महीने बेलारूस में अपने कुछ सामरिक परमाणु शस्त्रों को तैनात करेगा। बेलारूस में विपक्ष ने इसे पश्चिम जगत को ब्लैकमेल करने की कोशिश करार दिया। पुतिन ने बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंद्र लुकाशेन्को से मुलाकात में कहा कि परमाणु शस्त्रों के लिए केंद्र बनाने पर काम 7-8 जुलाई तक पूरा हो जाएगा। यह कदम ऐसे समय में आया है जब यूक्रेन ने अग्रिम पंक्ति के कई क्षेत्रों में हमले तेज कर दिए हैं और इसे कुछ पर्यवेक्षक लंबे समय से प्रतीक्षित जवाबी हमले की शुरुआत के रूप में देख रहे हैं।

## बांध टूटने के बाद रूस के कब्जे वाले यूक्रेनी शहर ओलेस्की में मदद पहुंचने की रफ्तार धीमी

**कीव।** बांध टूटने के बाद बाढ़ में घिरे रूस के कब्जे वाले यूक्रेनी शहर ओलेस्की में मदद पहुंचने की रफ्तार बहुत धीमी है। हजारों लोग बिजली, पेयजल, भोजन से वंचित है और मदद का इंतजार कर रहे है। युद्ध की शुरुआत से पहले नीपर नदी के पार ओलेस्की शहर में 24,000 लोग रहते थे। यूक्रेन के बचावकर्मियों का दावा है कि रूसी सेना उनकी नावों पर कब्जा कर रही है। वहीं, फंसे हुए कुछ नागरिकों का कहना है कि सैनिक केवल रूसी पासपोर्ट वाले लोगों की मदद करेंगे। मदद में जुटे यारोस्लाव वासिलीव ने कहा, रूसी सैनिक सुरक्षा चौकियों पर खड़े है, (बचाव दल को) सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में जाने से रोक रहे है और नावों को अपने कब्जे में ले रहे है। वे सभी को शक की नजर से देखते है। माना जा रहा है कि हजारों लोग खेरसॉन क्षेत्र के 600 वर्ग किलोमीटर में फैले बाढ़ के पानी में फंस गए है। अधिकारियों ने कहा कि बाढ़ वाले लगभग दो-तिहाई क्षेत्र रूस के कब्जे वाले इलाकों में है। प्रभावित क्षेत्रों में फंसे लोग बिजली, पानी, भोजन से वंचित है। लोगों का कहना है कि मदद पहुंचने की रफ्तार बहुत धीमी है। एक महिला ने फोन पर कहा, हमें आशंका है हमारी मौत के बारे में भी किसी को पता नही चलेगा। हमारे तरफ हर चीज डूबी हुई है। विक्टोरिया मिरोनोवा-बाका ने कहा कि वह जर्मनी से बाढ़ क्षेत्र में फंसे अपने रिश्तेदारों के संपर्क में है। उन्होंने कहा, मेरे रिश्तेदारों ने बताया कि रूसी सैनिक आज नाव से आए लेकिन उन्होंने कहा कि वे केवल रूसी पासपोर्ट वाले लोगों को ही ले जाएंगे।

## क्विक न्यूज

### फ्रांस में हमलावर का मुकाबला करने वाले युवक की हो रही है भूरि-भूरि प्रशंसा

**पेरिस (फ्रांस)।** फ्रांस में चाकू से वार कर चार बच्चों और दो वयस्कों को घायल कर देने वाले हमलावर के साथ हेनरी नामक एक व्यक्ति भिड़ गया था। हमलावर के साथ उसके जूझने का वीडियो सामने आने के बाद फ्रांसीसी मीडिया उसे पिट्ठू (बैग) वाला नायक बताकर उसकी तारीफ कर रहा है।फ्रांस के आल्प्स क्षेत्र में इस चाकू हमले में 22 महीने से तीन साल के चार बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए थे और दो युवा भी जख्मी हुए थे। जब हमलावर ने चाकू से हमला किया तब हेनरी की पीठ पर एक भारी बैग था और उसके हाथ में भी एक बैग था। अपने ऊपर हमला होने के बाद भी हेनरी खेल के मैदान में हमलावर का सामना करता रहा। एक बारगी तो वह हमलावर को अपना एक बैग फेंककर मारता है और फिर उसे उठाकर दूसरा वार भी करता है।हेनरी के पिता फ्रांकोइस ने कहा कि वह मानते है कि उनके बेटे के जुझारूपन के कारण ही हमलावर और लोगों को अपना शिकार नही बना पाया और पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

### चीन के राष्ट्रपति ने सैनिकों से सीमाओं की रक्षा करते हुए फौलादी ताकत बनने को कहा

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने सीमा पर तैनात अपने सैनिकों से आह्वान किया है कि वे सीमा रक्षा और नियंत्रण में अपनी क्षमताओं को बढ़ाकर देश की सरहदों पर फौलादी ताकत बनाएं। सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) और पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की शीर्ष कमान केंद्रीय सैन्य आयोग (सीएमसी) के प्रमुख शी (69) ने बुधवार को आंतरिक मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र में सीमा प्रबंधन और नियंत्रण का जायजा लेने के लिए दौरा किया। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने शुक्रवार को बताया कि चीनी राष्ट्रपति ने सैनिकों से सीमा रक्षा में नई मिसाल कायम करने को कहा। उन्होंने सीमा पर तैनात चीनी सैनिकों से देश की सीमाओं पर फौलादी ताकत बनने के लिए सीमा रक्षा और नियंत्रण में अपनी क्षमताओं को बढ़ाने का आह्वान किया है। अपने पूर्ववर्तियों के विपरीत, 2012 में सत्ता में आए शी ने तिब्बत सहित विभिन्न सीमावर्ती क्षेत्रों में नियमित रूप से यात्रा कर सैनिकों से संवाद किया है। वर्ष 2021 में, तिब्बत की अपनी पहली यात्रा के दौरान उन्होंने अरुणाचल प्रदेश के निकट रणनीतिक रूप से स्थित सीमावर्ती शहर न्यिंगची की एक दुर्लभ यात्रा की। पीएलए के आंतरिक मंगोलिया सैन्य कमान का दौरा करते हुए शी ने सीमा सैनिकों के बीच एकजुटता सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया।

## वैटिकन : सर्जरी के बाद पोप की सेहत में सुधार

**रोम।** आंत की सर्जरी और हर्निया के उपचार के बाद पोप फ्रांसिस की सेहत में सुधार हो रहा है और वह आर्मचेयर पर बैठकर काम कर रहे है। वैटिकन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पोप के प्रवक्ता मैटियो ब्रूनी ने एक बयान में बताया कि फ्रांसिस ने रातभर आराम करने के बाद सुबह नाश्ता किया और अपनी आर्मचेयर पर बैठकर अखबार पढ़ा। प्रवक्ता ने डॉक्टरों के हवाले से बताया कि फ्रांसिस की हालत में तेजी से सुधार हो रहा है।

## इजराइली सैनिकों ने एक फलस्तीनी को मार गिराया

**रामल्ला (वेस्ट बैंक)।** फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि इजराइली सैनिकों ने अपने कब्जे वाले वेस्ट बैंक में स्थित एक जांच चौकी पर एक फलस्तीनी व्यक्ति को मार गिराया। वहीं, इजराइली सेना ने दावा किया कि फलस्तीनी व्यक्ति ने एक जवान पर हमला किया, जिसके बाद जवाबी कार्वाई की गई। सेना ने कहा कि एक व्यक्ति चोरी के वाहन में सवार होकर रामल्ला शहर के पास जांच चौकी पर पहुंचा, उसने कागजात मांगने पर सैनिक पर हमला कर दिया और हथियार चुराने की कोशिश की। इसने कहा कि मौके पर मौजूद अन्य जवान ने कथित फलस्तीनी हमलावर को गोली मार दी।

## जिम्बाब्वे में चुनाव की तारीखों की घोषणा हुई

**हरारे।** जिम्बाब्वे के राष्ट्रपति एमर्सन एमनांगाग्वा ने हाल में घोषणा की कि देश में आम चुनाव 23 अगस्त को होंगे जिसे लेकर लोगों में उम्मीद और निराशा दोनों तरह की भावनाएं है। देश की राजधानी हरारे में बिजली का काम करने वाले मुनियारदजी मुशावतु ने चुनाव को लेकर खुशी और आशंका जताते हुए कहा, 1990 के बाद से मैने हर चुनाव में मतदान किया है। मेरी आवाज सुनी जाए, इसके लिए मै और इंतजार नही सकता। मै तैयार हूं। लेकिन निराशा भरे लहजे में उन्होने याद किया कि दशकों बाद भी देश में पक्षपातपूर्ण चुनावी माहौल बरकरार है। 56 वर्षीय मुशावतु ने कहा, चुनाव की तारीख नई है।

## पाकिस्तान में सड़क दुर्घटना में आठ लोगों की मौत

**पेशावर।** उत्तर पश्चिम पाकिस्तान के पहाड़ी इलाके में एक यात्री वाहन के खाई में गिर जाने से एक ही परिवार के दो बच्चों सहित कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि वाहन में एक ही परिवार के 25 लोग सवार थे और अपर दीर से चित्राल जा रहे थे। बृहस्पतिवार को लोवारी टॉप के पास कोछन गोल में एक मोड़ पर चालक के वाहन पर से नियंत्रण खो देने के कारण हादसा हुआ। बचाव अभियान में लगे अधिकारियों के मुताबिक, घायलों में से चार की हालत गंभीर बताई जा रही

## एस पी हिंदुजा को दुबई में श्रद्धांजलि दी गई

**दुबई।** हिंदुजा बंधुओं में सबसे बड़े एवं हिंदुजा समूह के अध्यक्ष रहे दिवंगत श्रीचंद परमानंद हिंदुजा को यहां एक प्रार्थना सभा में श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के सहिष्णुता एवं सह अस्तित्व मंत्री शेख नाहयान बिन मुबारक अल नाहयान ने श्रीचंद परमानंद हिंदुजा को कुशाग्र बुद्धि वाला कारोबारी और संबंधों को महत्व देने वाला व्यक्ति बताया।

## टेक्सास में पुल ढहने से कई लोग घायल

**सर्फसाइड।** अमेरिका के टेक्सास में बृहस्पतिवार को सर्फसाइड बीच पर बने एक पुल के ढह जाने से, वहां ग्रीष्मकालीन अवकाश मनाने गए करीब दो दर्जन किशोर घायल हो गए। इनमें पांच किशोरों को हेलीकॉप्टर से अस्पताल ले जाया गया है।

# गोपनीय दस्तावेज मामले में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अभ्यारोपित

भाषा। मयामी

**मेरिका के** पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फ्लोरिडा स्थित आवास पर गोपनीय दस्तावेज मिलने के मामले में उन्हें अभ्यारोपित किया गया है। इस घटनाक्रम के बाद, वह अमेरिकी इतिहास में प्रथम पूर्व राष्ट्रपति होंगे जो संघीय सरकार के आपराधिक आरोपों का सामना करेंगे। अगले हफ्ते अदालत में उनकी पेशी से पहले न्याय विभाग द्वारा इसकी सार्वजनिक घोषणा किए जाने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के लिए प्रचार अभियान इस आपराधिक अभियोजन से कई राज्यों में प्रभावित हो गया है। यदि ट्रंप को अदालत द्वारा दोषी करार दिया जाता है तो उन्हें जेल की सजा होने की भी संभावना है। हालांकि, इसके कई राजनीतिक परिणाम भी देखने को मिलेंगे। राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी से उम्मीदवारी के लिए ट्रंप की उम्मीदों पर पानी फिर सकता है। उल्लेखनीय है कि वह इस दौड़ में अब तक सबसे आगे रहे हैं। न्याय विभाग ने इस अभियोग की सार्वजनिक रूप से तत्काल पुष्टि नहीं की है, लेकिन घटनाक्रम से अवगत दो व्यक्तियों ने बताया कि अभियोग में सात आपराधिक मामले शामिल हैं। इनमें से एक व्यक्ति ने बताया कि अभियोजकों ने ट्रंप के वकीलों से संपर्क किया था।



### ट्रंप ने जिस न्यायाधीश नियुक्त किया था वहीं सुनेगा मामला

**मियामी।** पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ संघीय आपराधिक मामला उस न्यायाधीश को सौंपा गया है जिसे उन्होने खुद नियुक्त किया था। ट्रंप के फ्लोरिडा स्थित आवास पर संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) की छापेमारी के दौरान जब्त गोपनीय दस्तावेजों की जांच के लिए एक स्वतंत्र मध्यस्थ नियुक्त किए जाने के रिपब्लिकन के अनुरोध को स्वीकार करने संबंधी फैसले को लेकर न्यायाधीश को आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। इस मामले से जुड़े एक व्यक्ति का कहना है कि इस मामले को पूर्व संघीय अभियोजक न्यायाधीश एलीन कैनन को सौंपा गया है, जिन्हें 2020 में ट्रंप द्वारा फोर्ट पीयर्स की पीठ में नामित किया गया था। कैनन सुर्खियों में तब आई जब उन्होंने एफबीआई द्वारा जब्त किए गए दस्तावेजों की समीक्षा के लिए एक तथाकथित विशेष मध्यस्थ को मंजूरी देने संबंधी फैसला दिया था।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सूरीनाम और सर्बिया की यात्रा पूरी की

भाषा। बेलग्रेड



**राष्ट्रपति द्रौपदी** मुर्मू की सूरीनाम और सर्बिया की छह दिवसीय यात्रा शुक्रवार को संपन्न हो गई जिस दौरान उन्होंने दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के साथ विविध विषयों पर विस्तृत चर्चा की और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने पर जोर दिया। राष्ट्रपति मुर्मू रविवार को तीन दिवसीय यात्रा पर सूरीनाम पहुंची थीं। पिछले वर्ष जुलाई में पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा थी। इस दौरान मुर्मू ने सूरीनाम के अपने समकक्ष चंद्रिका प्रसाद संतोखी से मुलाकात की और रक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी एवं क्षमता निर्माण सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को गहरा बनाने के रास्तों पर चर्चा की। सूरीनाम की यात्रा समाप्त करने के बाद राष्ट्रपति मुर्मू बुधवार को राष्ट्रपति एलेक्सांद्र वुसिक के निमंत्रण पर सर्बिया पहुंची थीं। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, यह यूरोप की उनकी (राष्ट्रपति मुर्मू) पहली यात्रा थी। बयान में कहा गया है कि राष्ट्रपति मुर्मू की इस यात्रा से भारत और सर्बिया के बीच मतबूत संबंधों की पुनः पुष्टि हुई है। इस यात्रा से दोनों देशों के संबंधों खासकर आर्थिक मोर्चे पर संबंधों को नई ऊर्जा मिली है। बेलग्रेड में राष्ट्रपति मुर्मू ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और भारतीय समुदाय के लोगों से संवाद किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा था कि भारत तेजी से और अभूतपूर्व परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और देश दशक के अंत से पहले दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का बेलग्रेड में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यह किसी भारतीय राष्ट्रपति की सर्बिया की पहली यात्रा थी। सर्बिया के राष्ट्रपति ने हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति मुर्मू की अगवानी की।

## ईरान ने कार्टूनिस्ट को फिर से हिरासत में लिया, पत्रकार समूह ने रिहाई की अपील की

**दुबई।** ईरानी प्राधिकारियो ने अपने इंस्टाग्राम खाते पर राजनीतिक पोस्ट साझा करने के लिए पहले भी गिरफ्तार की जा चुकी कार्टूनिस्ट अटेना फरगदानी को तलब करने के बाद फिर से गिरफ्तार कर लिया। चित्रकार, कार्टूनिस्ट और पूर्व राजनीतिक कैदी फरगदानी के वकील मोहम्मद मोघिमी ने ट्वीट कर बताया कि उनकी मुवक्किल को तेहरान स्थित इविन अदालत कक्ष में तलब किया गया और गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होने यह नही बताया कि फरगदानी को गिरफ्तार क्यो किया गया। फरगदानी को 18 महीने जेल में बिताने के बाद 2016 में रिहा गया था। उन्हे सांसदो को जानवरो के रूप में चित्रित करने के लिए गिरफ्तार किया गया था। अपने इस कार्टून के जरिए उन्होने गर्भनिरोधक को प्रतिबंधित करने और स्वैच्छिक नसबंदी को अपराध बनाने वाले एक मसौदा कानून की आलोचना की थी।

**PUBLIC NOTICE**

This is to notify the public at large that our client, Mr.Nasir Ahmad, S/o Late Sh. Bashir Ahmad, R/o: House No:27, Street No: 1, Near Sai Baba Mandir, East Laxmi Market, Delhi-110092, intends to purchase property bearing House No: H- 55, Gali No: 3, Vijay Chowk, Laxmi Nagar, Delhi-110092 ad measuring 200 Sq. Yards from Rajesh Sharma @ Saxena @ Bablu, S/o Late Sh. Gopi Kishan (Seller). Any person or persons having any claim on the said property by way of ownership, tenancy, licensee, sale, mortgage, exchange, charge, lease, lien, inheritance, maintenance, possession, gift, trust, Govt. duties, levies, encumbrances, easement or otherwise are requested to inform the undersigned at Ryt Law Associates, Chamber No: 402, Civil Wing, Tis Hazari District Courts, Delhi-110054, Mob No: 9266130562, 8383002256 within 30 days from the date of publication of this notice thereof. Any claim received after the aforesaid period shall be deemed to have been waived or abandoned and the sale will be completed without taking any reference to such claim or claims.

**Rohit Yadav (Advocate)** Ch. No. 402, Civil Wing, Tis Hazari Courts, Delhi-110054 Mob. No: 9266130562, 8383002256

**Public Notice**

This is to inform general public that Mr. Rahul Chadha had acquired the Plot bearing no. 866, area measuring 420 sq. meters., i.e., 502.32 sq. yards., situated at Tehsil & Distt. Gurugram, Haryana vide Supplementary Deeds dated 08.04.2021, Doc no. 366.Abovesaid owners has misplaced the Original Allotment Letter Memo No-2013 Dated 15.03.1980 And Original Conveyance Deed dated 15.08.1983 registered as document no. 2447, SR-Gurgaon of the above said property. Anyone who find the above said documents shall handover the same to the Manager, Kotak Mahindra Bank Ltd. 2nd floor Ambadeep Tower, CONNAUGHT PLACE, New Delhi, NEW DELHI 110001Mr. Rahul Chadha intends to Sell above said property to Mr. Dheeraj Kapoor further Mr. Dheeraj Kapor is mortgaging the above said property with Kotak Mahindra Bank Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

## अमेरिका के बाद अब संयुक्त राष्ट्र ने भी इथियोपिया को दी जाने वाली खाद्य सहायता रोकी

**नैरोबी।** संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने शुक्रवार को कहा कि वह इथियोपिया को खाद्य सहायता अस्थाई रूप से रोक रहा है क्योकि इस अफ्रीकी देश में यह जरूरतमंद लोगो तक नही पहुंच पा रही है। अमेरिका ने भी एक दिन पहले इसी तरह की घोषणा की थी। डब्ल्यूएफपी की कार्यकारी निदेशक सिंडी मैकेन ने कहा, खाद्य सहायता को दूसरी जगह भेजा जाना पूरी तरह से अस्वीकार्य है, और हम इसकी जांच करने तथा इसकी जवाबदेही तय करने के लिए इथियोपिया की प्रतिबद्धता का स्वागत करते है। डब्ल्यूएफपी का मुख्यालय रोम में है।

## सूडानी सरकार ने संयुक्त राष्ट्र दूत को अस्वीकार्य व्यक्ति घोषित किया

**काहिरा।** सूडानी अधिकारियो ने कहा कि उनके देश में संयुक्त राष्ट्र के दूत वोल्कर पर्थेस अब अस्वीकार्य व्यक्ति है। पर्थेस सूडान के हिंसक संघर्ष में एक प्रमुख मध्यस्थ रहे है। सूडान के विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को देर रात इस संबंध में एक संक्षिप्त बयान जारी किया। इससे पहले देश की सेना के प्रमुख जनरल अब्देल फत्ताह बुरहान ने पर्थेस को पत्र लिख कर कहा था कि उन्हें उनके पद से हटा दिया जाना चाहिए।

**सार्वजनिक सूचना**

श्री **आलोक** की ओर से नोटिस दिया जाता है, जो पहली मंजिल बिना छत के अधिकार के संपत्ति संख्या आर-64, 50 वर्ग गज भूमि क्षेत्र, खसरा नं. 75, 76, 85 से 89, 92 से 97, 105 से 107, 120, वाणी विहार, ब्लॉक-आर, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059 ग्राम बिंदापुर के रूप में जानी जाने वाली कॉलोनी के राजस्व सम्पदा में स्थित संपत्ति खरीद रहे हैं। श्री शिव शंकर और श्रीमती सुधा उर्फ सुधा कुमारी से, जो उपरोक्त संपत्ति के मालिक हैं, बिक्री विलेख 29.09.2017, जो उप-पंजीयक, आईआईबी जनकपुरी दिल्ली, नई दिल्ली में दस्तावेज संख्या 16388 के तहत विधिवत पंजीकृत है और **उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड** से वित्तीय सहायता के बदले गिरवी रखने का इरादा है। जिसकी फोटोकॉपी है-**1)** बेचने के लिए नोटरीकृत समझौता, **2)** श्रीकृष्ण और राधेश्याम के पक्ष में श्री शिव कुमार वर्मा द्वारा निष्पादित वसीयतनामा, **3)** वसीयत दिनांक 24.11.1984, **4)** स्वर्गीय श्रीमती गोमती देवी पत्नी लाल चंद का मृत्यु प्रमाण पत्र, **5)** स्वर्गीय लाल चंद का मृत्यु प्रमाण पत्र **6)** दिवंगत ओम प्रकाश का जीवित सदस्य प्रमाणपत्र (एसएमसी) दस्तावेज गुम हो गए हैं/उपलब्ध नहीं हैं। बैंक/एनबीएफसी की आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक सूचना देते हैं कि यदि कोई व्यक्ति उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का दावा/अधिकार/स्वामित्व/ब्याज/बंधक सृजित करता है, तो वह नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप से अपने बारे में आपत्तियां, आज से 7 दिनों के भीतर, सूचित कर सकता है। जिसके विफल होने पर यह मान लिया जाएगा कि उक्त संपत्ति सभी प्रकार के भार, ग्रहणाधिकार आदि से मुक्त है :

लुसेम लीगल एलएलपी
प्लॉट नंबर 136, (तहखाने) उदय पार्क, नई दिल्ली-110049, संपर्क करें # 011-40046316

# मोदी की यात्रा द्विपक्षीय संबंधों के लिए नए मानदंड : पेंटागन



भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिकी रक्षा** विभाग के मुख्यालय पेंटागन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस महीने होने वाली अमेरिका यात्रा द्विपक्षीय संबंधों के लिए नए मानदंड स्थापित करेगी और इस दौरान, रक्षा औद्योगिक सहयोग पर बड़ी घोषणाएं होने तथा भारत के स्वदेशी सैन्य बेड़े में इजाफा होने की संभावना है। प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर इस महीने अमेरिकी की राजकीय यात्रा करेंगे। उनकी चार दिवसीय यात्रा 21 जून से शुरू होगी। बाइडन दंपति 22 जून को राजकीय भोज पर मोदी की मेजबानी करेंगे। हिंद-प्रशांत सुरक्षा मामलों के सहायक रक्षा सचिव एली रैटनर ने सेंटर फॉर न्यू अमेरिकन सिक्योरिटी में एक पैनल चर्चा के दौरान कहा, जब प्रधानमंत्री मोदी इस महीने के आखिर में राजकीय यात्रा के लिए वाशिंगटन आएंगे, तो मुझे लगता है कि यह दोनों देशों के संबंधों में नए मानदंड स्थापित करने वाली ऐतिहासिक यात्रा साबित होगी। जैसे इस साल की शुरुआत में जापान के साथ टू प्लस टू वार्ता को रिश्ते में एक महत्वपूर्ण पल के रूप में देखा गया। लोग प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा को अमेरिका-भारत संबंधों में एक वास्तविक छलांग के रूप में देखेंगे। रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कई द्विपक्षीय मुद्दों को आगे बढ़ाने और विशेष समझौतों एवं योजनाओं को अंतिम रूप देने के वास्ते प्रधानमंत्री की वाशिंगटन यात्रा की जमीन तैयार करने के लिए हाल में भारत का दौरा किया था।

# बाइडन और सुनक ने युद्ध प्रभावित यूक्रेन को मदद जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई

भाषा। वाशिंगटन



**अमेरिकी राष्ट्रपति** जो बाइडन और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बृहस्पतिवार को युद्ध से जूझ रहे यूक्रेन की मदद जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई और कृत्रिम मेधा (एआई), स्वच्छ ऊर्जा व महत्वपूर्ण खनिजों से संबंधित आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। बाइडन और सुनक ने कहा कि अटलांटिक घोषणापत्र विकास और उभरती प्रौद्योगिकी के मामले में दोनों देशों के लिए एक रूपरेखा के तौर पर काम करेगा तथा राष्ट्रीय सुरक्षा व अन्य आर्थिक सुरक्षा समस्याओं के लिहाज से महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी की रक्षा करेगा। ओवल ऑफिस (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय) में दोनों नेताओं के बीच वार्ता शुरू होने पर बाइडन ने कहा, हम अपने मूल्यों को सामने रखेंगे। बाद में उन्होंने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि समझौता (अटलांटिक घोषणापत्र) दोनों देशों को हमारी साझेदारी को अनुकूलित और उन्नत करने में मदद करेगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारे देश तेजी से बदलती दुनिया में अग्रणी बने रहें। वहीं, सुनक ने कहा, हमारी अर्थव्यवस्था औद्योगिक क्रांति के बाद शायद सबसे बड़ा परिवर्तन देख रही है, क्योंकि नई प्रौद्योगिकियों ने न केवल अविश्वसनीय अवसर प्रदान किए हैं, बल्कि हमारे प्रतिद्वंदियों को भी अधिक मौके दिए हैं। दोनों नेताओं के बीच बातचीत में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण का मुद्दा छाया रहा। अमेरिका और ब्रिटेन दोनों इस युद्ध में यूक्रेन की बड़े पैमाने पर मदद कर रहे हैं।

## इजरायल में भारतीय यहूदी समुदाय ने रखी सांस्कृतिक केंद्र की नीव, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने सराहा

**नेवातिम (इजरायल)।** इजरायल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने यहां सांस्कृतिक केंद्र की आधारशिला रखने वाले भारतीय यहूदी समुदाय की सराहना की। इजरायल के नेगेव क्षेत्र में एक मोशव (कृषि समुदाय) नेवातिम, भारतीय कोचीनी यहूदियों का पर्याय बन गया है। बृहस्पतिवार को इस स्थान पर भारतीय समुदाय के विरासत एवं सांस्कृतिक केंद्र की आधारशिला रखे जाने से संबंधित कार्यक्रम का गवाह बनने के लिए देश भर से भारतीय यहूदी समुदाय के सैकड़ों लोग जुटे। केन्द्र का उद्देश्य न केवल भारत से आए सभी यहूदी समुदायों की विरासत और समृद्ध संस्कृति को संरक्षित करना है, बल्कि यह भारत-इजरायल व्यापार केंद्र के लिए एक आधार के रूप में भी काम करेगा। तीन एकड़ भूमि पर बनने वाले लाखों डॉलर के इस केन्द्र में एक संग्रहालय, सम्मेलन एवं कार्यक्रम भवन और एक भारतीय उष्णकटिबंधीय उद्यान होगा।

# ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन अब तक के सबसे उच्च स्तर पर, पृथ्वी तेज़ी से गर्म हो रही है

भाषा। लंदन

**ग्रीनहाउस गैस** उत्सर्जन 54 अरब टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर वार्षिक उत्सर्जन के साथ अब तक के उच्चतम स्तर पर है। मानवता ने 1800 के अंत से सतह के तापमान को 1.14 डिग्री सेल्सियस तक गर्म कर दिया है - और यह वार्मिंग प्रति दशक 0.2 डिग्री सेल्सियस से अधिक की अभूतपूर्व दर से बढ़ रही है। भूमि पर रिकॉर्ड किया गया उच्चतम तापमान (जिसे जलवायु वैज्ञानिक अधिकतम भूमि सतह तापमान कहते हैं) दोगुनी तेजी से बढ़ रहा है। और यही तापमान लोगों द्वारा महसूस की जाने वाली रिकॉर्ड गर्मी या जंगल में लगी आग के लिए सबसे बड़ा कारक है। इन परिवर्तनों का मतलब है कि 1.5 डिग्री सेल्सियस के लिए शेष कार्बन बजट - कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा, जो वैश्विक समाज अभी भी उत्सर्जन कर सकता है और जिससे तापमान वृद्धि



को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रखने का 50 प्रतिशत मौका मिल सकता है - अब केवल 250 अरब टन के आसपास है। मौजूदा उत्सर्जन स्तरों पर, यह छह साल से कम समय में पूरा हो जाएगा। ए एक नई रिपोर्ट के निष्कर्ष हैं जिसे मैंने दुनिया भर के 49 अन्य वैज्ञानिकों के साथ प्रकाशित किया है। यह पृथ्वी प्रणाली में उत्सर्जन, तापमान और ऊर्जा प्रवाह में सबसे हालिया परिवर्तनों को ट्रैक करता है। डेटा जो जलवायु कार्वाई का निर्धारण कर सकता है। उदाहरण के लिए, अंतर्राष्ट्रीय तापमान लक्ष्यों को पूरा करने के लिए उत्सर्जन को कितनी तेजी से कम करने की आवश्यकता है, इसकी जानकारी देकर। पहली रिपोर्ट, जो वार्षिक रिपोर्टों की एक श्रृंखला बनने वाली है, ने उस गति को पकड़ लिया है जिस पर पृथ्वी गर्म हो रही है। हम ग्लोबल क्लाइमेट चेंज के संकेतक नामक एक पहल शुरू कर रहे हैं, जो पहली बार साल-दर-साल मानव-प्रेरित वार्मिंग को ट्रैक करने के लिए सभी आवश्यक सामग्रियों को एक साथ लाता है। सतह के तापमान में बदलाव लाने में उनकी भूमिका निर्धारित करने के लिए हम ग्रीनहाउस गैसों और कणीय प्रदूषण दोनों के उत्सर्जन और उनके गर्म होने या ठंडा होने के प्रभावों को ट्रैक करते हैं। हम जलवायु परिवर्तन पर व्यापक संयुक्त राष्ट्र अंतर सरकारी पैनल (आईपीसीसी) आकलन द्वारा स्थापित किए गए कठोर तरीकों का उपयोग करते हैं।

## फ्रांस में हमले में घायल दो बच्चों की हालत अब भी नाजुक, राष्ट्रपति करेंगे मुलाकात

**पेरिस।** फ्रांस के आल्प्स क्षेत्र में एक पार्क में हमले में घायल हुए चार बच्चों में से दो की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों अपनी पत्नी के साथ घायलों से मुलाकात करने जा रहे हैं। बृहस्पतिवार को एक हमलावर ने चाकू से वार कर चार बच्चों और दो वयस्कों को घायल कर दिया था। राष्ट्रपति कार्यालय ने बताया कि राष्ट्रपति अपनी पत्नी ब्रिगेट के साथ पीड़ितों और उनके परिवारों से मुलाकात के लिए जा रहे हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

नगर निगम गुरूग्राम के सम्पत्तिकर रिकार्ड में यूनिट नं0 1C6GCP19 Old (143C232U21) जो श्रीमती सिमरन खन्ना व कुलवन्त गुलाटी के नाम संमभाग दर्ज है जबकि वसियत नं0 31 दिनांक 11.04.2014 के अनुसार उक्त यूनिट आई0 डी0 की श्रीमति सिमरन खन्ना पत्नी श्री परमजीत खन्ना मालिक है। अब श्रीमति कुलवन्त गुलाटी की मृत्यु के बाद उक्त यूनिट आई0 डी0 के करदाता कानाम तबदील करने के लिये श्रीमति सिमरन खन्ना पत्नी श्री परमजीत खन्ना ने आवेदन किया है कि यूनिट आई0 डी0 नं0 1C6GCP19 Old (143C232U21) जो रवि नगर गुरूग्राम क्षेत्र में स्थित है व उसकी माता की मृत्यु दिनांक 09.01.2023 के बाद यूनिट आई0 डी0 नं0 1C6GCP19 Old (143C232U21) की कानूनी वारिस है। मलकियत प्रार्थिया के नाम दर्ज की जाये।

यदि इस मलकियत/भवन/यूनिट आई0 डी0 नं0 1C6GCP19 Old (143C232U21) पर नाम दर्ज करने हेतु किसी भी व्यक्ति को कोई एतराज है तो वह समाचार पत्र में प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर-अन्दर अपना एतराज अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दे सकता है। समयावधि समाप्त होने उपरान्त उक्त नाम सम्पत्ति कर रिकार्ड में तबदील कर दिया जायेगा। जिसके लिये नगर निगम गुरूग्राम उत्तरदायी नहीं होगा।

क्षेत्रीय कराधान अधिकारी-I
नगर निगम, गुरूग्राम।

पृ0 क्रमांक ZTO MCG/2023/18693 दिनांक 09.06.2023

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) MAH_BOLMAXITRK REG.NO.DL1LY8347-YOM-2017
2) TATAMOTORS_T_LPT1109 REG. NO.DL1MA9427-YOM-2022
3) TATA ACE REG.NO. DL1LAJ1447- YOM-2022
4) TATAMOTORS_TACEGOLD REG.NO.DL1LAJ4014-YOM-2022
5) MARUTI S SUPER CARRY REG.NO.DL1LAJ2863-YOM-2021
6) TATA ACE REG. NO. DL1LAH3704-YOM -2022
7) TATA MOTORS LTD.-CB_LPT_1512 REG. NO. HR38AE5655-YOM -2022
8) TATA MOTORS LTD.-CB_LPT_1512 REG. NO. HR38AE5793-YOM -2022

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT

BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR

CONTACT : RAMAN AHUJA KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. 8377988238 EMAIL-raman.ahuja@kotak.com

# जन शिकायतों के निस्तारण में लगने वाला औसत समय घटा: जितेंद्र सिंह

**● अब घटकर 17 दिन रह गया है**

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय मंत्री** जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण की औसत समय सीमा 2021 में 32 दिन से घटकर अब 17 दिन हो गई है। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय की पिछले नौ वर्षों की उपलब्धियों के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय रोजगार मेला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक अनूठी अवधारणा का हिस्सा है जिसने सरकार की भर्ती प्रक्रिया को संस्थागत बना दिया है। कार्मिक राज्य मंत्री सिंह ने कहा कि ज्यादातर प्रशासनिक और शासन सुधार युवा



केंद्रित हैं और रोजगार मेला युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान करने के लिए एक प्रमुख और अनूठी पहल के रूप में है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से रोजगार के लाखों अवसर पैदा होते हैं।

शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही के बारे में उन्होंने कहा कि मजबूत शिकायत निवारण तंत्र स्वच्छ और प्रभावी सरकार के लिए मानदंड है। मंत्री ने कहा, शिकायतों के निस्तारण में सुधार और समय सीमा को कम करने के लिए 10-चरणीय सीपीजीआरएएमएस सुधार प्रक्रिया अपनाई गई है, जिसके कारण साप्ताहिक निपटान दर 95 से 100 प्रतिशत तक हो गई है। केंद्रीय मंत्रालयों/ विभागों का औसत निस्तारण समय 2021 में 32 दिन से बढ़कर 2022 में 27 दिन, अप्रैल 2023 में 17 दिन हो गया है। सीपीजीआरएएमएस या केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली के जरिए नागरिक सरकारी विभागों के खिलाफ ऑनलाइन शिकायतें दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सालाना औसतन 20 लाख शिकायत दर्ज की जाती है। 2022 में 19.18 लाख जन शिकायत दर्ज की गईंअ 2021 में दो लाखअ 2020 में 22.71 लाखअ और 2019 में 18.67 लाख शिकायत दर्ज की गई।

# केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने गोडसे को भारत का सपूत बताया

**दंतेवाड़ा।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने महात्मा गांधी की हत्या करने वाले नाथूराम गोडसे को भारत का सपूत बताया और कहा कि वह मुगल शासक बाबर और औरंगजेब की तरह आक्रमणकारी नहीं था क्योंकि वह भारत में पैदा हुआ था। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा शहर में शुक्रवार को संवाददाताओं से बात करते हुए केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री ने कहा कि जो लोग खुद को बाबर और औरंगजेब की संतान कहलाने में खुशी महसूस करते हैं, वे भारत माता के सच्चे सपूत नहीं हो सकते। औरंगजेब को लेकर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के गोडसे से संबंधित एक बयान के बारे में पूछे जाने पर सिंह ने कहा, अगर गांधी जी के हत्यारे हैं तो गोडसे भारत के सपूत भी हैं, वे भारत में ही जन्मे हैं, औरंगजेब और बाबर की तरह अक्रांता नहीं हैं। और जिसको बाबर की औलाद कहलाने में खुशी



महसूस होती है, वह कम से कम भारत माता का सच्चा सपूत नहीं हो सकता। उन्होंने छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पर धर्म परिवर्तन को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। सिंह ने कहा, राज्य में जनजातियों और गैर-जनजातियों को एक साजिश के तहत धर्मांतरित किया जा रहा है। जब भाजपा राज्य में सत्ता में आएगी तो धर्मांतरण के खिलाफ कड़ा कानून बनाया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत छत्तीसगढ़ को दिए गए धन के गबन का दावा किया।

उन्होंने कहा कि जो भी मनरेगा फंड की हेराफेरी कर रहा है, उसे जांच का सामना करना पड़ेगा और उन्हें दंडित किया जाएगा, चाहे वह मुख्यमंत्री हों या कोई और। सिंह ने भाजपा के खिलाफ कथित अपशब्दों के इस्तेमाल को लेकर आबकारी मंत्री कवासी लखमा पर भी निशाना साधा और कहा कि उनकी टिप्पणी कांग्रेस सरकार के चरित्र को दर्शाती है और बघेल जी को यह देखना होगा। लखमा ने बृहस्पतिवार को कांकेर जिले में कुछ संवाददाताओं से बात करते हुए कथित तौर पर स्थानीय बोली हल्बी में एक अपमानजनक शब्द का इस्तेमाल किया था।

## फडणवीस को गोडसे के बच्चों के बारे में भी बात करनी चाहिए: सांसद इम्तियाज जलील

**औरंगाबाद (महाराष्ट्र)।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के सांसद इम्तियाज जलील ने शुक्रवार को कहा कि औरंगजेब की औलाद की तरह नाथूराम गोडसे के बच्चों की भी संख्या बढ़ी है। वह महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की उन लोगों पर की गई टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जो संगमनेर शहर में एक जुलूस के दौरान मुगल बादशाह औरंगजेब की तस्वीर लेकर गए थे। जलील ने कहा, मैंने फडणवीस का बयान सुना। वह राज्य के गृह मंत्री हैं और पूरा पुलिस विभाग उनके अधीन है। उन्होंने (फडणवीस) कहा कि औरंगजेब के इतने बच्चे कहां से आए। ऐसा हो सकता है, लेकिन गोडसे के बच्चों की भी संख्या बढ़ गई है। उन्हें इसके बारे में भी बोलना चाहिए। औरंगाबाद के सांसद ने यह भी कहा कि जो लोग सड़कों पर उतरे और कोल्हापुर में पथराव किया, वे तत्कालीन कोल्हापुर राज्य के सुधारवादी शासक छत्रपति शाहू महाराज के योगदान के बारे में नहीं जानते। कोल्हापुर में, एक आपत्तिजनक ऑडियो संदेश और 18वीं सदी के मैसूर के शासक टीपू सुल्तान की एक तस्वीर कुछ लोगों द्वारा अपने सोशल मीडिया स्टेटस पर साझा किए जाने के खिलाफ बुधवार को हिंसक प्रदर्शन किए गए थे। कर्नाटक के विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार का जिक्र करते हुए जलील ने कहा, यहां राज्य या केंद्र में बैठे शासक जानते हैं कि जब तक वे समुदायों के बीच दरार पैदा नहीं करेंगे, तब तक उनकी स्थिति कर्नाटक जैसी ही होगी।

# शरद पवार को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी दी गई : राकांपा

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी दी गई है। पार्टी ने शुक्रवार को यह दावा किया और कार्यकर्ताओं से हर हाल में शांति बनाए रखने की अपील की है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मामले का संज्ञान लेते हुए मुंबई पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर रही है। पवार की बेटी तथा लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले के नेतृत्व में राकांपा कार्यकर्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुंबई पुलिस प्रमुख विवेक फणसालकर से मुलाकात कर कार्वाई की मांग की। राकांपा नेताओं ने पुलिस को बताया कि पवार (82) को फेसबुक पर एक संदेश मिला, जिसमें लिखा था, उनका भी (नरेन्द्र) दाभोलकर जैसा हश्र होगा।

अंधविश्वास के खिलाफ लड़ने वाले नरेन्द्र दाभोलकर की 20 अगस्त 2013 को पुणे में सुबह की सैर के समय बाइक पर सवार अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। सुले ने धमकी भरे संदेश की तस्वीरें पुलिस के साथ साझा कीं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उन्हें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर राकांपा प्रमुख को मिली धमकी के बारे में बताया गया है। उन्होंने कहा, हम इसे देख रहे हैं। हमने जांच शुरू कर दी है। अधिकारी ने कहा कि राकांपा ने शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रतिनिधि भेजे थे। उन्होंने कहा, पुलिस इस संबंध में दक्षिण क्षेत्र साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर रही है। इस बीच, राकांपा के वरिष्ठ नेता अजित पवार ने कहा कि सौरव पिम्पालकर नामक व्यक्ति ने धमकी भरा संदेश भेजा था, जिसकी सोशल मीडिया प्रोफाइल पर कहा गया है कि वह भाजपा का समर्थक है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरुपयोग करने के बजाय किसी को भद्र तरीके से वैचारिक लड़ाई लड़नी चाहिए। महाराष्ट्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अजित पवार ने कहा कि दुष्ट नेता जानबूझकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का दुरुपयोग कर रहे हैं, वे झूठी खबरें फैलाते हैं और समाज में विभाजन पैदा करते हैं।

# पायलट के कांग्रेस छोड़ने और अपनी पार्टी बनाने की बातें अफवाह : वेणुगोपाल

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के अगले कदम को लेकर जारी अटकलों के बीच शुक्रवार को कहा कि यह सब अफवाह है कि पायलट पार्टी से बाहर चले जाएंगे और अपनी पार्टी गठित करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी पायलट के साथ बातचीत हुई है और राजस्थान विधानसभा चुनाव कांग्रेस एकजुट होकर लड़ेगी। वेणुगोपाल ने यह बयान पायलट के पिता और कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर 11 जून को होने वाले कार्यक्रम से 2 दिन पहले दिया है। यह कार्यक्रम राजस्थान के दौसा में होना है। बहरहाल, पायलट के करीबी सूत्रों का कहना है कि पूर्व उपमुख्यमंत्री की ओर से जो मुद्दे उठाए गए हैं, उन पर कार्वाई होनी चाहिए। पायलट के करीबी नेताओं का यह भी कहना है कि वसुंधरा राजे सरकार में हुए भ्रष्टाचार पर कार्वाई करना एक प्रमुख मांग है, हालांकि इस पर अभी बहुत कुछ नहीं हो पाया है। वेणुगोपाल ने पायलट के अगले कदम से जुड़ी अटकलों के बारे में पूछे जाने पर पीटीआई-भाषा से कहा, मैं अफवाहों में विश्वास नहीं करता। वास्तविकता यह है कि कांग्रेस अध्यक्ष (मल्लिकार्जुन खरगे) और राहुल गांधी जी ने अशोक गहलोत जी और सचिन पायलट जी के साथ चर्चा की तथा उसके बाद हमने कहा था कि हम एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे। यही कांग्रेस पार्टी का रुख है। इसके अलावा कुछ नहीं है। उन्होंने यह भी कहा, मैं पायलट के साथ मुलाकात कर रहा हूं, बातचीत कर रहा हूं। यह पूछे जाने पर कि क्या पायलट पार्टी में बने रहेंगे, तो वेणुगोपाल ने कहा, आपसे किसने कहा कि वह पार्टी से बाहर जा रहे हैं। यह सब काल्पनिक सवाल है। यह सब अफवाह है। अफवाहों पर विश्वास मत करिए। कांग्रेस राजस्थान विधानसभा चुनाव एकजुट होकर लड़ेगी।

हाल ही में कुछ खबरों में कहा गया था कि पायलट जल्द ही अलग पार्टी का गठन कर सकते हैं, हालांकि उनके करीबी सूत्रों का कहना था कि फिलहाल उनका पूरा ध्यान उन मांगों पर है, जो वह पिछले कुछ महीनों से लगातार उठा रहे हैं।

पायलट ने हाल में तीन मांगें रखी थीं, जिनमें राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) को भंग करना और इसका पुनर्गठन, सरकारी परीक्षा के पेपर लीक होने से प्रभावित युवाओं को मुआवजा देना और वसुंधरा राजे नीत पिछली भाजपा सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की उच्चस्तरीय जांच कराना शामिल है। पिछले दिनों कांग्रेस ने गहलोत और पायलट के साथ पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की मैराथन बैठक के बाद कहा था कि दोनों नेता आगामी विधानसभा चुनाव एकजुट होकर लड़ने पर सहमत हैं तथा उनके बीच के मुद्दों का समाधान आलाकमान करेगा। पार्टी के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने यह भी कहा था कि गहलोत और पायलट पार्टी के प्रस्ताव पर सहमत हो गए हैं। हालांकि, उन्होंने इस बारे में कोई ब्योरा नहीं दिया था।

## क्विक न्यूज

### एसयू-30एमकेआई लड़ाकू विमानों ने हिंद महासागर क्षेत्र में लंबी दूरी के मिशन को अंजाम दिया

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के एसयू-30एमकेआई लड़ाकू विमानों के एक बेड़े ने हिंद महासागर क्षेत्र में आठ घंटे तक एक रणनीतिक मिशन को अंजाम दिया। चार राफेल विमानों द्वारा कुछ दिन पहले इसी तरह का मिशन चलाया गया था। इस मिशन से जुड़े लोगों ने बताया कि एसयू-30एमकेआई लड़ाकू विमानों ने बृहस्पतिवार को हिंद महासागर के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में उड़ान भरी और इससे लंबी दूरी के मिशन को अंजाम देने की उसकी परिचालन क्षमता प्रदर्शित हुई। राफेल लड़ाकू विमान से जुड़े छह घंटे के मिशन को पिछले महीने हिंद महासागर के पूर्वी क्षेत्र में अंजाम दिया गया था। आईएएफ ने शुक्रवार को ट्वीट किया, हिंद महासागर क्षेत्र में एक और यात्राउ इस बार, आईएएफ एसयू-30 ने लगभग आठ घंटे की उड़ान एक अलग धुरी पर भरी। इस मिशन के तहत दोनों समुद्र तटों को शामिल किया गया। आईएएफ ने दो मिशन को ऐसे समय अंजाम दिया है, जब चीन हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी मौजूदगी बढ़ा रहा है। आईएएफ ने बृहस्पतिवार और पिछले महीने के अंत में अंजाम दिए गए इन मिशन के विवरण का खुलासा नही किया। विमानों की संख्या का पता नही चल सका है। राफेल विमान कई शक्तिशाली हथियारों को ले जाने में सक्षम हैं।

### नौसेना के 16 अधिकारियों ने हेलीकॉप्टर पाठ्यक्रम पूरा किया

**चेन्नई।** नौसेना के 16 अधिकारियों ने भारतीय नौसेना एयर स्क्वाड्रन 561, हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण स्कूल-आईएनएस राजाली में उड़ान-उड्डयन पर एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया, जिसके बाद बृहस्पतिवार को उन्हें पायलट के रूप में शामिल कर लिया गया। नौसेना की पूर्वी कमान के कमांडर-इन-चीफ वाइस एडमिरल बिस्वजीत दासगुप्ता ने हेलीकॉप्टर कनवर्ज़न कोर्स (एचसीसी) की पासिंग आउट परेड की समीक्षा की और आईएनएस राजाली में शामिल किए गए नए पायलटों को प्रतिष्ठित गोल्डन विंग्स से सम्मानित किया। यह पाठ्यक्रम 100वां एचसीसी है और इसमें चार अधिकारी शामिल हैं, जो नौसेना द्वारा संचालित पहले बेसिक हेलीकॉप्टर कन्वर्जन कोर्स (बीएचसीसी) (स्टेज-। प्रशिक्षण) से गुजरे हैं। यह पहले पूरी तरह से वायु सेना द्वारा आयोजित किया जाता था।

### अनोखी शैलियों को प्रेरणा देगा विवाहम

**मुंबई।** रिलायंस ज्वेल्स ने विवाहम संग्रह को उतारा है। शादी के गहनों की एक उत्कृष्ट श्रृंखला हर दुल्हन को उसके खास दिन पर रानी की तरह महसूस कराने के लिए डिज़ाइन की गई है, चाहे वह जिंदगी के किसी भी स्तर से आती हो। यह संग्रह भारत भर में क्षेत्रीय दुल्हनों की विविधता और भव्यता को सम्मानप्रदान करता है और उनकी अनोखी शैलियों और प्रेरणाओं को दर्शाता है। रिलायंस ज्वेल्स के सीईओ सुनील नायक ने बताया कि हमारा विवाह संग्रह भारतीय शादियों की भव्यता और विविधता का एक वसीयतनामा है। हमारा मानना है कि हर दुल्हन अपनी शादी के दिन रानी की तरह अनुभव करने की हकदार है, चाहे उसकी जाति, उम्र, सामाजिक-आर्थिक खंड या स्थान कुछ भी हो। हमारा संग्रह भारतीय दुल्हनों की शाही आकांक्षाओं को दिखलाता है, जो उनकी पसंद के आभूषण, पोशाक और समग्र आभा से स्पष्ट होता हैं।

### भोपाल नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष ने हमला किया

**भोपाल।** भोपाल मे कांग्रेस नेता शबिस्ता जकी और उनके पति आसिफ जकी पर उनके पड़ोसियो ने कथित तौर पर हमला कर दिया। दोनो को अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। घटना बृहस्पतिवार देर रात श्यामला हिल्स इलाके में पार्किंग विवाद को लेकर हुई। भोपाल नगर निगम में विपक्ष की नेता शबिस्ता जकी (49) और उनके पति आसिफ जकी पर बेसबॉल के बल्ले से हमला किया गया। जकी भोपाल जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। श्यामला हिल्स पुलिस थाने के निरीक्षक उमेश यादव ने बताया कि आरोपियों यासिफ (26) और तौहीद (26) के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया है आरोपी के परिजनो ने जकी दंपति के खिलाफ जवाबी शिकायत की दर्ज की है।

### रिलायंस को मिला लाभ

**मुंबई।** रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड ने वित्त-वर्ष 2023 में अपने पार्टिसिपेटिंग पॉलिसीधारकों के लिये कुल 344 करोड़ रुपये के बोनस की घोषणा की है। कंपनी ने वित्त-वर्ष 2023 में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन किया और कर पश्चात लाभ के रूप में 108 करोड़ रुपये दिये (वित्त-वर्ष 2022 की तुलना में 65 प्रतिशत की वृद्धि)। बोनस की इस घोषणा पर अपनी बात रखते हुए, रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेन्स के ईडी और सीईओ आशीष वोहरा ने कहा किहमारा उद्देश्य अपने सभी ग्राहकों को समृद्धि और मानसिक शांति देना है। हमें इस बोनस की घोषणा करके खुशी हो रही है, जिससे 5.6 लाख से ज्यादा ग्राहकों को फायदा होगा। विभिन्न पार्टिसिपेटिंग पॉलिसीज के लिये घोषित बोनस की दर ग्राहकों को बेजोड़ महत्व देने के हमारे निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। पिछले कुछ वर्षों में हमने बड़े ही प्रतिस्पर्द्धी पार्टिसिपेटिंग प्लान्स लॉन्च किये हैं, जैसे कि माइलस्टोन प्लान और स्मार्ट जिन्दगी प्लस प्लान और हमें इन उत्पादों पर लगातार वैल्यू प्रदान करते रहने की पूरी उम्मीद है।

### झामुमो नेता को अज्ञात अपराधियों ने गोली मारी

**बोकारो।** झारखंड में बोकारो जिले के दुगदा थाना क्षेत्र के दुग्दा बस्ती गांव में गुरुवार की रात 10:30 बजे अज्ञात अपराधियों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के स्थानीय नेता अब्बास खान को गोली मार दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हमले में अब्बास लहूलुहान हो गए। अब्बास खान को गंभीर अवस्था मे बोकारो स्थित बीजीएच अस्पताल मे भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत नाजुक है। बोकारो मे बेरमो के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) सतीश चंद्र झा ने बताया कि अब्बास खान रात साढ़े 10 बजे दुगदा बस्ती से अपने घर जा रहे थे।

### समृद्ध और गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया

**नई दिल्ली।** भारत में स्मॉल कमर्शियल व्हीकल (एससीवी) के मार्केट लीडर महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड (एमएंडएम) ने सुप्रो सीएनजी डुओ के उतारने की घोषणा की, जो स्मॉल कमर्शियल व्हीकल श्रेणी में पहला डुअल-फ्यूल वाला वाहन है। सुप्रो सीएनजी डुओ अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पेलोड और श्रेणी में अग्रणी माइलेज प्रदान करता है और ग्राहकों को अधिकतम लाभ के साथ बेहतर प्रदर्शन देने के हमारे वादे पर आधारित है। 6.32 लाख (एक्स-शोरूम दिल्ली) की शुरुआती कीमत के साथ सुप्रो सीएनजी में ग्राहकों को अनेक सुविधाएं मिलती हैं। वीजय नाकरा, प्रेसिडेंट - ऑटोमोटिव डिवीजन, एमएंडएम ने कहा, ''सुप्रो सीएनजी डुओ की लॉन्चिंग के साथ हम महिंद्रा की समृद्ध और गौरवशाली परंपरा को ही आगे बढ़ा रहे हैं।

### डीएस ने किया अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** अग्रणी एफएमसीजी सदन धरमपाल सत्यपाल ग्रुप ने लवइट चॉकलेट एण्ड कन्फेक्शनरी ब्राण्ड जिसका स्वामित्व पहले गोल्डमैन सैश एण्ड मित्सुई वेंचर्स के पास था के मालिक द गुड स्टफ प्रा लिमिटेड जिसे पहले ग्लोबल सीपी प्रा लिमिटेड के नाम से जाना जाता था का अधिग्रहण किया है। यह अधिग्रहण ग्रुप के कन्फेक्शनरी पोर्टफोलियो को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जिससे ग्रॉसरी एवं अन्य रीटेल आउटलेट्स में कंपनी की पहुंच बढ़ेगी। इस अवसर पर राजीव कुमार वाईस चेयरमैन डीएस ग्रुप ने कहा कि पिछले कई सालों से कन्फेक्शनरी सेगमेन्ट में अपनी मौजूदगी को सशक्त बनाने पर ध्यान केन्द्रित कर रहा है। लवइट का अधिग्रहण हमारे कन्फेक्शनरी बास्केट को मजबूत बनाने और बेहतरीन फुटप्रिन्ट के साथ चॉकलेट सेगमेन्ट में प्रवेश करने का सामरिक फैसला था।



तंजावुर में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन डैम बनाने में लगे मजदूरों से मिलते हुए।

# दिल्ली में सड़क दुर्घटना में मध्य प्रदेश के तीन लोगों की मौत, एक घायल

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के द्वारका इलाके में एक एसयूवी गाड़ी के मोटरसाइकिल से टकरा जाने से दुपहिया वाहन पर सवार तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया।पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि उसे बृहस्पतिवार को द्वारका इलाके के एनएलयू लाल बत्ती के पास एक दुर्घटना होने की सूचना मिली।पुलिस उपायुक्त (द्वारका) एम हर्षवर्धन ने कहा कि घायलों को इंदिरा गांधी अस्पताल ले जाया गया। दुर्घटनास्थल पर मोटरसाइकिल और एसयूवी गाड़ी मिली।

उन्होंने कहा कि द्वारका सेक्टर-17 के स्पाइन एन्क्लेव निवासी माते (32) और दीक्षा (10) को प्राथमिक उपचार के बाद सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया, जबकि फूला (30) और लखन (37) को चिकित्सकों ने मृत घोषित किया। उनके अनुसार बाद में दीक्षा ने भी दम तोड़ दिया।पुलिस ने बताया कि ए सभी लोग मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले से थे और एक ही मोटरसाइकिल पर सवार थे। ए दिल्ली में मजदूरी करते थे। पुलिस ने कहा कि फूला, माते की पत्नी थी और लखन उसका साला था।पुलिस उपायुक्त ने कहा कि माते का बयान दर्ज किया गया और उसने बताया कि वह अपने परिवार के साथ भारत विहार से मोटरसाइकिल पर सेक्टर 17 की ओर जा रहा था तभी सेक्टर 13 की तरफ से आ रही एक एसयूवी ने उन्हें टक्कर मार दी।पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। उसने कहा कि एसयूवी चालक की पहचान अबरार (24) के तौर पर की गई है, वह नजफगढ़ के गोपाल नगर का रहने वाला है और उसे पकड़ लिया गया है।पुलिस ने कहा कि जब यह हादसा हुआ तब अबरार द्वारका सेक्टर 13 में अपनी बहन के घर से आ रहा था। पुलिस ने कहा कि यह पता लगाया जा रहा है कि हादसे के दौरान लालबत्ती जल रही थी या नहीं।पुलिस का कहना है अबरार गाड़ी चलाते समय शराब के नशे में नहीं था।

# जेएनयू परिसर में छात्राओं से छेड़छाड़, अपहरण की कोशिश के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विवि परिसर में दो छात्राओं से कथित छेड़छाड़ और उनके अपहरण के प्रयास के मामले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी की पहचान आर के पुरम निवासी महावीर के तौर पर की है। इस मामले में यह दूसरी गिरफ्तारी है। इससे पहले पुलिस ने अभिषेक (22) को गिरफ्तार किया था। आरोपी ने दावा किया है कि वह एक मुक्त विश्वविद्यालय से पढ़ाई कर रहा है। पुलिस ने कहा कि वे परिसर में घुसने से पहले इलाके में घूम रहे थे। तथ्यों की पड़ताल की जा रही है और जांच चल रही है। बाकी दो आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। जेएनयू छात्र संघ ने बुधवार को आरोप लगाया था कि कार में सवार कुछ नशे में धुत लोगों ने मंगलवार रात परिसर में आकर दो छात्राओं को अगवा करने की कोशिश की थी। घटना के समय अभिषेक कार चला रहा था। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण पश्चिम) मनोज सी ने बुधवार को कहा, जेएनयू के छात्रों से दो शिकायत मिली है और मामले दर्ज कर लिए गए हैं। एक मामला मारपीट और दूसरा छेड़छाड़ और अपहरण की कोशिश से संबंधित है। दोनों मामलों में आरोपी और वाहन समान हैं और उनकी पहचान कर ली गई है।

## साहित्य से बढ़ता आत्मिक बल : कल्पिता टी

**मुंबई।** पिछले दशक में देश में ईकॉमर्स क्रांति लाने में एमेज़ॉन ने मुख्य भूमिका निभाई है और इसकी सफलता का श्रेय इसके महत्वाकांक्षी कर्मचारियों को जाता है। कल्पिता टी. एमेज़ॉन इंडिया में किताबों की श्रेणी के लिए मार्केटिंग मैनेजर हैं। उन्होंने पिछले दस सालों में कंपनी की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ग्राहकों के प्रति तत्परता की उनकी गहरी प्रतिबद्धता और पढ़ने की प्रेरणाप्रद आदत ने उन्हें संगठन के अंदर एक महत्वपूर्ण नेतृत्वकर्ता बना दिया। एमेज़ॉन में कल्पिता का सफर साल 2012 में जर्मन बाजार में प्राईसिंग टीम सपोर्ट के साथ कंटेंट एसोशिएट के रूप में शुरू हुआ। पिछले सालों में कल्पिता ने एमेज़ॉन कंपनी की संस्कृति का विकास होते नज़दीक से देखा है। एमेज़ॉन के नेतृत्व के सिद्धांत सदैव स्थिर रूप से बल प्रदान करते रहे, जो दैनिक वार्ताओं और निर्णय लेने की प्रक्रिया में गुंथे हुए हैं। ''वर्किंग बैकवर्ड्स'' का दृष्टिकोण, जो इनोवेटिव थिंकिंग और प्रॉब्लम सॉल्विंग को प्रोत्साहित करता है, नए विचारों और अभियानों की लय का निर्धारण करता है।

# केरल कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ भड़काऊ भाषण के सिलसिले में दर्ज मामले में कार्यवाही पर रोक

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने मार्च महीने में यहां नगर निगम कार्यालय के बाहर यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के एक प्रदर्शन के दौरान कथित रूप से भड़काऊभाषण देने के मामले में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के. सुधाकरन के खिलाफ दर्ज मामले में कार्यवाही पर शुक्रवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति बेचू कुरियन थॉमस ने मामले में तीन महीने के लिए रोक लगा दी और कहा कि आरोप भारतीय दंड संहिता की धारा 153 के तहत अपराध से संबंधित नहीं हैं। पुलिस ने यूडीएफ के एक प्रदर्शन के दौरान कथित रूप से भड़काऊभाषण देने के आरोप में सुधाकरन के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस के अनुसार, कन्नूर से सांसद सुधाकरन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 153 (दंगा भड़काने के इरादे से जानबूझकर उकसाना) के तहत मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के एक निगम पार्षद द्वारा दायर शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि सुधाकरन ने कोच्चि नगर निगम कार्यालय के बाहर आयोजित यूडीएफ के विरोध प्रदर्शन के दौरान भड़काऊभाषण दिया था। माकपा-नीत निगम के खिलाफ ब्रह्मपुरम अपशिष्ट संयंत्र में लगी आग बुझाने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ प्रदर्शन किया गया था।

# पंचायत चुनाव के लिए नामांकन दाखिले की समय सीमा बढ़ाने के अनुरोध पर अदालत ने एसईसी से जवाब मांगा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पंचायत चुनावों में नामांकन दाखिल करने के लिए दी गई समय सीमा को प्रथम दृष्टया अपर्याप्त मानते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) से विपक्षी दलों की याचिकाओं पर 12 जून को जवाब देने को कहा। इन याचिकाओं में, नामांकन दाखिल करने के लिए समय सीमा बढ़ाए जाने और चुनावी प्रक्रिया के दौरान केंद्रीय बलों की तैनाती का आग्रह किया गया है।अदालत ने कहा कि एसईसी उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल करने के लिए एक उचित समय सीमा तय कर सकता है।मुख्य न्यायाधीश टी. एस. शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा, प्रथम दृष्टया हमारा विचार है कि अधिसूचना में तय समय सीमा पर्याप्त नहीं है। एसईसी ने बृहस्पतिवार को घोषणा की थी कि पंचायत चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 जून होगी और मतदान आठ जुलाई को होगा। याचिकाकर्ताओं ने कहा है कि लगभग 75,000 सीटों के लिए चुनाव होने हैं और इसके लिए नामांकन दाखिल करने के लिहाज से समय बहुत कम है।याचिकाकर्ताओं कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी और राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शुभेंदु अधिकारी की ओर से दायर अलग-अलग जनहित याचिकाओं में पेश वकीलों ने कहा कि इस दौरान दो दिन छुट्टियां (10 और 11 जून) भी हैं जिससे नामांकन दाखिल करने के लिए प्रभावी रूप से केवल पांच दिन मिलेंगे।पीठ ने कहा कि पंचायत चुनाव के लिए अधिसूचना शुक्रवार सुबह प्रकाशित की गई और उसी दिन पूर्वाह्न 11 बजे नामांकन प्रक्रिया शुरू होनी थी। उसने कहा, हमारे विचार से ऐसा लगता है कि प्रक्रिया में जल्दबाजी की जा रही है, जिस पर एसईसी को पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। अदालत ने कहा कि वर्तमान पंचायत का कार्यकाल अगस्त में समाप्त हो रहा है। पीठ ने कहा, यह बात दिमाग में रखते हुए राज्य निर्वाचन आयोग संभावित उम्मीदवारों के लिए नामांकन दाखिल करने के लिहाज से एक उचित समय सीमा तय कर सकता है क्योंकि इस बात पर जोर दिया गया है कि नामांकन पत्र प्रत्यक्ष रूप से जमा करने होंगे। अदालत ने एसईसी को याचिकाकर्ताओं द्वारा उठाए गए बिंदुओं पर अपने विचार एक रिपोर्ट के रूप में 12 जून को अगली सुनवाई के दिन पेश करने का निर्देश दिया।चुनाव प्रक्रिया के दौरान केंद्रीय बलों की तैनाती से संबंधित याचिका पर अदालत ने कहा कि एसईसी विचार कर सकता है कि क्या केंद्रीय बलों की तैनाती का अनुरोध उचित होगा ताकि राज्य पुलिस उनके साथ मिलकर कानून व्यवस्था बनाने के लिए काम कर सके। पीठ में न्यायमूर्ति हिरणमय भट्टाचार्य भी शामिल हैं।

# रहाणे-ठाकुर के खेल से बचा फालोआन, कंगारू मजबूत

- डब्ल्यूटीसी फाइनल : भारत की पहली पारी में 296 रन पर सिमटी
- ऑस्ट्रेलिया बड़ी बढ़त की ओर, भारत को करिश्मे की उम्मीद
- पारी में चार विकेट पर 120 रन बनाए



**भाषा।** लंदन

**अजिंक्य रहाणे** (89) और शारदुल ठाकुर (51) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच सातवें विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी से भारत विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के तीसरे दिन शुक्रवार को कुछ हद तक वापसी करने में सफल रहा लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में चार विकेट पर 120 रन बनाकर अपनी स्थिति काफी मजबूत कर ली।पहली पारी में 469 रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया ने भारत की पहली पारी को 296 रन पर समेट कर 173 रन की बढ़त कायम करने के बाद दिन का खेल खत्म होने तक अपनी कुल बढ़त 296 रन की कर ली है। भारत को मैच में बने रहने के लिए ऑस्ट्रेलिया के बाकी बचे छह विकेट जल्दी चटकाने होंगे और फिर बल्लेबाजों से प्रभावी प्रदर्शन की उम्मीद करनी होगी।दिन का खेल खत्म होते समय मार्नस लाबुशेन 41 और कैमरून ग्रीन सात रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे।इससे पहले रहाणे ने अपनी 129 गेंद की शानदार पारी में 11 चौके और एक छक्का लगाया तो वहीं शारदुल 109 गेंद की पारी में छह चौके जड़े। ओवल मैदान पर शारदुल ने अपनी तीसरी पारी में तीसरा अर्धशतक लगाया। भारतीयगेंदबाजों ने दूसरी पारी में शानदार गेंदबाजी की। मोहम्मद सिराज (41 रन पर एक विकेट) ने दूसरी पारी के चौथे ओवर में डेविड वॉर्नर (एक रन) को चलता करने के बाद दो बार लाबुशेन को छकाया। दोनों बार गेंद लाबुशेन के शरीर पर लगी। दिन के तीसरे सत्र में उमेश यादव (21 रन पर एक विकेट) ने उस्मान ख्वाजा की 13 रन की पारी को विकेट के पीछे भरत के हाथों कैच कराकर खत्म किया। लाबुशेन ने इसके बाद उमेश और स्मिथ ने मोहम्मद शमी के खिलाफ चौका लगाकर दबाव कम किया। लाबुशेन ने 20वें ओवर में उमेश की गेंद पर तीन रन लेकर ऑस्ट्रेलिया की पारी का अर्धशतक पूरा किया। दोनों ने संभल कर ऑस्ट्रेलिया के स्कोर को चलायमान रखा। इस बीच लाबुशेन ने सिराज और शारदुल की गेंद पर दर्शनीय चौका लगाया तो वही स्मिथ ने जडेजा के खिलाफ गेंद को बाउंड्री पार भेजकर हाथ खोला। इस वामहस्त गेंदबाज के खिलाफ एक और बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में स्मिथ गच्चा गए और शारदुल ने कैच पकड़ने में कोई गलती नहीं की। स्मिथ और लाबुशेन ने तीसरे विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी की।पहली पारी में शतक जड़ने वाले ट्रेविस हेड (18 रन) ने सिराज के खिलाफ छक्का लगाकर अपने इरादे जाहिर कर दिए। जडेजा की गेंद पर बाउंड्री के पास उमेश ने उनके कैच को टपकाकर जीवनदान दिया लेकिन इस गेंदबाज ने अपनी ही गेंद पर शानदार कैच लपका। इससे पहले भारत ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 151 रन से आगे से की और पहले सत्र में उसे इकलौता झटका श्रीकर भरत (पांच रन) के रूप में लगा। भरत बीते दिन के अपने स्कोर में कोई इजाफा किए बिना दिन की दूसरी गेंद पर स्कॉट बोलैंड का दूसरा शिकार बने।रहाणे और शारदुल ने इसके बाद मजबूत जज्बे से बल्लेबाजी की। दोनों को तीन जीवनदान भी मिले लेकिन शुरुआती आधे घंटे के खेल में कप्तान पैट कमिंस और बोलैंड की शानदार गेंदबाजी के सामने दोनों को कई बार चोटिल हुए।बोलैंड की गेंद पर तीसरे स्लिप में उस्मान ख्वाजा ने शारदुल का आसान कैच टपका दिया।इस गेंदबाज के अगले ओवर में गेंद ने शारदुल के बल्ले का किनारा लिया लेकिन यह स्लिप के क्षेत्ररक्षकों के दूर से चौके के लिए चली गई। भारतीय पारी के 42वें ओवर में कमिंस की गेंद पर शारदुल दो बार चोटिल हुए। दोनों बार गेंद उनके दाएं हाथ पर लगी और टीम के फिजियो को मैदान पर आना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज इस समय भारतीय बल्लेबाजों को रन बनाने का कोई मौका नहीं दे रहे थे लेकिन दूसरे छोर से संभल कर बल्लेबाजी कर रहे रहाणे ने बोलैंड की गेंद पर गली और प्वाइंट के क्षेत्ररक्षकों के बीच से आत्मविश्वास से भरा चौका जड़कर दबाव कम किया।पारी के 44वें ओवर में कमिंस की गेंद पर कैमरून ग्रीन ने गली क्षेत्र में शारदुल का कैच टपकाया और इस बल्लेबाज को दूसरा जीवनदान दिया। रहाणे ने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान के अगले ओवर में चौका और फिर शानदार हुक शॉट पर छक्का लगाकर 92 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा कर टीम में वापसी का जश्न मनाया। उन्होंने ग्रीन के खिलाफ स्लिप के ऊपर से चौका जड़कर शारदुल के साथ अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की और फिर दिलकश कवर ड्राइव पर गेंद को बाउंड्री के पार भेजा।रहाणे के इन करारे प्रहार का असर शारदुल की बल्लेबाजी पर भी दिखा और उन्होंने स्टार्क के खिलाफ कवर क्षेत्र में जोरदार चौका जड़ा। इस दौरान रहाणे ने 55वें ओवर में ग्रीन की गेंद पर दो रन लेकर टेस्ट क्रिकेट में 5000 रन पूरे करने वाले 13वें भारतीय बने। इस पारी से पहले उनके नाम 82 टेस्ट में 4931 रन थे।

### स्कोरबोर्ड

**ऑस्ट्रेलिया** पहली पारीः 469,भारत पहली पारीःरोहित पगबाधा बो कमिंस 15, गिल बो बोलैंड 13,पुजारा बो ग्रीन 14,कोहली का स्मिथ बो स्टार्क 14,रहाणे का ग्रीन बो कमिंस 89, जडेजा का स्मिथ बो लियोन 48,श्रीकर बो बोलैंड 05,ठाकुर का कैरी बो ग्रीन 51,उमेश बो कमिंस 05, शमी का कैरी बो स्टार्क 13, सिराजनाबाद 00,अतिरिक्तः 29,कुलः 69.4 ओवर में 296 रन पर सभी आउट,**विकेट पतन**:1-30, 2-30, 3-50, 4-71, 5-142, 6-152, 7-261, 8-271, 9-294,**गेंदबाजी**: स्टार्क 13.4-0-71-2,कमिंस 20-2-83-3, बोलैंड 20-6-59-2,ग्रीन 12-1-44-2, लियोन 4-0-19-1
**ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी**: ख्वाजाका भरत बो उमेश 13, वॉर्नरका भरत बो सिराज 01, लाबुशेन खेल रहे है 41, स्मिथ का शारदुल बो जडेजा 34, हेडका एवं बो जडेजा 18,ग्रीन खेल रहे है 07,अतिरिक्तः नौ,**कुल योग**: 44 ओवर मे चार विकेट पर 123 रन, विकेट पतनः1-2, 2-24, 3-86, 4-111,**गेंदबाजी**: शमी 10-4-17-0, सिराज12-2-41-1,ठाकुर 6-1-13-0,उमेश 7-1-21-जडेजा9-3-25-2

## खबरें स्टेडियम से

### खिताब जीतने के लिए भारत को खेलना होगा बेखौफ क्रिकेट : हरभजन



**लंदन।** भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह का मानना है कि मौजूदा टीम ने वह निर्भीकता नही दिखाई जो आईसीसी खिताब जीतने के लिए चाहिए होती है और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में चार तेज गेंदबाजो को लेकर उतरने का फैसला सही नही था। पिछले दस साल मे एक भी आईसीसी खिताब नही जीत सकी भारतीय टीम की स्थिति आस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल में खराब है। यहां कमेंटेटर की भूमिका में आए हरभजन ने भारतीय खिलाड़ियो को नतीजे की चिंता किए बिना खेलने की सलाह दी। कौशल मे कोई कमी नही है। जितने बड़े मैच खेलेंगे, उतना ही बेहतर होगा। मुझे लगता है कि ऐसे मैचो मे खुलकर खेलने की जरूरत है। हम अधिक रक्षात्मक हो रहे है। हमें नतीजे की परवाह किए बिना खुलकर खेलना होगा। खिलाड़ियो पर जिम्मेदारी डाल दे और वह जरूर अपना काम पूरा करेंगे। उन पर दबाव डाला जाए कि अच्छा नही खेलने पर कुछ बाहर हो जाएंगे और कुछ नही (उनका आत्मविश्वास कम हो जाएगा)। उन्हे आत्मविश्वास देने की जरूरत है कि भले ही अच्छा नही खेल सको लेकिन अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रयास करो। इसी तरह से कप जीते जाते है। बेखौफ खेलो। दुनिया के नंबर एक टेस्ट गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन को बाहर रहना पड़ा क्योंकि भारत चार तेज गेंदबाजो और एक स्पिनर को लेकर उतरा है। मैच पांच दिन का है तो पांच दिन के हालात देखकर गेंदबाजो को चुनना होता है। अश्विन बेहतरीन गेंदबाज है और चार तेज गेंदबाजो की जरूरत नही थी। चौथा और पांचवां दिन भी पहले दिन की तरह महत्वपूर्ण होता है और यह अहम है कि उन दिनो मे आप कैसे खेलते है। शायद प्रबंधन ने इसके बारे मे ज्यादा नही सोचा और चार स्पिनरो को उतारा। अगर मोहम्मद सिराज या मोहम्मद शमी जैसा कोई बाहर बैठ रहा होता तब भी चार तेज गेंदबाजो को उतारना समझ मे आता।

### मुझे लगता है कि भारत ने गलत टीम चुनी : स्टीव वॉ

**लंदन।** आस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए भारत के टीम चयन की आलोचना करने वालों में स्टीव वॉ का नाम भी जुड़ गया है जिनका मानना है कि रविचंद्रन अश्विन को टीम मे नही लेकर भारत ने गलती की। विश्व कप विजेता आस्ट्रेलियाई कप्तान वॉ के अलावा सौरव गांगुली, रिकी पोंटिंग और संजय मांजरेकर भी भारतीय टीम प्रबंधन के इस फैसले पर हैरानी जता चुके है। वॉ ने कहा कि आस्ट्रेलिया ने भी 2019 में ओवल पर इंग्लैड के खिलाफ ऐसी ही गलती की थी और इंग्लैड वह मैच 145 रन से जीता। वॉ ने एएपी से कहा , हमने एशेज मे चार साल पहले यही गलती की थी। ओवल की पिच हमेशा पेचीदा होती है। यह हरी भरी दिखती है लेकिन भीतर से सूखी होती है। आप हरी भरी पिच देखकर धोखा खा जाते है लेकिन धूप खिलते ही यह बिल्कुल अलग हो जाती है और तेजी से सूखती है। उन्होने कहा कि अश्विन को गेंदबाजी ही नही बल्कि उसकी बल्लेबाजी के लिए भी चुना जा सकता था। मै अश्विन को उसकी बल्लेबाजी के लिए ही चुन लेता। मुझे यकीन नही हो रहा कि वह नही खेल रहा जबकि उसने पांच टेस्ट शतक बनाए है। यह अजीब है।

### मोहम्मद सिराज बेहद प्रतिस्पर्धी लेकिन भारत को फुललैंग्थ गेंदबाजी करनी चाहिए थीः पोंटिंग



**लंदन।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल मे फुललैंग्थ गेंदबाजी नही करके भारत ने अपना ही नुकसान किया है हालांकि उन्होने तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को बेहद प्रतिस्पर्धी बताते हुए उनकी तारीफ की है। सिराज ने 108 रन देकर चार विकेट लिए लेकिन उनके अलावा कोई और गेंदबाज आस्ट्रेलिया को पहली पारी मे 469 रन बनाने से रोक नही सका। पोंटिंग ने आईसीसी से कहा , सिराज बेहद प्रतिस्पर्धी है। कई बार भावनाओ मे बह जाता है लेकिन जब हालात अनुकूल नही हो तो टीम मे ऐसे खिलाड़ियो की जरूरत होती है। उन्होने कहा , कल सुबह पहली गेंद से दूसरे दिन दोपहर तक वह 86 या 87 मील की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहा था और यही उसके तेवर बताता है। पोंटिंग ने कहा कि भारतीयो को शॉर्टपिच गेंदो की बजाय पूरी लैंग्थ वाली गेंद डालनी चाहिए थी। मुझे लगता है कि उन्होंने कल पहले घंटे मे शॉर्ट गेंदे डालकर अपना नुकसान खुद किया। उनके पास नई ड्यूक गेंद थी और फुललैंग्थ गेंदबाजी करके उन्हें फायदा हो सकता था।लंच तक आस्ट्रेलिया के चार पांच विकेट गिर सकते थे। उन्होने इस बहस मे पड़ने से इनकार किया कि भारत को रविचंद्रन अश्विन को उतारना चाहिए था या नही लेकिन कहा कि चार तेज गेंदबाजों को लेकर उतरने के फैसले का भारत को बाद में फायदा मिल सकता है। मुझे पता है कि कप्तान की इसके लिए आलोचना हो रही है लेकिन यह अकेले उसका फैसला नही था। मैने देखा राहुल द्रविड़ और रोहित कल सुबह लंबी बात कर रहे थे। यदि उन्होंने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया तो चार तेज गेंदबाजो को लेकर उतरना ही था। अभी तक इसका फायदा नही मिला है लेकिन मैच मे अभी काफी समय है और इतनी जल्दी फैसला नही सुनाना चाहिए।

### एशिया जूनियर चैम्पियनशिप के लिए भारतीय बैडमिंटन टीम की घोषणा

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने इंडोनेशिया मे होने वाली एशिया जूनियर चैपियनशिप के लिए शुक्रवार को राष्ट्रीय की टीम की घोषणा की जिसमे तारा शाह और आयुष शेट्टी जैसे बेहतरीन खिलाड़ियों को जगह दी गई है। इस चैम्पियनशिप का आयोजन सात से 16 जुलाई तक इंडोनेशिया के योग्याकार्ता मे होगा। तारा विश्व बैडमिंटन महासंघ की रैंकिंग में बालिका वर्ग मे सातवें स्थान पर है। बालक वर्ग मे आयुष शेट्टी 20वे स्थान पर है। ट्रायल मे लक्ष्य शर्मा और रक्षिता श्री एस के शानदार प्रदर्शन के दम पर टीम मे क्रमशः बालक और बालिका वर्ग मे जगह बनाने मे सफल रहे। बालक युगल मे निकोल्स नाथन राज और तुषार सुवीर जबकि महिला एकल मे राधिका शर्मा और तनवी शर्मा की जोड़ी चुनौती पेश करेगी। सुवीर और राधिका की जोड़ी युगल वर्ग मे खिताब के लिए दावा पेश करेगी। टीम का चयन चार से सात जून तक करनाल सिंह रेलवे स्टेडियन मे हुए ट्रायल के आधार पर हुआ है।

### अंडर 20 विश्व कप फाइनल में भारत का सामना उरुग्वे में

**ला प्लाटा (अर्जेटीना)।** इटली और उरुग्वे अंडर 20 विश्व कप फुटबॉल फाइनल मे रविवार को एक दूसरे के आमने सामने होगे। इटली ने दक्षिण कोरिया को सेमीफाइनल मे 2-1 से हराया जबकि उरुग्वे ने इस्राइल को 1-0 से मात दी। दोनो मैच इसी मैदान पर खेले गए और फाइनल तथा तीसरे स्थान का मुकाबला भी यही होगा। उरुग्वे 1997 और 2013 मे फाइनल मे पहुंच चुका हे लेकिन अर्जेटीना और फ्रांस से हार गया। इटली पहली बार फाइनल खेलेगा। तीसरे स्थान के मुकाबले मे इस्राइल का सामना दक्षिण कोरिया से होगा।

### गोयल क्लब ने जेआईटी क्लब को 204 रन से दी मात

**लखनऊ।** विभोर द्विवेदी-93 व मोण्जीशान-74 की शानदार अर्धशतकीय पारियों के बाद घातक गेंदबाजी से गोयल क्रिकेट क्लब ने समर क्रिकेट चैपियनशिप लीग के मुकाबले में जेआईटी क्लब को 204 रन के बड़े अंतर से मात दी। लार्ड बालाजी क्रिकेट ग्राउंड पर गोयल क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 25 ओवर में 4 विकेट पर 242 रन का स्कोर बनाया। शिवम यादव ने 23 रन का योगदान किया। जेआईटी क्लब से मोहम्मद समीर ने दो विकेट चटकाए। जवाब में जेआईटी क्लब लक्ष्य का पीछा करते हुए 12 ओवर में 39 रन पर ही सिमट गया। टीम से अहसानुर रहमान ने सबसे ज्यादा 11 रन बनाए। गोयल क्रिकेट क्लब से गौरव उपाध्याय ने 3 ओवर में एक मेडन के साथ 9 रन देकर चार विकेट चटकाए। मोहम्मद हादिन व सौरभ यादव ने तीन.तीन विकेट झटके। मैन ऑफद मैच का पुरस्कार गोयल क्रिकेट क्लब के विभोर द्विवेदी को मिला।

### तैयारी का पर्याप्त समय मिलाः स्टिमक

**भुवनेश्वर।** भारत को इंटरकॉन्टिनेंटल कप फुटबॉल टूर्नामेंट में शायद एएफसी एशियाई कप जितने कड़े प्रतिद्वंद्वियो का सामना करने को नही मिले लेकिन मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने गुरुवार को यहां कि यह आमंत्रण टूर्नामेंट महाद्वीपीय प्रतियोगिता की तैयारी के लिए अच्छा मौका है। स्टमक और कप्तान सुनील छेत्री ने कहा कि भारत ने टूर्नामेंट की अच्छी तैयारी की है।

# जोकोविच फ्रेंच ओपन के फाइनल में

- अल्काराज को हराया



**भाषा।** पेरिस

**नोवाक जोकोविच** ने अपने अनुभव और शानदार फिटनेस का इस्तेमाल करते हुए शुक्रवार को फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में कार्लोस अल्कराज को 6-3, 5-7, 6-1, 6-1 से शिकस्त देकर रिकॉर्ड 23वें ग्रैंड स्लैम खिताब की ओर कदम बढ़ाया।विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज अल्काराज को उन्होंने 6-3, 5-7, 6-1, 6-1 से हराया। वह रिकॉर्ड 23वें गैंड स्लैम खिताब से एक शॉट पीछे है। अल्काराज ने इस दौरान शानदार शॉट लगाकर दूसरे सेट को अपने नाम किया। लेकिन इसके बाद उन पर थकान हावी हो गया और ग्रैंड स्लैम में अपना 45वां सेमीफाइनल खेल रहे विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज सर्बिया के खिलाड़ी को जीत दर्ज करने में ज्यादा परेशानी नहीं हुई।अल्काराज ने थकान और मांसपेशियों की खिंचाव से निपटने के लिए ब्रेक का सहारा लिया लेकिन इससे उन्हें कोई फायदा नहीं हुआ। जोकोविच ने मैच जीतने के बाद कहा, मैं उनकी परेशानी को समझ सकता हूं। उनके लिए बुरा लग रहा है। उम्मीद है वह इससे जल्दी उबर जाएंगे।

### भारत ने अपना इकलौता एटीपी 250 टूर्नामेंट भी गंवाया

#### आईएमजी और राइज के साथ करार खत्म

**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस को करारा झटका देते हुए उसके इकलौते एटीपी 250 टूर्नामेंट मेजबानी ले ली गई है जो 1996 से भारत में हो रहा था और पिछले कुछ साल में टाटा ओपन महाराष्ट्र के नाम से खेला गया। तमिलनाडु टेनिस संघ ने 13 साल के बाद जब मेजबानी छोड़ने का फैसला लिया तो महाराष्ट्र प्रदेश लॉन टेनिस संघ ने 2018 में इसे देश से बाहर जाने से बचाया। यह टूर्नामेंट एमएसएलटीए, महाराष्ट्र सरकार, आईएमजी और राइज वर्ल्डवाइड (रिलायंस समूह की पहल) के बीच एक समझौता था। एमएसएलटीए के सचिव सुंदर अय्यर और टूर्नामेंट निदेशक प्रशांत सुतार ने एक बयान में कहा , आईएमजी और राइज के साथ करार खत्म हो गया है। एमएसएलटीए ने पांच साल तक टूर्नामेंट के सफल आयोजन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पूरी की। महाराष्ट्र सरकार और हमारे प्रायोजक टाटा ने महाराष्ट्र में टेनिस को बढावा देने के लिए सहायता का वादा किया है। जब भी किसी बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी का मौका मिलेगा जो खिलाड़ियों और भारतीय टेनिस के हित में होगा। एटीपी टूर पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के मामले मे यह बड़ा झटका है। खेल की लोकप्रियता तब बढती है जब रफेल नडाल, कार्लोस मोया, स्टान वावरिंका और मारिन सिलिच जैसे खिलाड़ी इसमें खेले। हाल ही में आयोजक सिलिच को ही ला सके थे। भारतीय खिलाड़ियों को होने वाले फायदे के संदर्भ में देखें तो यह बहुत बड़ा नुकसान नही है। अपनी निचली रैंकिंग के कारण भारतीय खिलाड़ी इसमें वाइल्ड कार्ड पर खेलते है।

### खिलाड़ियों के लिए शोध केंद्र की जरूरत, सुप्रीम कोर्ट के जज की सलाह

**पणजी।** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश पी एस नरसिम्हा ने शुक्रवार को कहा कि खेलों से जुड़े कानून के क्षेत्र में शोध के लिए और खिलाड़ियों को कानूनी सहायता मुहैया कराने के लिए देश में एक संस्थान की जरूरत है। उन्होंने यह सुझाव ऐसे समय में दिया है जब देश के शीर्ष पहलवान भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान प्रमुख और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले में प्रदर्शन कर रहे है। जस्टिस नरसिम्हा ने कहा कि दूरसंचार, चुनाव, प्रशासनिक कानून और खेलों के क्षेत्र में विशेषज्ञता वाले विश्वविद्यालय होने चाहिए।

# रैफरी जगबीर का दावा-महिला पहलवानों के प्रति बृजभूषण का अनुचित बर्ताव देखा

**भाषा।** नई दिल्ली

**अंतरराष्ट्रीय रैफरी** जगबीर सिंह ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उन्होंने 2013 के बाद से कई मौकों पर महिला पहलवानों के प्रति बृजभूषण शरण सिंह का अनुचित रवैया देखा है। बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक समेत भारत के शीर्ष पहलवान महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोप में भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। जगबीर ने कहा, मैं 2007 से यूडब्ल्यूडब्ल्यू का रैफरी हूं और प्रदर्शनकारी पहलवानों के जन्म से पहले से रैफरिंग कर रहा हूं। मैं बृजभूषण को भी लंबे समय से जानता हूं। लड़कियों के शिकायत दर्ज कराने तक मैं ज्यादा कुछ कह नहीं सका। मैं कुछ कर भी नहीं सका लेकिन मैने अपनी आंखों से देखा है और मुझे बुरा लगा है। उसके अध्यक्ष बनने के बाद 2013 में कजाखस्तान के दूसरे दौरे पर उसने हमसे कहा कि मैं आज भारतीय खाना खिलाऊंगा और जूनियर पहलवानों के होटल में पार्टी रखी। उन्होंने कहा, बृजभूषण और थाईलैंड के उसके साथ नशे में धुत थे और लड़कियों से बदसलूकी की। मैंने यह अपनी आंखों से देखा है। वर्ष 2022 में मैंने कुछ देखा। जब भी बृजभूषण राष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए देश में यात्रा करते तो दो या तीन लड़कियां उनके साथ रहती लेकिन हम कभी विरोध नहीं कर सके। मैंने अपनी आंखों से देखा है। जगबीर दिल्ली पुलिस के सामने भी कह चुके हैं कि प्रदर्शनकारी पहलवानों के आरोप सही हैं। बृजभूषण द्वारा आरोपों को खारिज किए जाने पर उन्होंने कहा , क्या कोई चार कभी कहता है कि उसने चोरी की है। हर दोषी ऐसे ही बहाने बनाता है। उन्होंने नाबालिग पहलवान के पिता के यू टर्न लेने पर कोई टिप्पणी करने से इनकार किया।



# भारत ने मंगोलिया पर जीत से शुरुआत की

- इंटरकांटिनेंटल कप

**भाषा।** भुवनेश्वर

**भारत ने इंटरकॉन्टिनेंटल** कप के अपने शुरुआती मुकाबले में शुक्रवार को यहां मंगोलिया पर 2-0 की प्रभावशाली जीत दर्ज की।सहल अब्दुल समद और लल्लिंजुआला छांगटे ने क्रमशः दूसरे और 14वें मिनट में गोल किया जिससे रैंकिंग में 101वें स्थान पर काबिज भारत ने 183वें रैंकिंग की टीम टीम को शिकस्त दी। साल 2018 में चैम्पियन बने भारत ने मैच के अधिकांश समय पर अपना दबदबा बनाए रखा और गोल करने के कई मौके बनाए।भारतीय टीम दूसरे हाफ में कई मौके मिलने के बाद भी गोल करने में विफल रही जो मुख्य कोच इगोर स्टिमक के लिए चिंता का सबब होगा।टीम के कप्तान और करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री और लालेंगमाविया राल्ते लय में नहीं दिखे। छेत्री की जगह 71वें मिनट पर रहीम अली तो वही राल्ते की जगह जैक्सन सिंह मैदान पर उतरे।मिडफिल्डर अनिरुद्ध थापा ने दूसरे मिनट में ही पेनल्टी बॉक्स के सामने से गोल पोस्ट की तरफ गेंद पर प्रहार किया मंगोलिया के गोलकीपर के हाथ से गेंद छटक गई और सहल ने मौके को भुनाने में कोई गलती नहीं की।पा ने इसके बाद 14वें मिनट में एक और मौका बनाया। उनके प्रहार पर संदेश झींगन ने हेडर लगाया और गेंद मंगोलिया के रक्षापंक्ति के खिलाड़ी को छकाते हुए छांगते के पास गए जिन्होंने इसे गोल में बदल दिया।भारतीय टीम ने दूसरे हाफ में भी अपना दबदबा बनाए रखा लेकिन टीम गोल करने में विफल रही रही। इसी तरह रोहित कुमार बेहद करीब से गोल करने से चूक गए। उन्होंने 83वें मिनट में थापा के क्रास पर हेडर से गेंद को गोल पोस्ट की ओर धकेला लेकिन गेंद गोलकीपर के हाथों से लगकर बाहर निकल गई।

# महिला सेमीफाइनल में जापान की चुनौती के लिए तैयार भारत

- जूनियर एशिया कप

**भाषा।** काकामिगाहारा (जापान)।

**बेहतरीन फॉर्म** में चल रही भारतीय टीम शनिवार को जापान के खिलाफ महिला जूनियर एशिया कप सेमीफाइनल में इस लय को कायम रखने के इरादे से उतरेगी। भारत ने अभी तक टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं गंवाया है। उजबेकिस्तान, मलेशिया , चीनी ताइपै को हराने के बाद उसने कोरिया से ड्रॉ खेला। भारतीय टीम पूल ए में अपराजेय रहकर शीर्ष पर रही। शनिवार को जीत से टीम फाइनल में पहुंचने के साथ एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई कर लेगी। टूर्नामेंट की शीर्ष तीन टीमों को सीधे एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप में प्रवेश मिलेगा जो चिली के सैंटियागो में 29 नवंबर से 10 दिसंबर तक खेला जाएगा। भारतीय कप्तान प्रीति ने जीत का भरोसा जताते हुए कहा , एशिया की शीर्ष टीमों में से एक होने के कारण हमारे लिए यहां अच्छा प्रदर्शन बहुत जरूरी है। अभी तक हमारा प्रदर्शन अच्छा रहा है और हम सेमीफाइनल में भी इस लय को कायम रखना चाहते हैं।हमारा लक्ष्य जूनियर महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना भी हे और हम इससे एक जीत ही दूर हैं। इसलिए हम सेमीफाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। भारत ने पहले मैच में उजबेकिस्तान को 22- 0 से हराया और फिर मलेशिया को 2 .। से मात दी। कोरिया के खिलाफ मैच 2- 2 से ड्रॉ रहा जबकि चीनी ताइपै को 11-0 से हराया। जापान ने हांगकांग चीन को 23-0 से और इंडोनेशिया को 21-0 से मात दी। चीन से एक गोल से हारने के बाद उसने कजाखस्तान को 8-0 से हराया। मैच शनिवार को सुबह 9-30 पर शुरू होगा।

# आसाम के खिलाड़ियों को 6 स्वर्ण

- 40वीं राष्ट्रीय ताइक्कांडो चैंपियनशिप





**लखनऊ।** आसाम के खिलाड़ियों ने 40वीं राष्ट्रीय ताइक्कांडो चैंपियनशिप और 26वीं राष्ट्रीय पूमसे ताइक्कांडो चैंपियनशिप के पहले दिन शानदार प्रदर्शन के साथ 6 स्वर्ण पदक जीतते हुए अपनी बढ़त बना ली। ताइक्कांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में ताइक्कांडो अकादमी ऑफ इंडिया द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित इस चैंपियनशिप में आज आकर्ष वर्मा ने पी वी बालक के 23 किग्रा से अधिक भार वर्ग में उत्तर प्रदेश को स्वर्ण पदक दिलाया। मेजबान खिलाड़ियो ने आज एक स्वर्णए तीन रजत व दो कांस्य पदक अपने नाम किए। इसमें प्राख्या यादवए नव्या सिंहए वैशाली कश्यप ने रजत जबकि जान्हवी वर्माए जैना फ्हीमा ने कांस्य पदक जीते। आज पश्चिम बंगाल को दो और मध्य प्रदेश को एक स्वर्ण पदक मिले। इससे पूर्व चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना व विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके व दीप प्रज्जवलित करके किया। मुख्य अतिथि सुरेश खन्ना ने अपने आर्शीवचन में कहा कि ताइक्कांडो न सिर्फ खेल है बल्कि ये जीवन रक्षा की एक कला भी है, जिसके द्वारा हम अपनी और अपनो की विषम परिस्थितियों में रक्षा कर सकते है। आज के परिवेश में प्रत्येक व्यक्ति को विशेषकर लड़कियों को इस आत्मरक्षा की कला को अवश्य सीखना चाहिए। वर्तमान प्रदेश सरकार खेल और खिलाड़ियों को बहुत बढ़ावा दे रही है।उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए भारत में ताइक्कांडो खेल के संस्थापक ग्रैंड मास्टर जिम्मी आर जगत्यानी चेयरमैन ताइक्कांडो अकादमी ऑफ इंडिया ने विश्वास जताया कि इस चैंपियनशिप में खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय क्षितिज पर अपनी छाप छोड़ने में कामयाब होंगे।आयोजन सचिव पीटर जगत्यानी ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि तीन दिवसीय इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में विभिन्न राज्यों के 700 खिलाड़ी भाग ले रहे है।

### मेजबान उप्र को आकर्ष वर्मा ने दिलाया स्वर्ण पदक

**परिणामः जूनियर बालिका**- क्योरगी अंडर-59 किग्रा,स्वर्ण -बृष्टि हैंडिक आसाम, रजत-प्राख्या यादव उत्तर प्रदेश,जूनियर बालिका क्योरगी अंडर.42 किग्रा-स्वर्ण-श्यामोलिना बोरा आसाम, रजत- साक्षी हरियाणा, कांस्य -प्रीतिशा गुजरात व जान्हवी वर्मा उत्तर प्रदेश,जूनियर बालिका क्योरगी अंडर.49 किग्रा-स्वर्ण- पुष्पांजलि आसाम, रजत -वर्षा रानी झारखंड, कांस्य - मुनीजा जम्मू कश्मीर व श्रेया गौड़ मध्य प्रदेश,सब जूनियर बालिका क्योरगी अंडर-26 किग्रा,स्वर्ण - एचएस गोगोई आसाम, रजत- श्रेया पंजाब, कांस्य- पी आर कशिश ओडिशा व जैना फ्हीमा उत्तर प्रदेश,सब जूनियर बालिका क्योरगी अंडर-20 किग्रा,स्वर्ण-आशी कलिता आसाम रजतः अभिप्सा पश्चिम बंगाल, कांस्य- प्रथा पश्चिम बंगाल, व आराध्या गुप्ता ;ताइक्कांडो अकादमी ऑफइंडिया, पीवी बालक 23 किग्रा से अधिक,स्वर्ण रू आकर्ष वर्मा ;उत्तर प्रदेशद्वए रजत रू स्नेहदिल सिंह मान चंडीगढ़,कैडेट बालिका ;59 किग्रा से अधिक,स्वर्ण - स्निग्धा चक्रवती ;पश्चिम बंगाल, रजत-नव्या सिंह उत्तर प्रदेश, कांस्य -श्रेया रंजन झारखंड व दर्शना कोदवानी गुजरात,कैडेट बालिका 41 किग्रा से कम-स्वर्ण - हुनमोनी छेत्री ;आसाम, रजत - वैशाली कश्यप उत्तर प्रदेश कांस्य-आकांक्षा मुखर्जी पश्चिम बंगाल।

### तदर्थ समिति ने डब्ल्यूएफआई चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार करना शुरू किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत सरकार** के द्वारा भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के चुनावों के लिए 30 जून की समय सीमा निर्धारित करने के साथ आईओए (भारतीय ओलंपिक समिति) तदर्थ समिति ने मतदाता सूची एकत्र करके चुनाव कराने की दिशा में पहला कदम उठाया है। इन चुनावों के लिए निर्वाचक मंडल के गठन की जरूरत होगी। इन चुनावों से पहले तदर्थ समिति के तीसरे सदस्य (सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश) को नियुक्त किया जाना बाकी है। आईओए के सूत्र ने पीटीआई-भाषा से कहा, न्यायाधीश की नियुक्ति जल्द होगी। हम पहले से ही इस पर काम कर रहे हैं। हमें पिछले कार्यकाल से मतदाता सूची मिली है। देश के शीर्ष पहलवानों ने निवर्तमान डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न और डराने-धमकाने का आरोप लगाया था।